RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 8
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सेना की परिचालन तैयारी उच्चस्तरीय हो

राष्ट्रीय-9

# तीन दक्षिणी राज्यों में राज्यपालों के खिलाफ किलेबंदी हुई तेज

## केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में प्रदेश सरकारों और गवर्नर में टकराव और बढ़ा

- केरल सरकार विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से राज्यपाल को हटाने के लिए अध्यादेश लाएगी
- तमिलनाडु ने गवर्नर को हटाने की मांग की
- तेलंगाना की राज्यपाल ने फोन टैपिंग का लगाया आरोप

**कुमार चेलप्पन।** कोच्चि/चेन्नई



हैदराबाद राजभवन में पत्रकार वार्ता में राज्यपाल तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन

**दक्षिण** के तीन राज्यों में एक्शन और रोमांच से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर को देखने के लिए देश तैयार है। इन राज्यों का केंद्र पर आरोप है कि वह लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित राज्य सरकारों को राज्यपालों की मदद से अस्थिर करने का प्रयास कर रहा है।

जो राज्य राज्यपालों के खिलाफ किलेबंदी में जुटे हैं उनमें केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना शामिल हैं। केरल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच जारी विवाद बढ़ता जा रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की भाषा की तुलना कथित तौर पर आतंकवादियों से की, वहीं माकपा नेतृत्व वाली सरकार राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के पद से हटाने के लिए अध्यादेश लाने की तैयारी कर रही है। केरल में राज्यपाल और माकपा सरकार के बीच जारी सियासी जंग निकट भविष्य में खत्म होती नजर नहीं आ रही है क्योंकि दोनों पक्ष अपने अपने रुख पर अड़े हुए हैं।

राज्यपाल ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति में राज्य सरकार की कोई भूमिका नहीं है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का फैसला स्पष्ट है जबकि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियम सभी राज्यों के लिए समान हैं। उन्होंने कहा कि यदि केरल सरकार उचित तरीके से कुलाधिपति के पद से राज्यपाल को हटाने की जरूरत के बारे सूचित करती है तो मैं उसे राष्ट्रपति की सलाह के लिए अग्रसारित कर दूंगा। उन्होंने यह कहा कि पिनाराई विजयन की भाषा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने वाले शख्स के अनुकूल नहीं है। इससे पहले माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य विजयराघवन की पत्नी और केरल की उच्चतर शिक्षा मंत्री आर. बिंदू ने पत्रकारों से कहा कि राज्यपाल को कुलाधिपति के पद से हटाने वाला अध्यादेश तैयार है।

मंत्री ने कहा कि हमें उम्मीद है कि राज्यपाल बगैर कोई टालमटोल किए इस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसे करने का यही लोकतांत्रिक तरीका है। इस बीच, पड़ोसी राज्य तमिलनाडु में द्रमुक और ( शेष पेज 8 )

**मैंने** यह भी देखा है कि उन्होंने (सीएम पिनाराई विजयन) ने मुझे धमकी दी थी कि यदि मैं उनसे सवाल करता रहा तो उसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे।

**-केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान**

**राज्यपाल** को कुलाधिपति के पद से हटाने के लिए अध्यादेश तैयार है।

**-केरल की उच्चतर शिक्षा मंत्री, आर बिंदू**

**राज्यपाल** आरएन रवि ने संविधान और कानून के संरक्षण, रक्षा और बचाव के लिए और तमिलनाडु के लोगों की सेवा और भलाई के लिए खुद को समर्पित करने के लिए अनुच्छेद 159 के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन किया है।

**-द्रमुक**

**मुझे** संदेह है कि मेरे फोन टैप किए गए हैं। राज्य में अलोकतांत्रिक स्थिति है, खासकर राज्यपाल के सम्मान के संबंध में। मैं उन सभी चीजों को स्पष्ट करना चाहती हूं।

**तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन**

# नीरव मोदी को भारत लाने का रास्ता साफ

- लंदन हाईकोर्ट ने भगोड़े हीरा कारोबारी के प्रत्यर्पण का दिया आदेश
- ब्रिटेन की अदालत ने कहा, आत्महत्या का जोखिम प्रत्यर्पण से नहीं रोकता

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/लंदन



**भगोड़े** हीरा कारोबारी नीरव मोदी को लंबे कानूनी दांव पेच के बाद ब्रिटेन से भारत लाने का रास्ता लंदन उच्च न्यायालय के आदेश के बाद साफ हो गया है। लंदन उच्च न्यायालय ने प्रत्यर्पण के खिलाफ नीरव मोदी की मानसिक सेहत के आधार पर अपील बुधवार को खारिज कर दी। ज्ञात रहे कि नीरव पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) कर्ज घोटाला मामले में करीब दो अरब डॉलर की धोखाधड़ी करने के आरोपी हैं।

लंदन उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि नीरव के आत्महत्या करने का जोखिम उसके धोखाधड़ी और धनशोधन के आरोपों का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित करना अनुचित नहीं होगा। न्यायाधीश जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायाधीश रॉबर्ट जे ने अपने फैसले में कहा कि पिछले साल जिला न्यायाधीश सैम गूजी की वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत का प्रत्यर्पण के पक्ष में दिया आदेश सही था। न्यायाधीश जेरेमी स्टुअर्ट-स्मिथ और न्यायाधीश रॉबर्ट जे ने इस साल की शुरुआत में रॉयल कोर्ट्स ऑफ जस्टिस में नीरव की अपीलों पर सुनवाई की अध्यक्षता की थी। उच्च न्यायालय में अपील पर सुनवाई की अनुमति दो आधार पर दी गई थी-यूरोपीय मानवाधिकार समझौते (ईसीएचआर) के अनुच्छेद 3 के तहत और मानसिक सेहत से ही संबंधित प्रत्यर्पण अधिनियम 2003 की धारा 91 के तहत।

भगोड़े हीरा कारोबारी (51) के पास ब्रिटेन और यूरोप की अदालतों में आगे अपील दाखिल करने का विकल्प है और भारत में मुकदमे के लिए उसे वापस लाने की प्रक्रिया बहुत तेज होने की संभावना नहीं लगती। न्यायाधीशों ने आदेश में कहा कि हम इस बात से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं कि नीरव मोदी की मानसिक स्थिति और आत्महत्या करने का जोखिम इस तरह का है कि उसका प्रत्यर्पण करना अनुचित या दमनकारी होगा। फैसले में यह भी कहा गया कि भारत सरकार अपने आश्वासनों को उचित गंभीरता से लेगी। नीरव को कड़ी सुरक्षा मिलनी चाहिए जो मार्च 2019 में अपनी गिरफ्तारी के बाद से दक्षिण-पश्चिम लंदन में वैंड्सवर्थ जेल में बंद है। फैसले में विशेषज्ञ गवाह के बयान के आधार पर कहा गया है कि नीरव मोदी ने अभी तक मानसिक रोग का कोई लक्षण प्रदर्शित नहीं किया है। इसमें कहा गया कि उसने खुदकुशी के विचार को जताया है लेकिन कभी आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं की और ना ही ऐसा करने की कोई योजना का खुलासा किया। फैसले में यह भी माना गया ( शेष पेज 8 )

### दो मनोरोग विशेषज्ञों की गवाही अहम साबित हुईः सीबीआई

**नई दिल्ली।** नीरव मोदी के प्रत्यर्पण मामले पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कहा कि लंदन उच्च न्यायालय में अंतिम सुनवाई के दौरान दो मनोरोग विशेषज्ञों की गवाही मोदी की खराब मनोस्थिति के तर्क को खारिज करने में महत्वपूर्ण साबित हुई और इसके चलते फैसला भारत के पक्ष में आया। सीबीआई अधिकारियों ने कहा कि अंतिम सुनवाई के दौरान, विशेषज्ञों-कार्डिफ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एंड्र्यू फॉरेस्टर और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सीना फजल ने उच्च न्यायालय के समक्ष सबूत पेश किए और अदालत ने नीरव मोदी की अपील खारिज कर दी। सीबीआई ने नीरव मोदी मामले में भारत का पक्ष मजबूती से रखने के लिए शाही अभियोजन सेवा के अथक प्रयासों की सराहना करती है।

# छावला गैंग रेपः फैसले के खिलाफ अपील करेंगे परिजन



- सुप्रीम कोर्ट ने सात नवंबर को तीनों आरोपियों को किया था बरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** में 2012 के छावला सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीड़िता के परिजनों ने बुधवार को कहा कि वह तीन आरोपियों को बरी करने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के खिलाफ अपील करेंगे। तीनों पर फरवरी 2012 में 19 वर्षीय युवती का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म तथा हत्या करने के आरोप थे। महिला का क्षत-विक्षत शव तीन दिन बाद मिला था।

पीड़िता के पिता ने निर्णय पर निराशा जताते हुए कहा कि हम तीनों आरोपियों को बरी करने के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के खिलाफ अपील करेंगे। हम इस पर अंतिम फैसला लेने की प्रक्रिया में हैं और निर्णय पर पुनर्विचार के लिए जल्द ही अपील दायर करेंगे। पीड़िता ने परिवार ने सभी आरोपियों के लिए मौत की सजा की मांग की है। सभी दोषियों को फांसी पर लटकाया जाना चाहिए, तभी मेरी बेटी को न्याय मिलेगा।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने 2012 में तीनों दोषियों को सात नवंबर को बरी करते हुए कहा था कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ स्पष्ट सबूत नहीं पेश कर सका, जिनमें डीएनए प्रोफाइल तथा कॉल रिकार्ड (सीडीआर) से संबंधित साक्ष्य हैं। इस मामले में एक निचली अदालत ने 2014 में तीन आरोपियों को मौत की सजा सुनाई थी और मामले को दुर्लभ से दुर्लभतम करार दिया था। बाद में दिल्ली उच्च न्यायालय ने निर्णय को बरकरार रखा। पीड़िता की ( शेष पेज 8 )

# सुप्रीम कोर्ट से सपा नेता आजम खान को राहत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने नफरती भाषण मामले में दोषी पाए गए विधायक आजम खान को राहत प्रदान करते हुए बुधवार को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह खान की अयोग्यता के मद्देनजर रामपुर सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर फिलहाल 10 नवंबर तक अधिसूचना जारी न करे। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने विशेष सत्र अदालत को निर्देश दिया कि वह दोषसिद्धि पर रोक लगाने की समाजवादी पार्टी नेता आजम खान की अपील पर बृहस्पतिवार को ही सुनवाई करे और निर्णय भी ले। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश विधानसभा द्वारा खान ( शेष पेज 8 )

# देश के 50वें प्रधान न्यायाधीश बने जस्टिस चंद्रचूड़

- कहा, हर तरह से नागरिकों का ध्यान रखूंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश पद की शपथ दिलातीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**न्यायमूर्ति** धनंजय वाई. चंद्रचूड़ ने भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश के रूप में बुधवार को पद की शपथ ली। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ अयोध्या विवाद, निजता का अधिकार जैसे अहम मुकदमों में फैसला देने वाली अहम पीठ का हिस्सा रहे हैं।

चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के लोगों की सेवा करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, आम जनता की सेवा करना मेरी प्राथमिकता है। कृपया भरोसा रखें, मैं देश के सभी नागरिकों के लिए काम करूंगा। चाहे प्रौद्योगिकी हो या रजिस्ट्री हो...या न्यायिक सुधार हो, मैं हर मामले में नागरिकों का ध्यान रखूंगा। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका का नेतृत्व करना बहुत बड़ा अवसर और जिम्मेदारी है। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। उन्होंने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी भाषा में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति ने उन्हें 17 अक्टूबर को अगला सीजेआई नियुक्त किया था।

वह 13 मई 2016 को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किए गए। उन्होंने न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित की जगह ली है, जिनका कार्यकाल आठ नवंबर को पूरा हुआ। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 तक दो साल के लिए इस पद पर रहेंगे। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश 65 साल की उम्र में सेवानिवृत्त होते हैं। उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और किरेन रिजिजू शपथ समारोह में शामिल हुए। पूर्व प्रधान न्यायाधीश ललित भी समारोह में मौजूद थे।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ देश में सबसे लंबे समय तक सीजेआई रहे न्यायमूर्ति वाई. वी. चंद्रचूड़ के बेटे हैं। उनके पिता 22 फरवरी 1978 से 11 जुलाई 1985 तक भारतीय न्यायपालिका के प्रमुख रहे थे। भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सात दशक से अधिक लंबे इतिहास में यह पहला मौका है ( शेष पेज 8 )

# धनशोधन मामले में संजय राउत को मिली जमानत

- बेल पर तत्काल रोक लगाने से हाईकोर्ट ने किया इनकार, ईडी की अर्जी पर आज होगी सुनवाई
- उद्धव नीत शिवसेना ने कहा, शेर लौट आया

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**मुंबई** की एक विशेष अदालत ने पात्रा चाल पुनर्विकास परियोजना से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत को बुधवार को ज़मानत दे दी। मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत से ज़मानत आदेश को शुक्रवार तक प्रभावी नहीं करने का अनुरोध किया था जिसे अदालत ने खारिज कर दिया।

इसके बाद ईडी ने बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर जमानत आदेश पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने, हालांकि ईडी को कोई राहत देने से इनकार कर दिया कि जब जमानत मंजूर की जा चुकी है तो वह दोनों पक्षों को सुने बिना ऐसी रोक नहीं लगा सकती। अदालत ने कहा कि वह इस मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगी। विशेष अदालत से जमानत मिलने के कुछ घंटे बाद संजय राउत बुधवार शाम मुंबई की आर्थर रोड जेल से बाहर आए। वह करीब तीन महीने से जेल में थे।

उधर, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना ने पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय राउत को जमानत दिए जाने के बाद कहा कि शेर लौट आया है। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की प्रवक्ता सुषमा अंधारे ने संवाददाताओं से कहा कि जब तक पार्टी में संजय राउत जैसे नेता हैं, उसे कोई डर नहीं है। पार्टी की उप नेता ने कहा, टाइगर इज बैक ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,033 | ↓ 151 | |
| निफ्टी | 18,157 | ↓ 45 | |
| सोना | 51,747 | ↓ 141 | /10g |
| चांदी | 62,400 | ↑ 132 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भाजपा विधायक राजा सिंह को रिहा करने का आदेश

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने एहतियाती हिरासत अधिनियम के तहत गिरफ्तार निलंबित भाजपा विधायक टी. राजा सिंह को बुधवार को जेल से रिहा करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभिषेक रेड्डी और न्यायमूर्ति जे. श्रीदेवी की पीठ ने विधायक को आदेश दिया कि रिहाई के बाद वह किसी भी धर्म के खिलाफ भड़काऊ भाषण न दें या किसी भी सोशल मीडिया मंच पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट न करें या किसी भी उत्सव रैली या बैठक में भाग न लें। पैगंबर मोहम्मद और इस्लाम के खिलाफ टिप्पणी से संबंधित एक मामले में जमानत मिलने के कुछ दिनों बाद, पुलिस ने 25 अगस्त को गोशामहल से विधायक राजा को एहतियाती हिरासत अधिनियम के एक प्रावधान के तहत गिरफ्तार किया था।

# जुकरबर्ग ने 11 हजार कर्मचारियों को निकाला

- फेसबुक-व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम से किए गए बाहर, 18 साल में पहली बार इतनी बड़ी छंटनी
- राजस्व में आई गिरावट को बताया कारण

**एपी।** न्यूयॉर्क




**फेसबुक** की मूल कंपनी मेटा ने अपने 13 प्रतिशत या लगभग 11,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार को कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि कमाई में गिरावट और प्रौद्योगिकी उद्योग में जारी संकट के चलते यह फैसला करना पड़ा। छंटनी के बारे में जुकरबर्ग ने बयान में कहा, दुर्भाग्य से, यह मेरी अपेक्षा के अनुरूप नहीं हैं। उन्होंने कहा, ऑनलाइन कॉमर्स के पिछले रुझान वापस आ गए हैं, लेकिन इसके साथ ही व्यापक आर्थिक मंदी, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और विज्ञापन घटने के संकेत के चलते हमारी आय मेरी अपेक्षा से बहुत घट गई है। मैंने इसे गलत ढंग से समझा और मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं।

इससे पहले अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद वहां बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया था। पिछले सप्ताह ट्विटर ने अपने 7,500 कर्मचारियों में से लगभग 50 प्रतिशत को बाहर कर दिया था। दूसरी सोशल मीडिया कंपनियों की तरह मेटा ने भी महामारी के चलते लागू किए गए लॉकडाउन के दौरान जोरदार वृद्धि दर्ज की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग घर पर रहे और उन्होंने अपने फोन तथा कंप्यूटर पर अधिक वक्त बिताया। हालांकि, लॉकडाउन खत्म होने के बाद लोग बाहर जाने लगे और इन कंपनियों की कमाई डगमगाने लगी। मेटा की आय के सबसे बड़े स्रोत - ऑनलाइन विज्ञापन में कमी और आर्थिक मंदी के चलते ( शेष पेज 8 )

# नेपाल में भूकंप से छह लोगों की मौत

- यूपी समेत पांच राज्यों में देर रात महसूस किए गए झटके

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, देहरादून, काठमांडो



नेपाल के डोटी में आए भूकंप के बाद राहत और बचाव कार्य में लगी सेना

**हिमालई** क्षेत्र में मंगलवार को देर रात आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है और पांच अन्य घायल हो गए। भूकंप के झटके नेपाल के कुछ हिस्सों और उत्तरी भारत में भी महसूस किए गए, जिससे गहरी नींद में सो रहे लोग आधी रात को अचानक घरों से बाहर भागने लगे।

भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार, देर रात एक बजकर 57 मिनट पर 6.3 तीव्रता का भूकंप आया, जिसका केंद्र उत्तराखंड के पिथौरागढ़ से लगभग 90 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में नेपाल में था। इस क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से कम तीव्रता के भूकंप के झटके कई बार महसूस किए गए हैं। एनसीएस के अनुसार, उत्तराखंड-नेपाल क्षेत्र में तड़के तीन बजकर 15 मिनट पर और सुबह छह बजकर 27 मिनट पर क्रमशः 3.6 और 4.3 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। नेपाल के राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, नेपाल में देर रात दो बजकर 12 मिनट पर 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र डोटी जिले में था। इससे पहले पश्चिमी नेपाल में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। मंगलवार रात नौ बजकर सात मिनट पर 5.7 तीव्रता का और इसके कुछ देर बाद रात नौ बजकर 56 मिनट पर 4.1 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस हुआ।

नेपाल के गृह मंत्रालय के प्रवक्ता फणींद्र पोखरेल ने बताया कि भूकंप से छह लोगों की मौत हो गई। पोखरेल ने पीटीआई-भाषा को फोन पर बताया कि गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को डोटी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूंकप में एक पुलिस चौकी और आठ मकानों के ढहने की सूचना है। नेपाल के डोटी जिले के पुलिस कार्यालय के कार्यवाहक प्रमुख भोला भट्टा ने बताया कि भूकंप के दौरान कई मकान क्षतिग्रस्त हुए और उसके मलबे में दबने से लोगों की मौत हुई है। नेपाल की सेना और पुलिस राहत एवं बचाव अभियान में जुटे हुए हैं। दिल्ली और उसके पड़ोसी शहर गाजियाबाद तथा गुरुग्राम और यहां तक कि लखनऊमें भी झटके महसूस किए गए। पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, ऊधम सिंह नगर, नैनीताल, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, पौड़ी, हरिद्वार, उत्तरकाशी और देहरादून जिले सहित उत्तराखंड में कई स्थानों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। इन स्थानों पर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। उनमें से कई ने अपने मोबाइल फोन पर अपने रिश्तेदारों को संदेश भेजा, उन्हें उनकी सुरक्षा के बारे में सूचित ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 नवंबर, 2022



# यमुना प्राधिकरण ने 15 बिल्डरों को दिया झटका, आवंटन किया रद्द

**● अथॉरिटी की बकाया धनराशि, किसानों को दिए जाने वाला अतिरिक्त मुआवजा नहीं जमा करने पर कार्रवाई**



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

जहां एक तरफ नोएडा और ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी देनदारी और बायर्स को पजेशन नहीं देने वाले बिल्डरों पर कोई कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

वहीं यमुना अथॉरिटी एक बाद एक बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दे रही है। यमुना अथॉरिटी ने वर्ष 2011 में 21 बिल्डरों को टाउनशिप बसाने के लिए लाखों वर्ग मीटर जमीन का आवंटन किया था, लेकिन 7 बिल्डरों को छोड़कर बाकी 15 बिल्डर टाउनशिप बसाने के लिए कोई नक्शा पास नहीं करा रहे थे।

इसके अलावा अथॉरिटी की बकाया धनराशी, किसानों को दिए जाने वाला एक्सटा मुआवजा भी जमा नहीं करा रहे हैं। यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ अरूणवीर सिंह की सख्ती के आगे बिल्डरों की एक नहीं चली। बिल्डरों ने तमाम तरह के हथकंडे अपनाए, लेकिन सीईओ डॉ अरूणवीर सिंह की स्वच्छ छवि और ईमानदारी एक कदम भी पीछे नहीं हटा सकी।

सीईओ ने बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम उठाते हुए जहां 21 में से 15 बिल्डरों के प्लॉट का आवंटन निरस्त करते हुए जमीन वापस ले ली। वहीं बिल्डरों की जमा धनराशी को भी जब्त कर लिया। यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ अरूणवीर सिंह ने बताया कि इन 15 बिल्डरों के आवंटन निरस्त किए गए हैं।

**इन बिल्डरों पर गिरी गाज**

1.श्री सी रेजिडेसी
2.सुक्रती इंफ्राकोन
3.लोटस बिल्ट मार्ट
4.कॉसमिस इंफ्रा डवलपर्स
5.श्री सी होमस
6.यूजी इंफ्राटेक्र
7.टवेली प्रॉजेक्ट
8.सनवाईट इंफ्राटेक
9.प्रथम रियलवेंचर
10.ग्रोथ इंफ्रा डवलपर्स
11.अजनारा इंडिया लिमिटेड
12.सिलवर लाईन फरनिशिंग
13.एसडीएस हाउसिंग
14.एचसी इंफ्रा सिटी

## ग्रेनो प्राधिकरण ने 33 हजार वर्ग मीटर जमीन कब्जे से मुक्त कराई

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को धूम मानिकपुर में हो रहे अतिक्रमण पर बुल्डोजर चलाया। करीब 33 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली कराया।

कालोनाइजर अवैध निर्माण कर इसे कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। खाली कराई गई जमीन कीमत करीब 66 करोड़ रुपये आंकी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रभारी जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव ने बताया कि वर्क सर्किल दो के प्रभारी चरण सिंह के नेतृत्व में प्रबंधक प्रताप सिंह व सहायक प्रबंधक राजेश निम की टीम ने बुधवार को धूम मानिकपुर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। धूम मानिकपुर के खसरा नंबर 1974, 1975, 1985 में पूर्ण और खसरा नंबर 2020, 2014 और 2018 के आंशिक भू भाग की 33 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा किया जा रहा था। सुरक्षा कर्मियों की मदद से इन खसरा नंबरों की जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को हटा दिया गया।

## फिल्म सिटी में 32 कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी

**● प्री बिड मीटिंग में सुझाव और आपित्तयों को लेकर हुई चर्चा**



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी के निर्माण प्रोजेक्ट की बैठक में देशी-विदेशी 32 कंपनी प्री बिड में शामिल हुई। इस सभी कंपनियों की जांच होगी। जांच के बाद जो भी रिपोर्ट आएगी, उसके आधार पर आगे का काम होगा। इसके अलावा कुछ कमियां भी पाई गई हैं। जिनको दूर करने का समय गुरुवार शाम 5:00 बजे तक दिया गया है।

इस बैठक में औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव सूचना, उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव नियोजन, प्रमुख सचिव एमएसएमई और यमुना अथॉरिटी के सीईओ समेत कई अफ सर प्री बिड में शामिल हुए। यमुना अथॉरिटी के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने बताया कि फिल्म सिटी का ग्लोबल टेंडर निकलने के बाद अभी तक फिल्म सिटी के निर्माण के लिए देश-विदेश की 32 कंपनी लिस्ट में शामिल हो चुकी हैं।

7 नवंबर को हुई प्री बिड मीटिंग में सुझाव और आपित्तयों पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि इसके बाद 16 दिसंबर को फिल्म सिटी का फ इनल बिड ओपन की जाएगी। जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास देश की सबसे बड़ी फिल्म सिटी बसाने का सपना जल्द पूरा हो सकेगा। यहां पर तमाम तरह की फि ल्म की शूटिंग से लेकर स्टूडियो आदि सभी सुविधा एक ही छत के तले होगी।

# रक्षा मंत्रालय के अधिकारी के बेटे का शव मिला

**● पिता ने चार दोस्तों पर लगाया हत्या करने का आरोप**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के ज्ञान खंड में रहने वाले रक्षा मंत्रालय में अधिकारी के लापता बेटे का शव दिल्ली में रेलवे ट्रैक पर मिला। बेटा 31 अक्टूबर को दोस्तों से मिलने गया था। मृतक की आर. 15 बाइक और मोबाइल नहीं मिला। बेटा बीकाम का छात्र था।

पिता ने चार दोस्तों पर हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। हीरा सिंह रक्षा मंत्रालय सहायक खंड अधिकारी हैं। वह परिवार के साथ इंदिरापुरम के ज्ञान खंड में रहते हैं। उनका बड़ा बेटा इंजीनियर है और 22 वर्षीय छोटा बेटा सौरभ सिंह नेगी बीकाम कर रहा था। साथ में प्रतियोगी परीक्षा की भी तैयारी कर रहा था। 31 अक्टूबर को सौरभ दिल्ली के विनोद नगर में अपने दोस्त से मिलने की बात कहकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापिस नहीं लौटा। स्वजन ने काफी तलाश की लेकिन सुराग नहीं लगा। तीन नवंबर को पिता हीरा सिंह ने इंदिरापुरम थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

पुलिस ने उसके एक दोस्त से पूछताछ की थी। जिसके बाद मंगलवार को पुलिस दिल्ली के गणेश नगर क्षेत्र के जीआरपी थाने में पहुंची। यहां पर पता चला की सौरभ का शव मोर्चरी पर रखा था। छात्र का मोबाइल और आर-15 बाइक की पुलिस तलाश कर रही है। पीड़ित का मोबाइल जेब में नहीं था। पिता हीरा ने बताया दोस्तों ने बेटे की हत्या कर हादसा दिखाने के लिए शव को ट्रेन के आगे फेंक दिया है। पुलिस ने उसके एक दोस्त से पूछताछ भी की है। उनका आरोप है कि हत्या करने के बाद बेटे की जेब में नशीला पदार्थ रख दिया गया। जिससे लगे कि उसने नशे की हालत में आत्महत्या कर ली है। जबकि वह नशा नहीं करता था।

## गैर हाजिर चार शिक्षकों को नौकरी से निकाला

**नोएडा।** बेसिक शिक्षा विभाग ने बिना सूचना दिए लंबे समय से गैर हाजिर चार शिक्षकों को नौकरी से निकाल दिया है। इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी और बीएलओ ने जांच की थी। शिक्षकों को अपना पक्ष रखने का समय भी दिया था।

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दादरी के उटावली गांव के कम्पोजिट स्कूल में तैनात राखी अग्रवाल तीन जुलाई 2017 से गैर हाजिर थीं।

कम्पोजिट स्कूल घंघौला में तैनात रीना 11 मार्च 2019 से गैर हाजिरी थीं। खरेली के सरकारी स्कूल में तैनात स्वाति 15 जुलाई 2019 के बाद उपस्थित नहीं हुई थीं।

# गाजियाबाद मेयर सीट सामान्य वर्ग के लिए होगी आरक्षित!

**● नगर निगम के सभी 100 वार्डों के आरक्षण की दूसरी सूची तैयार कर प्रशासन को मंजूरी के लिए भेजी**



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम के सभी 100 वार्डों के आरक्षण की दूसरी सूची तैयार कर प्रशासन को मंजूरी के लिए भेजी जा चुकी है। अब सभी की नजर इस पर टिकी है कि इस बार मेयर की सीट का आरक्षण किस वर्ग या श्रेणी के लिए होने जा रहा है। इसपर राजनीति के कई चाणक्य नजर लगाए हुए हैं।

वहीं, सूत्रों का दावा है कि इस बार गाजियाबाद के मेयर सीट सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होने की संभावना है। हालांकि इसकी अभी कोई अधिकृत घोषणा नहीं हुई है।

उम्मीद जताई जा रही है कि 25 नवंबर से पहले मेयर सीट के लिए आरक्षण की अधिसूचना जारी होने की पूरी उम्मीद है। मेयर पद के लिए आरक्षण को लेकर वैसे बीजेपी में ही घमासान बचा हुआ है। ऐसे नेता जो राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी माने जाते हैं, वे भी अब बैक फुट पर हैं। दरअसल एक प्रभावशाली नेता का रुतबा प्रशासन से लेकर शासन तक नजर आ रहा है। सामाजिक कार्यों के साथ कई अन्य संगठनों से जुड़े इस नेता के प्रभाव को बीजेपी के एक विधायक काफी बड़े स्तर पर प्रचारित कर रहे हैं। इस लॉबी का सबसे पहले मकसद गाजियाबाद की सीट को सामान्य घोषित कराना है और इसमें वह कामयाब भी होते नजर आ रहे हैं। इसकी पूरी संभावना है कि अगर सीट सामान्य रहती है तो बीजेपी के मेयर पद के प्रत्याशी वैश्य समाज से हो सकते हैं। सूत्रों का दावा है कि कई टिकट मांगने वाले बीजेपी नेता मेयर आरक्षण की अधिसूचना जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। मगर, कई नेता अभी से ही सियासी जंग में आगे निकलने की कोशिश में हैं। दूसरी ओर बीजेपी संगठन इस मामले में अभी चुप्पी साधे हुए हैं। बीजेपी संगठन भी अभी शासन की ओर से मेयर सीट के आरक्षण होने का इंतजार कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार




प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर वीपी सिंह व अन्य पदाधिकारी।

### अद्भुत भारत-संपन्न भारत में दिया जाएगा अवार्ड: डॉ वीपी

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अद्भुत भारत-संपन्न भारत का आयोजन नेशनल एंटी करप्शन कमीशन एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद द्वारा गोवा में आयोजित किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड भी दिए जाएंगे। नोएडा मीडिया क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान डॉक्टर वीपी सिंह ने बताया 21 जनवरी 2023 को गोवा में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन होने जा रहा है जिसमें राष्ट्र गौरव सम्मान, डॉ श्री गौरव सम्मान, पृथ्वी रत्ना अवार्ड, ग्लोबल पीस अवार्ड, इंटरनेशनल चिल्ड्रंस अवार्ड देश विदेश की जानी मानी हस्तियों को प्रदान किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ हरीश मखीजा ने बताया कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि सभी लोगों को सामाजिक विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए तभी देश विकसित होगा। संस्था के निदेशक सौरभ सचान व प्रियंका शर्मा, उपनिदेशक दीपक कुमार, रोहित कुमार, रोशनी सिंह एवं मैनेजर घनश्याम यादव और संगठन के समस्त पदाधिकारियों ने मिलकर बताया कि हमें समाज में सामाजिक समरसता लाने की जरुरत है।

### नई-नवेली दुल्हन घर से लापता

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर 39 थानाक्षेत्र के हरिभजन हरिजन बस्ती में एक व्यक्ति की नई- नवेली दुल्हन घर से फरार हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव बालियान ने बताया कि हरिजन बस्ती के गुड्डू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सात दिन पहले उसकी शादी हुई थी और वह अपनी पत्नी को लेकर हरिजन बस्ती स्थित अपने घर पहुंचा। बालियान ने बताया कि युवक का आरोप है कि सात दिन बाद उसकी नई- नवेली दुल्हन घर से लापता हो गई है। उनके अनुसार पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस बीच, पीड़ित ने शक जाहिर किया है कि उसकी पत्नी किसी व्यक्ति के साथ घर से चली गई है। बालियान के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस ने 48 पव्वै अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार किया। कार्यवाहक थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस टीम ने फफराना रोड पर रात गश्त के दौरान संदिग्ध हालात में जा रहे युवक को रुकने के लिए कहा। वह भागने लगा। पुलिस टीम पीछा करके उसे पकड़ा लिया। युवक शराब तस्कर बताया जा रहा है, जिसकी पहचान विकास निवासी ब्रह्मपुरी कॉलोनी, मोदीनगर के तौर पर की गई है। आरोपी के पास से 48 पव्वै प्रतिबंधित शराब व एक चाकू भी बरामद किया गया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में पति पर केस दर्ज

**गाजियागाद।** राधा एंक्लेव कॉलोनी एक महिला अपने पति व उसके परिजनों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पति समेत छह लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, राधा एंक्लेव कॉलोनी में इशिका वर्मा अपने परिवार के साथ रहती हैं। इशिका के अनुसार उनके पति सचिन व उनके परिवार के लोग दहेज में कार न लाने के नाम पर आए दिन उनके साथ मारपीट व गलौज करते हैं। ससुराल के अत्याचारों से परेशान होकर पीड़िता ने इस बारे में अपने परिजनों को बताया है। आरोप है कि दो दिन पीड़िता के पति व भाई उसकी आए तो आरोपियो ने दोनों के साथ मारपीट करके घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे भी पीटकर घर से निकाल दिया।

# कुत्तों का आतंक, सोसाइटी में दो लोगों को नोच डाला

**● खाना डालने वाले रेजिडेंट्स के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन**



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

क्रासिंग रिपब्लिक स्थित पंचशील वेलिंग्टन सोसायटी में मंगलवार को चार आवारा कुत्तों ने महिला व बच्चे पर हमला किया। बच्चे को गंभीरावस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद सोसाइटी के लोगों ने आवारा कुत्तों को खाना डालने वाले रेजिडेंट्स के खिलाफजमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

लोगों का कहना है कि इन सभी लोगों के खिलाफनामजद शिकायत देंगे। पंचशील सोसायटी में कृति पांडेय परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति चमन पांडेय आइटी कंपनी में कार्यरत हैं। मंगलवार सुबह कृति पांडेय सोसायटी के बेसमेंट में पहुंची। तभी चार कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। उनके चेहरेए नाक व हाथ पर काटा।

शोर सुनकर अन्य लोग पहुंचे और उन्हें कुत्तों से बचाया। वहीं रात करीब आठ बजे आइटी कंपनी में कार्यरत अभिषेक का तीन वर्षीय बेटा अर्थव ग्राउंड फ्लोर पर खेल रहा था। मां नेहा उसके साथ मौजूद थी। वह मां का हाथ छुड़ाकर खेलते हुए अचानक बेसमेंट में पहुंच गया। वहां मौजूद चार आवारा कुत्तों ने बच्चे पर हमला करते हुए कमर व चेहरे पर काट लिया। मां नेहा ने अन्य रेजिडेंट्स की मदद से उसे कुत्तों से किसी तरह बचाया। बच्चे को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत सामान्य बनी हुई है।

मंगलवार रात अनिल शर्मा, आरके राठी समेत काफी संख्या में रेजिडेंट्स सोसायटी में एकत्र हो गए। उन्होंने सोसायटी में कुत्तों को खाना खिलाने वालों के खिलाफजबरदस्त नारेबाजी की।

लोगों ने कहा कि कुछ रेजिडेंट्स बेसमेंट में कुत्तों को खाना खिलाते हैं। इसी कारण बेसमेंट में कुत्तों एकत्र रहते हैं। उन्हीं के कारण उपरोक्त घटनाएं हुई हैं। सोसायटी में कुत्तों को खाना खिलाने पर पूरी तरह प्रतिबंध होना चाहिए।

## मामूली विवाद पर दो समुदाय के लोग आपस में भिड़े, 8 गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा इलाके के थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के गिझौड़ गांव में रहने वाले दो समुदाय के लोगों के बीच रास्ते में गलत तरीके से बातचीत करने को लेकर बीती रात आपस में जमकर मारपीट हुई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस उपायुक्त आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि पकड़े गए लोगों की पहचान मनोज चौहान ,विशाल चौहान, संग्राम चौहान ,भरत चौहान, यामीन, साहिल, आसिफ, और सलमान के रूप में की गई है। इस मामले में हिंदूवादी संगठन के लोगों ने आज दोपहर को थाने पर पहुंचकर अपना विरोध जताया है।

द्विवेदी ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष आपस में समझौता करने को तैयार हैं। उन्होंने बताया कि मनोज और यामीन पक्ष में बीती रात को रास्ते में खड़े होकर गलत तरीके से बातचीत करने के कारण विवाद पैदा हो गया था।

## बिजली का करंट लगने से संविदा कर्मचारी की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

बुलंदशहर में कुछ दिन पूर्व बिजली के खंभे पर चढ़कर काम करते समय करंट लगने से बुरी तरह झुलस गए एक संविदा विद्युत कर्मी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

सेक्टर 49 थाने के प्रभारी निरीक्षक यशपाल धामा ने बताया कि बुलंदशहर जनपद में बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में काम करने वाले हृदएश को कुछ दिन पूर्व बुलंदशहर में बिजली के खंभे पर चढ़कर काम करते समय करंट लग गया था। उन्होंने बताया कि अत्यंत गंभीर हालत में उनके परिजनों ने उन्हें उपचार के लिए नोएडा के सेक्टर 50 स्थित नियो अस्पताल में भर्ती करवाया जहां उपचार के दौरान मंगलवार शाम को उसकी मौत हो गई।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की कार्वाई जनपद बुलंदशहर पुलिस द्वारा की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## संभव कार्यक्रम में अफसरों ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**गाजियाबाद।** आम लोगों की शिकायतों की सुनवाई के लिए संभव कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। संभव कार्यक्रम के दौरान समाचार लिखे जाने तक 13 शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी थीं।

सुबह दस बजे से शुरू हुए इस कार्यक्रम में अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार यादव, चीफइंजीनियर, हेल्थ अफ सर, उद्यान प्रभारी डॉ अनुज सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। दूसरी ओर नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने भी अपने कक्ष में लोगों की शिकायत सुनीं। इसके बाद उन्होंने भी संभव कार्यक्रम में जनसुनवाई की।



पुलिस कार्यालय में अपनी शिकायत लेकर आये लोगों से बातचीत कर वादों का मौके पर निस्तारण करते एसएसपी मुनिराज

# निगम चुनाव: बिखरी कांग्रेस को एकजुट करने की चुनौती

**● नवनियुक्त पश्चिम यूपी अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के जिले में आगमन पर जिला और शहर कमेटी ने एक सप्ताह में अलग-अलग दो कार्यक्रम तय किए**



**● गुटबाजी के चलते लगातार चुनाव हार रही है सबसे पुरानी पार्टी**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी देश भर में भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं वहीं दूसरी ओर गाजियाबाद में संगठन के पदाधिकारी ही एक नहीं हो पा रहे हैं। नवनियुक्त पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष नसीमुद्दीन सिद्दीकी के जिले में आगमन पर जिला और शहर कमेटी ने एक सप्ताह में अलग-अलग दो कार्यक्रम लिए हैं। कांग्रेस की गुटबाजी को दूर कर पदाधिकारियों को एकजुट करना नसीमुद्दीन के लिए बड़ी चुनौती होगी।

देश में आठ और प्रदेश में करीब 32 वर्षों से कांग्रेस सत्ता से दूर है। यहां जिला और महानगर में जिसके हाथ में नेतृत्व की कमान दी गई। उसी पर अपने को हाईकमान के समक्ष चमकाने और अपनों को पदों के रूप में रेवड़ियां बांटने का आरोप लगा। वहीं, जिला और महानगर अध्यक्ष और कमेटी पदाधिकारियों के बीच बढ़ती दूरियां भी पार्टी के लिए हर चुनाव में नुकसानदेह साबित हुई। खुद को दूसरे से बेहतर बताने की जुगत में नेताओं की जिद के आगे कांग्रेस निकाय चुनाव में अभी तक दूसरों के आगे बौनी नजर आ रही है। पार्टी की जिला और महानगर इकाई ट्रेन की पटरी की तरह साथ होकर भी कभी न मिलने वाली राह पर हैं।

बात करने पर दोनों एकजुटता की बात जरूर कर रहे हैं, लेकिन पार्टी के एक नेता के अलग.अलग कार्यक्रम करने या एक दूसरे के कार्यक्रमों में न पहुंचने का सिलसिला आपसी गुटबाजी को बढ़ा रहा है। विधानसभा चुनाव 2022 से ऐन पहले सपा में शामिल हुए पार्षद जितेंद्र पाल ने चुनाव बाद कांग्रेस में आस्था जता दी, जिन्हें कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए वापस कांग्रेस में वापसी कराई।

इस पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने नाराजगी जाहिर करते हुए शिकायत पार्टी हाईकमान से की थी। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लोकेश चौधरी ने कहा कि महानगर का अलग कार्य क्षेत्र और कार्यालय अलग हैं। हमारे क्षेत्र में नगर निगम गाजियाबाद मेयर और 100 वार्ड आते हैं, जबकि जिला कांग्रेस का कार्यालय और कार्य क्षेत्र अलग है। उनके क्षेत्र में नगर पालिका और नगर पंचायत आते हैं। वैसे सब एकजुट हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिजेंद्र यादव ने कहा कि जिले में कांग्रेसी एकजुट है, जहां कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी निराश हैं उन्हें सक्रिय किया जा रहा है। जहां बदलने की आवश्यकता है बदलने की कसरत की जा रही है। अभी पांच नवंबर के नसीमुद्दीन सिद्दीकी के कार्यक्रम में गैरहाजिर पदाधिकारियों से जवाब मांगा जा रहा है। हालांकि पार्टी दावा कर रही है कि उनके यहां गुटबाजी नहीं है।

## 24 गांवों के किसानों ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव भारी पुलिस बल तैनात

**नोएडा।** दादरी के रसूलपुर में एनटीपीसी से प्रभावित 24 गांवों के किसान बुधवार को सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट पर धरना देने पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कलेक्ट्रेट परिसर में घुसाने का प्रयास किया, जिसको लेकर पुलिस से झड़प हो गई।

पिछले सप्ताह एनटीपीसी परिसर के समीप धरना दे रहे किसानों पर लाठीचार्ज किया गया था, इस दौरान 13 किसानों को पुलिस ने जेल भेज दिया था। किसानएक समान मुआवजा व रोजगार की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। इसके विरोध में किसान अपनी मांगों को पूरा करने के साथ जेल भेजे गए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 नवंबर, 2022



# एमसीडी चुनाव के लिए आज केजरीवाल करेंगे 10 वादे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के चुनावी रण में आम आदमी पार्टी (आप) 10 गारंटी योजना के साथ उतरेगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बुधवार को कहा कि एमसीडी चुनाव को लेकर आप के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ हुई बैठक में 10 गारंटी योजना के साथ चुनावी मैदान में उतरने का फैसला लिया गया। सिसोदिया ने कहा कि इस गारंटी योजना को बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री लांच करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता में पत्रकारों से कहा कि दिल्ली के लोग एमसीडी में ऐसी सरकार चाहते हैं जिससे एमसीडी में भाजपा के 15 साल के कुशासन, भ्रष्टाचार, कूड़े के पहाड़ों और अव्यवस्था से उनको मुक्ति मिल सके। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने पिछले 15 साल में दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। भाजपा शासित एमसीडी ने राजधानी को चारों तरफ कूड़े के पहाड़ खड़ा करने के साथ प्रदेश के हर कोने, हर गली, हर पार्क में कूड़ा फैला दिया है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर हुई बैठक में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, विधायक और वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

### सभी विधायकों के साथ बैठक

एमसीडी चुनाव को लेकर उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय के नेतृत्व में भी एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमे पार्टी के सभी विधायक शामिल हुए। बैठक में एमसीडी की 250 सीटों पर चुनाव की तैयारी के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

सिसोदिया ने भाजपा पर व्यापारियों और छोटे-छोटे दुकानदारों के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में एक आम आदमी को तब तक अपना मकान बनाने नहीं दिया जाता है, जब तक कि भाजपा के किसी व्यक्ति को पैसा नहीं चढ़ा दिया जाए। सिसोदिया ने कहा कि बैठक में सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा के साथ आम आदमी, व्यापारी की सहूलियत के साथ निगम स्कूल-अस्पतालों की सेवाओं को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।

उन्होंने कहा कि एमसीडी के लिए केजरीवाल की गारंटी में कुल 10 गारंटी होगी, जिसे मुख्यमंत्री दिल्ली की जनता के सामने रखेंगे।




### बारीकी से जांच के बाद बनेगी अंतिम सूची

मनीष सिसोदिया ने टिकट बंटवारे के सवाल के जवाब में कहा कि टिकट लेने के लिए बहुत से लोगों ने दावेदारी की है। पार्टी टिकट मांगने वाले सभी लोगों का अच्छी तरह से सर्वे करवाने के बाद ही प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### कूड़े पर जनसंवाद

आम आदमी पार्टी ने 8 नवंबर से 'कूड़े पर जनसंवाद' अभियान की शुरुआत भी की है। जनसंवाद के माध्यम से पार्टी के पदाधिकारी लोगों से कूड़े से जुड़ी समस्याओं को सुनेंगे और उनके समाधान पर चर्चा करेंगे। 20 नवंबर तक दिल्ली के सभी 13682 बूथों पर 'कूड़े पर जनसंवाद' किए जाएंगे।

### हर दिन 500 जनसभा

दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बताया कि 'आप' विधायकों के नेतृत्व में हर दिन लगभग 500 जनसभा होगी। साथ ही, 'आप' के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक-एक इलाके में जाकर हर व्यक्ति से मिलेंगे और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश करेंगे।

# पार्ट टाइम सीएम केजरीवाल काम छोड़ भ्रमण में व्यस्त: लेखी

- लगाया आरोप, पर्यावरण सेस के रूप में मिले 1286.93 करोड़ अपने राजनीतिक पर्यटन में बहा दिये



*नई दिल्ली। निगम चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा और आम आदमी पार्टी में सियासत बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। उन्होंने केजरीवाल को पार्ट टाइम मुख्यमंत्री करार दिया और कहा सीएम को दिल्ली वालों की कोई चिंता नहीं है। वह राजनीतिक भ्रमण में व्यस्त हैं। आप की सरकार वायु प्रदूषण के रोकथाम के लिए काम करने की जगह राजनीति कर रही है। मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने न तो आधारभूत ढांचा बनाने पर ध्यान दिया गया और न स्माग टावर लगे और न प्रदूषण से बचाव व बीमार होने पर प्राथमिक उपचार को लेकर लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। दिल्ली सरकार ने दस स्माग टावर बनाने की घोषणा की थी, लेकिन सिर्फ एक बना और वह भी काम नहीं कर रहा है। करीब 22 करोड़ की लागत से बने इस टावर के रखरखाव पर हर महीने 80 लाख खर्च हो रहे हैं लेकिन दिल्ली वालों को इसका लाभ नहीं मिल रहा।*



गाजीपुर में गिरी दीवार देखने पहुंचे डिप्टी सीएम सिसोदिया। फोटो: रंजन डिमरी।

# जीत मिली तो गायब होंगे कूड़े के ढेर : सिसोदिया

- उपमुख्यमंत्री का दावा, एमसीडी ने गाजीपुर के आसपास के क्षेत्र में फेंका कूड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दावा किया कि लोग भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का कचरा साफ करने के लिए नगर निगम (एमसीडी) चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) को वोट देंगे।

उन्होंने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल नीत आप एमसीडी में सत्ता में आती है तो दिल्ली में कचरे के सारे ढेर पांच साल में गायब हो जाएंगे। सिसोदिया पूर्वी दिल्ली के गाज़ीपुर इलाके में कूड़े के ढेर (लैंडफिल साइट) का दौरा करने के बाद यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सिर्फ यह दिखाने के लिए कि गाज़ीपुर में कूड़े के ढेर की ऊंचाई कम हो गई है, भाजपा नीत दिल्ली नगर निगम ने यहां का कचरा उठाकर आसपास के इलाकों में फेंक दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस समस्या का हल निकालने के लिए भाजपा के इरादे मजूबत नहीं है। हालांकि, इस आरोप पर भाजपा और निगम की ओर से कोई टिप्पणी नहीं की गई। सिसोदिया ने कहा, चार दिसंबर को होने वाले निगम चुनाव में लोग स्वच्छ दिल्ली के लिए भाजपा का कचरा साफ करने के लिए झाड़ू (आप) को वोट देंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद एक इंजीनियर हैं और सावधानीपूर्वक योजना बनाते हैं। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में दिल्ली से ढलाव घर और कचरे के ढेर हटाने की योजना बनाई है।

सिसोदिया ने कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल नीत आप एमसीडी में सत्ता में आती है तो दिल्ली में कचरे के सारे ढेर पांच साल में गायब हो जाएंगे। हमारे पास योजना मौजूद है।

ढलाव घर पर संवाददाताओं से बात करते हुए उपमुख्यमंत्री ने आप द्वारा निगम पर 16 नए कचरे के पहाड़ खड़े करने के आरोप को दोहराया। इस दावे को पहले निगम खारिज कर चुका है।

सिसोदिया ने गाज़ीपुर इलाके में कूड़े के ढेर (लैंडफिल साइट) की परिधि में क्षेत्र का एक चक्कर लगाया और कुछ स्थानीय लोगों से बात की, जिन्होंने उनसे स्वच्छ पेयजल और कूड़े से आने वाली दुर्गंध आदि समस्याएं साझा कीं।

# कांग्रेस की 125 उम्मीदवारों की पहली सूची आ सकती है कल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अनिल चौधरी

कांग्रेस दिल्ली निगम चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची शुक्रवार तक जारी कर सकती है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार के मुताबिक एमसीडी के चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक बुलाई गई थी।

बैठक की अध्यक्षता पार्टी के एमसीडी चुनाव प्रभारी अजय कुमार ने की और (नामों को चुनने वाली) चयन समिति के प्रमुख अविनाश पांडे और सदस्य के. जयकुमार तथा काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने बैठक में हिस्सा लिया। सूत्र ने कहा, अगले 48 घंटों में पार्टी का पोस्टर जारी किया जाएगा और 125 उम्मीदवारों के नामों की पहली सूची की घोषणा होगी। नामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ये वे नाम है जिनपर किसी को विवाद नहीं है। स्क्रिनिंग कमेटी को करीब 1300 आवेदन मिले हैं। जिसमें इन उम्मीदवारों का चयन किया गया है।

## कोर्ट का एमसीडी चुनाव पर रोक लगाने से इनकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने चार दिसंबर को होने वाले दिल्ली नगर निगम के चुनावों पर रोक लगाने से बुधवार को इंकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है और यह अपरिवर्तनीय रहेगी।

# फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश छह महिला समेत 12 गिरफ्तार



- आरोपी ने अब तक 1700 लोगों से एक करोड़ की कर चुके हैं धोखाधड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

द्वारका जिला पुलिस ने एक कॉल सेंटर का पर्दाफाश करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें छह महिलाएं भी शामिल हैं। यह लोग अब तक 1700 से ज्यादा लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे करीब एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर चुके हैं।

आरोपियों की पहचान आमिर, रोहित वर्मा, फैजल, विशाल, मोहित कुमार, संतोष, निधि, मेघा, अंशु, श्वेता, उषा और अर्चना के रूप में हुई हैं। ये सभी दिल्ली और गाजियाबाद के रहने वाले हैं। इन लोगों के कब्जे से 21 मोबाइल, 29 रजिस्टर, दो नोटपैड और एक लैपटॉप भी बरामद किए गए हैं। पुलिस उपायुक्त हर्ष वर्धन के अनुसार, फर्जी कॉल सेंटर की सूचना ऑपरेशन टीम को मिली थी और बिंदापुर पुलिस के साथ ऑपरेशन सेल की टीम ने उत्तम नगर के बाल उद्यान रोड पर छापा मारकर इस कॉल सेंटर का पर्दाफाश किया। कॉल सेंटर को चलाने वाला फैजल है, जो गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। उसने अपने टीम को यह भी बता रखा था कि उसका काम दवा बेचने और उसके प्रचार-प्रसार का है। वह लोगों को गुमराह करने के लिए काउंटर पर कुछ अलग-अलग कंपनियों की दवा भी रखता था जो उनके यहां काम करते थे उन्हें वह कस्टमर केयर एजेंट बताता था। इन सब की आड़ में यह लोग, लोगों को लोन दिलाने का झांसा देकर उन्हें बेवकूफ बनाते थे। प्रोसेसिंग फीस के नाम पर लोगों से रुपये खाते में जमा करवा कर उनसे भोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देते थे।

जिस जगह पर यह कॉल सेंटर चला रहा था उसे फैजल ने लीज पर ले रखा था। मामले में फैजल के दोस्त पारस की तलाश की जा रही है, जो गाजियाबाद यूपी का रहने वाला है। यह काल सेंटर इसी फरवरी से चलाया जा रहा था। छानबीन में पुलिस को जो 29 रजिस्टर मिले हैं, उसके डिटेल के आधार पर यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि अब तक यह लोग एक करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी कर चुके हैं।

# सत्येंद्र जैन तिहाड़ जेल में ले रहे विशेष सुविधाएं : ईडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए मंत्री सत्येंद्र जैन पर तिहाड़ जेल में विशेष सुविधा हासिल करने का आरोप लगाया। ईडी ने जैन की अर्जी के विरोध में अपनी दलीलें पूरी करते हुए विशेष न्यायाधीश विकास धुल के सामने यह आरोप लगाया।

उसने (ईडी ने) यह आरोप लगाया कि जैन के विरूद्ध स्पष्ट तौर पर धनशोधन का मामला बनता है। ईडी का पक्ष रखते हुए अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल (एएसजी) एस वी राजू ने कहा, कर्फ्यू के दौरान भी अज्ञात व्यक्ति जैन के पैरों का मसाज कर रहे थे। उन्हें विशेष भोजन भी परोसा गया।

एएसजी ने अदालत को कुछ सीसीटीवी तस्वीरें भी दिखाई और आरोप लगाया कि ज्यादातर समय जैन अस्पताल में रहे या जेल के अंदर सुविधाओं का उपभोग करते रहे। उन्होंने अदालत से कहा, देखिए, चेयर पर मसाज चल रहा है, पेपर दिए जा रहे हैं। ईडी ने कहा कि उसके पास सबूत है कि जैन का हमेशा आरोपी कंपनी पर नियंत्रण है। एएसजी ने कहा, पैसे की हेराफेरी की गई।

## साढ़े तीन हजार अवैध शराब की बोलतें जब्त

नई दिल्ली। हरियाणा से दिल्ली लाकर शराब की तस्करी करने वाले एक शातिर तस्कर को बाहरी उत्तरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान गोपाल विहार सेक्टर-1 रोहिणी के रहने वाले सौरभ के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से साढ़े तीन हजार अवैध शराब की बोतलें और तस्करी में इस्तेमाल टेंपो जब्त किया है। पुलिस आरोपी से दिल्ली के नेटवर्क के बरे में जानकारी लेने के बाद उनको भी पकडने़ की कोशिश कर रही है। पुलिस उपायुक्त देवेश कुमार महला ने बताया कि जिल में ड्रग्स और अवैध शराब को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हुए।

# राजधानी में 16 दिनों बाद प्रदूषण से थोड़ी राहत

- हवा चलने से बुधवार शाम एक्यूआई घटकर 233 दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में हवा चलने के कारण वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में बुधवार को सुधार के साथ दिल्ली वासियों को 16 दिन बाद प्रदूषण से भी राहत मिली। हवा चलने से बुधवार सुबह एक्यूआई जहां 323 दर्ज किया वहीं रात आठ बजे 90 अंकों के गिरावट के साथ एक्यूआई 233 दर्ज की गई।

आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी से खराब श्रेणी में बुधवार शाम को दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदूषण का स्तर खराब से बेहद खराब श्रेणी के बीच रहने का अनुमान है। सफर से मिले आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को एक्यूआई में काफी कमी देखने को मिली। सुबह के समय जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 321 पर था, जो शाम होने तक यह गिरकर 233 पर पहुंच गया। दिल्ली में सिर्फ छह ऐसे इलाके हैं, जहां बुधवार को प्रदूषण का स्तर बेहद खराब श्रेणी में रहा। जिसमें सर्वाधिक श्रीनिवासपुरी में एक्यूआई 415, आनंद विहार में एक्यूआई 380 दर्ज किया गया।

सफर के अनुसार, दिल्ली में सतही हवा की गति बेहद धीमी होने के चलते प्रदूषक कणों का बिखराव ज्यादा नहीं हपो पा रहा है। प्रदूषण में छोटे कणों की हिस्सेदारी लगभग 59 फीसदी रही है।

# छावला गैंगरेप पीड़िता के परिवार को सुरक्षा दी जाए

- दिल्ली महिला आयोग ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) ने 2012 के छावला सामूहिक बलात्कार कांड की पीड़िता के परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस को एक नोटिस जारी किया है। वह इस मामले पर कानूनी राय भी ले रहा है।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के छावला इलाके में 19 वर्षीय युवती से सामूहिक बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले में मौत की सजा पाए तीन आरोपियों को सोमवार को बरी कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा था कि अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ स्पष्ट सबूत नहीं पेश कर सका जिनमें डीएनए प्रोफाइल तथा कॉल रिकार्ड (सीडीआर) से संबंधित साक्ष्य हैं। निचली अदालत ने 2014 में इसे दुर्लभतम मामला करार देते हुए तीनों आरोपियों को मृत्युदंड सुनाया था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा था। दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने कहा कि आयोग यह ता लगाने के लिए कानूनी राय ले रहा है कि क्या इस फैसले के विरूद्ध अपील दायर की जा सकती है और इंसाफ सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आयोग की एक टीम पीड़िता के परिवार के भी संपर्क में है।

मालीवाल ने एक बयान में कहा कि जो यह घृणतम अपराध किया गया और इस मामले की जो दिशा-दशा रही, जिसके कारण पीड़िता एवं उसके परिवार को इंसाफ नहीं मिला, उससे मैं बहुत व्यथित हूं।

यह कई तरह से निराशाजक रहा और हमारी व्यवस्था पर कई सवाल उठे। आयोग इस मामले में कानूनी राय ले रहा है। इस बीच, परिवार की सुरक्षा चिंता का मुद्दा है और यही वजह है कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अरुण कमल और सीमा जैन की कहानी पुरस्कृत



अरुण कमल



सीमा जैन

**नई दिल्ली।** हिंदी साहित्य की महत्वपूर्ण पत्रिका कथा समवेत द्वारा आयोजित अखिल भारतीय कहानी प्रतियोगिता-2022 में नई दिल्ली की अरुण कमल की कहानी 'सुखनी' को पुरस्कृत किया गया है। अरुण कमल की कहानी को दूसरा पुरस्कार मिला जबकि पहला पुरस्कार ग्वालियर की सीमा जैन की कहानी 'ए बी एंड सी' को मिला। प्रतियोगिता के आयोजक कवि डॉ. शोभनाथ शुक्ल ने परिणाम घोषित करते हुए बताया कि मां धनपती देवी स्मृति कथा साहित्य सम्मान हेतु कहानी प्रतियोगिता का यह 12वां वर्ष है। उन्होंने बताया कि तृतीय स्थान पर दो कहानियाँ चयनित हुई हैं। भदोही के श्रीलाल कोठारी की कहानी 'छुटकी की विदाई' और फरीदाबाद की डॉ. इंदु गुप्ता की कहानी 'बिना पंखों की बया' तीसरे स्थान पर रही है। इसके अलावा अमृता पाण्डेय (नैनीताल) की कहानी 'सत्या' एवं पूजा अग्निहोत्री (अनूपनगर) की कहानी 'नई माँ' इन दो कहानियों को विशेष प्रोत्साहन सम्मान हेतु चुना गया है। निर्णायक सदस्यों में वरिष्ठ लेखक-समीक्षक बन्धु कुशावर्ती, कथाकार सुषमा मुनीन्द्र तथा कथाकार श्याम नारायण श्रीवास्तव रहे।

### गांवों की 18 सूत्री मांगो को महापंचायत का समर्थन

**नई दिल्ली।** दिल्ली ग्राम पंचायत संघ बुधवार को पालम 360 के प्रधान रहे स्वर्गीय चौधरी रामकरण सोलंकी की 70 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सोलंकी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए प्रयासों को सराहया। पंचायत संघ ने उनके बेटे चौधरी सुरेंद्र सोलंकी अध्यक्ष 360 गांव को गांव के हितों में कार्य करने और पंचायत संघ के 18 सूत्री मांगों को समर्थन देने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर दिल्ली व पड़ोसी राज्यों की खापे व उनके प्रतिनिधि मौजूद थे। दिल्ली ग्राम पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव व 360 की तरफ से सुरेश शौकीन 8 गांव के प्रमुख ने स्वर्गीय सोलंकी के गांव के प्रति उनके समर्पण को याद किया।

### खड़ी कार का शीशा तोड़कर ले गए सामान

**नई दिल्ली।** राजधानी के हरि नगर इलाके में बुधवार को कार सवार बदमाशों ने एक कार के शीशे तोड़कर, तीन मोबाइल फोन,ईसीएम आदी सामान चोरी कर लिया। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिये सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की सहायता ले रही है। जानकारी के मुताबिक हरि नगर पुलिस को सुबह साढ़े चार बजे डीएमएस कॉलोन ,77 पीली बिल्डिंग के पास क्रेटा कार के पिछली सीट का शीशा तोड़कर ईसीएम, 3 फोन, आईपैड, बूफर आदि सामान चोरी होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। कॉलर अरुण सैनी ने बताया कि वह गुरुग्राम स्थित एक प्राईवेट कंपनी में नौकरी करता है।

# चुनावों में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान

## नेहरू युवा केंद्र और नागरिक सुरक्षा के 700 स्वयंसेवकों ने राजघाट पर बनाया मानव श्रृंखला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




नेहरू युवा केंद्र और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने राजघाट पर मानव श्रृंखला बना कर लोगों को किया जागरूक।

चुनाव आयोग ने युवा समेत अन्य मतदाताओं को जागरूक करने वाली विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रव्यापी विशेष सारांश संशोधन (एसएसआर) 2023 अभियान शुरू किया है। इस सिलसिले में दिल्ली में नेहरू युवा केंद्र और नागरिक सुरक्षा के लगभग 700 स्वयंसेवकों ने राजघाट पर मानव श्रृंखला बना कर लोगों को जागरूकता किया।

मतदाता सूची का विशेष सारांश संशोधन 1 जनवरी 2023 योग्यता तिथि के रूप में 9 नवंबर 2022 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में शुरू हो गया है जिसका मकसद नए पात्र और छूटे हुए मतदाताओं को शामिल करना है जिन्होंने 1 जनवरी 2023 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है या पूरी करने जा रहे हैं। साथ ही मतदाता सूची में मतदाताओं के विवरण में सुधार का अवसर देना और मतदाता सूची में किसी भी गलत जानकारी में सुधार का अवसर प्रदान करना है। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में चुनाव पाठशाला का एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया जहां बीएलओ ने बूथ स्तर के एजेंटों और अन्य सदस्यों को ड्राफ्ट रोल पढ़ा। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी भी अपने-अपने जिलों में जागरूकता के लिए विशेष सत्र में शामिल हुए।

इससे पहले मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने विशेष सारांश संशोधन की महत्ता के बारे में बताते हुए पुणे, महाराष्ट्र में विशेष कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने पुणे के बालेवाड़ी स्टेडियम से एक साइकिल रैली को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## डीयू के विधि संकाय में अभाविप ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने बुधवार को यहां सेमेस्टर परीक्षा के परिणाम में कथित अनियमिताओं के विरूद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में विधि संकाय के डीन कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

विद्यार्थियों ने आरोप लगाया कि हाल की परीक्षा में उन्हें या तो शून्य अंक दिए गए हैं या अनुपस्थित दर्शा दिया गया है। अभाविप ने दावा किया कि 400 विद्यार्थियों को अनुतीर्ण घोषित किया गया है। अभाविप सदस्य अंबुज ने कहा कि परिणाम में सुधार किया जाना चाहिए तथा विसंगतियों की जांच के लिए बनाई गई उच्च स्तरीय समिति की प्रगति की स्थिति के बारे में प्रशासन को हमे जानकारी देनी चाहिए। विश्वविद्यालय प्रशासन से इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए संपर्क नहीं किया जा सका है।

# मानवता भलाई कार्य कर मनाया गया शाह मस्ताना जी महाराज का जन्मदिवस

### घर में रोजाना दीप जलाने और दो घंटे मोबाइल-टीवी से दूर रहकर परिवार में समय बिताने के दो नए कार्य किए शुरू

### पावन भंडारे पर गुरु जी ने जागो दुनिया दे लोको नया वीडियो भजन किया लॉन्च

पायनियर समाचार सेवा। सिरसा

**सर्व** धर्म संगम डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक साईं बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के 131वें जन्मदिवस का पावन भंडारा देश-विदेश में साध-संगत द्वारा बड़ी श्रद्धा भावना, उल्लास, उमंग, जोश व मानवता भलाई कार्य करके मनाया गया। इस कार्यक्रम में संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां उत्तर प्रदेश के जिला बागपत स्थित शाह सतनाम जी आश्रम बरनावा से ऑनलाइन गुरुकुल के माध्यम से साध-संगत से रूबरू हुए।



बरनावा आश्रम से दिये जलाने की मुहिम की स्वयं शुरूआत करते गुरुजी।

साध-संगत को साईं बेपरवाह शाह मस्ताना जी महाराज के पाक-पवित्र अवतार दिवस की बधाई दी और खुशियों से सराबोर किया। भंडारे के पावन अवसर पर दो नए मानवता भलाई कार्यों का आगाज हुआ। जिससे मानवता भलाई कार्यों का कारवां बढ़कर 146 पर पहुंच गया हैं। इन कार्यों में 145वें कार्य के रूप में देश की पुरातन विरासत यानी हवन सामग्री या घी द्वारा वातावरण को शुद्ध करने के तहत सुबह-शाम अपने-अपने घरों में एक या एक साथ 17 घी या तेल के दिये जलाएंगे। यह नया कार्य शुरू किया गया। जिसको करने की समस्त साध-संगत ने एक साथ हाथ खड़े करके व धन-धन सतगुरु तेरा ही आसरा का इलाही नारा लगाकर प्रण लिया। इस कार्य की सर्वप्रथम शुरुआत गुरु जी ने 9 दीये प्रज्वलित करके की। इन 9 दियों को बाद में शाह सतनाम जी आश्रम बरनावा, शाह सतनाम जी धाम सिरसा व शाह मस्ताना जी धाम सिरसा में लगाया जाएगा। ये दिये अखंड ज्योत की भांति हमेशा जलते रहेंगे।



शाह सतनाम जी धाम में पहुंची साध-संगत का भारी जनसमूह।

पावन भंडारे का गुरु जी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल सेंट एमएसजी पर लाइव प्रसारण किया गया। इसके अलावा राजस्थान में बीकानेर, जयपुर, हिमाचल प्रदेश में चचिया नगरी, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में मेरठ, मध्य प्रदेश में बुधनी, मुम्बई आश्रम, महाराष्ट्र में फलटण स्थित डेरा सच्चा सौदा आश्रम, गुजरात में लाकड़िया आश्रम, बिहार में सहरसा, छत्तीसगढ़ में बैकुंठपुर और नेपाल में भी पावन भंडारा वहां की साध-संगत द्वारा मनाया गया। 146वें कार्य सीड कैंपेन यानी सोशल एंड स्पिरिचुअल सेल्फ लाइफ एंड रिच मेंट एंड एनहांसमेंट विद डिजिटल फास्ट। इस मुहिम के तहत प्रतिदिन दो घंटे, शाम को 7 से 9 बजे तक मोबाइल व टीवी से दूर रहकर इस दौरान घर-परिवार को समय देंगे, रिश्तों की संभाल करेंगे कार्य की शुरुआत हुई। इसका भी सभी ने हाथ खड़े इसमें शामिल होने का वादा किया।

### वीडियो भजन 'जागो दुनिया दे लोको' लांच

**इस** अवसर पर गुरु जी ने बढ़ते नशे को रोकने की कारगर पहल करते लोगों को जागरूक करने हेतु एक और वीडियो भजन 'जागो दुनिया दे लोको' को लॉन्च किया। भजन लॉन्च होते ही साथ के साथ सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गया और हर किसी की जुबान पर चढ़ गया। इस सॉन्ग के माध्यम से पूज्य गुरु जी ने गांव-शहर के लोगों को नशे रूपी दैत्य को जड़ से खत्म करने के लिए गांव में ठीकरी पहरा लगाने का सशक्त संदेश दिया गया है। कुल 6 मिनट 42 सेकंड के इस भजन में बताया गया है कि जो सरेआम मौत का व्यापार करते है, उनकी राह यानी रास्ता बदलना होगा।

# शांतिपूर्वक हुआ जिला परिषद व ब्लॉक समिति का चुनाव

### सुबह ही मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए मतदाताओं की लाइनें लग गईं

### उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर जाकर लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जिला** में गुरुवार को जिला परिषद व ब्लॉक समिति का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। मतदाताओं में काफी उत्साह नजर आया। सुबह ही मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए मतदाताओं की लाइनें लग गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी उनके साथ थे।



गुरुग्राम में जिला परिषद व ब्लॉक समिति के चुनाव में मतदान के लिए लाइन में लगी महिलाएं।



गुरुग्राम में जिला परिषद व ब्लॉक समिति के चुनाव में मतदान केंद्र का दौरा करते डीसी निशांत कुमार यादव।

डीसी ने सबसे पहले फरूखनगर ब्लॉक के गांव मोकलवास के मतदान केंद्रों पर जाकर वहां चल रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। अपने निरीक्षण दौरे के दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों से कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी, व शांतिपूर्वक करने बारे हिदायत दी। उन्होंने उपस्थित स्टाफ से अब तक कितनी पोलिंग हो चुकी है, किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है, इस बारे भी जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ को कहा कि वे निर्धारित मापदंडों की पालना करते हुए अपना कार्य सही एवं सुचारू रूप से करें। इस दौरान उनके साथ संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी व अन्य अधिकारिगण भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डीसी श्री यादव ने पटौदी ब्लॉक के गांव बहोड़ा कलां, लोकरा, मऊ, नानू व खोड़ गांव के विभिन्न मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश देने के साथ ही मतदान केंद्र पर संबंधित स्टाफ को यह भी निर्देश दिए कि वोटिंग वाले स्थान पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें और पहले वोटर के वोट डालने के बाद ही अगले वोटर को बारी-बारी अंदर जाने दें।

उपायुक्त ने आमजन से आह्वान किया कि वे शांतिपूर्वक ज्यादा से ज्यादा मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान केंद्रों की परीधि में अनावश्यक रूप से लगी प्रचार सामग्री को भी हटवाएं ताकि राज्य चुनाव आयोग की हिदायतों की पालना करते हुए प्रतिबंधित क्षेत्र में कोई भी प्रत्याशी किसी प्रकार का प्रचार न कर सके।

## संक्षिप्त-समाचार

### ई-वाहन निर्माताओं के लिए गुरुग्राम में होगा वेंडर विकास कार्यक्रम

**गुरुग्राम।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के इलेक्ट्रिक व्हीकल (दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहनों) के निर्माताओं के लिए विक्रेता विकसित करने के लिए गुरुग्राम में 8 व 9 दिसंबर को दो दिवसीय इलेक्ट्रिकल व्हीकल एवं एडवांस टेक्नोलॉजी पर वेंडर विकास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अपैरल हाउस सेक्टर-44 में होगा। इस कार्यक्रम में भारत सरकार और हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जैसे इंडियन आयल कारपोरेशन, बीईएल पंचकूला, इन्वेस्ट इंडिया, जेम, आइकेट, बीआईएस, एआरएआई, मारुति सुजुकी, एलएमल, जेबीएम, हरेडा, सीईएसेल, बीई, डब्लूआरआई इंडिया आदि के प्रतिनिधि एवं एमएसएमई उद्यमी भी भाग लेंगे। एमएसएमई विकास कार्यालय करनाल के सहायक निदेशक सतपाल ने बताया कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम इलेक्ट्रिकल व्हीकल एवं एडवांस टेक्नोलॉजी पर आधारित है। जिसमें भाग लेने के इच्छुक उद्यमी निम्नलिखित वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। भारत सरकार (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय) के अंतर्गत एमएसएमई विकास कार्यालय करनाल के निदेशक संजीव चावला ने हरियाणा की सभी इकाइयों से अपील करते हुए कहा कि वे इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग ले तथा भारत सरकार की एमएसएमई के लिए चलाई जा रही प्रोत्साहन योजनाओं और दी जाने वाली सुविधाओं एवं अनुदान राशि के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर अपने व्यवसाय का विकास करें।

### दुकान में चोरी करते युवक दबोचा, पुलिस को सौंपा

**सोहना।** नूंह जाने वाले मार्ग पर बनी डंपर मरम्मत की दुकान में चोरी कर रहे युवक को दुकानदार ने दबोच लिया। बाद में चोर को पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने हिरासत में लिया चोरी से पूछताछ शुरु कर दी है। रायपुर निवासी साहबू ने बताया कि उसने नूंह जाने वाले मार्ग पर टेलीफोन एक्सचेंज के निकट डंपर बॉडी मरम्मत की दुकान की हुई है। बुधवार की सुबह वह घर से छह बजे दुकान पर आया। उसके सामने दुकान की छत से सामने की तरफ एक नौजवान युवक कूदकर आया। जिससे उसने पकड़ लिया। पकड़ने के बाद उससे दुकान की छत पर चढ़ने का कारण पूछो उसने लोहा चोरी करने कबूल लिया। जो उसने पास की दुकान में छिपाकर रखा था। पकड़ा गया चोर ने अपना नाम हनीफ निवासी वार्ड-13 पीर कॉलोनी बताया। दुकानदार ओमप्रकाश ने बताया कि हनीफ ने अपने साथ छह-सात अन्य युवक भी चोरी करने में शामिल होना बताया। उसने बताया कि पिछले करीब तीन माह के अंदर यहां की करीब चार दुकानों में चोरियां हुई हैं। हिरासत में लिया हनीफ से शहर थाना पुलिस ने पूछताछ शुरु कर दी है। दुकानदार साहबू ने चोरी के आरोपी हनीफ के खिलाफ पुलिस को लिखित में शिकायत दे दी है। पुलिस ने शिकायत मिलने के साथ ही पूछताछ शुरु कर दी है। जिसके कारण मामला दर्ज नहीं हो सका है। वहीं दुकानदार साहबू ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जल्द से जल्द चोरी का मामला दर्ज करने आश्वासन सभी दुकानदारों को दिया है।

### सराय ख्वाजा विद्यालय ने मतदान के लिए किया जागरूक

**फरीदाबाद।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सराय ख्वाजा की सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस, सुपरवाइजर एवं बीएलओ और स्काउट्स गाइड्स ने हरियाणा में पंच, सरपंच, ब्लॉक और पंचायत समिति के चुनाव के उपलक्ष्य में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में सभी विद्यार्थियों और अध्यापकों ने मतदान करने के लिए जागरुकता अभियान चलाते हुए साइकिल जनचेतना रैली का भी आयोजन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए विद्यालय की जे आर सी एवम ब्रिगेड अधिकारी प्राचार्य रविन्दर कुमार मनचन्दा ने आगामी पचायत चुनाव के विषय में विस्तार से बताया और सभी को यह स्मरण करवाया कि वे भारत के लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य कीड़ी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि 1951 में चुनाव आयोग के गठन के पश्चात से भारतवर्ष में लोकतंत्र के सब से बड़े पर्व अर्थात चुनावों को एक पर्व एवं लोकतंत्र के उत्सव के रूप में मनाया जाता है

# आज 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को 45 केन्द्रों पर लगेगी वैक्सीन

### केंद्रों पर पहले आओ पहले लगवाओ की तर्ज पर लगेगी वैक्सीन

**गुरुग्राम।** जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत गुरुवार को 45 केन्द्रों पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों को कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाई जाएगी। वहीं 18 वर्ष से अधिक आयु के वे नागरिक जिनकी दूसरी डोज लगने के बाद नौ महीने का समय पूरा हो गया है उनको सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर बूस्टर डोज के निःशुल्क टीके लगाएं जाएंगे।

इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों को कोविशिल्ड का पहला या दूसरा टीका लगवाना है, वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकता है। गुरुवार को 45 टीकाकरण केंद्रों पर उपर्युक्त वैक्सीन के कुल 6450 स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें स्वास्थ्य कर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स व 60 वर्ष से अधिक आयु के वे लोग जो कॉर्बिटी से प्रभावित उनके लिए ऑफलाइन माध्यम से स्लॉट उपलब्ध रहेंगे। बूस्टर डोज के लिए किसी प्रकार के नए रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। सभी सेंटरों पर पहले आओ पहले लगवाओ की नीति के आधार पर वैक्सीन लगेगी।

**15 से 17 वर्ष आयु के किशोरों को वैक्सीन के 42 केंद्र :** जिला में गुरुवार को 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों को 42 केन्द्रों पर कॉवेक्सीन का पहला, दूसरा व बूस्टर डोज टीका लगाया जाएगा। ये केंद्र एसडीएच हेलीमंडी, सुल्तानपुर, ट्रेंनिंग सेंटर एसडीएच सोहना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चोमा, मंदपुरा, सूरत नगर, दौलताबाद, ओम नगर, कासन, घाटा व वजीराबाद, पीएचसी गढ़ी, राजीव नगर, नाहरपुर रूपा, गुड़गांव गांव, मुल्लाहेड़ा, बादशाहपुर, राजेंद्रा पार्क, सीएचसी फरूखनगर, पीएचसी भांगरोला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलपुर, पीएचसी भोड़ा कला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, तिगरा, मानेसर, नाथूपुर, पटेल नगर, पीएचसी पलड़ा, घंघोला, बसई एनक्लेव व चंद्रलोक, नागरिक अस्पताल पटौदी, पीएचसी भोंडसी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुखराली, लक्ष्मण विहार, फिरोज गांधी कॉलोनी व खांडसा, पॉलीक्लीनक सेक्टर-31 व अन्य जगहों पर बनायें गए अस्थायी केन्द्रों पर कॉवैक्सीन की पहली व दूसरी डोज के रूप में 3940 स्लॉट उपलब्ध रहेंगे।

### राज्य चुनाव आयुक्त ने गुरुग्राम में पंचायत चुनाव की तैयारियों का जायजा

**गुरुग्राम।** राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बुधवार को जिला गुरुग्राम में जिला परिषद व पंचायत समिति की मतदान प्रक्रिया का जायजा लेने उपरान्त 12 नवंबर को होने वाले सरपंच व पंच सदस्यों के चुनाव निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए जिला के प्रशासनिक अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में पिछले चुनावों के दौरान हिंसा या लड़ाई झगड़े का इतिहास है उन पर विशेष निगरानी रखी जाए जाए। बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात हो तथा जिला प्रशासन अपने तरीके से गांव में विश्वसनीय लोगों के माध्यम से कानून व्यवस्था पर नजर रखें।

जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने राज्य चुनाव आयुक्त को तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आज जिला गुरुग्राम में जिला परिषद के कुल 10 वार्ड व जिला की 4 पंचायत समितियों के 68 वार्डों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव प्रकिया सम्पन्न हो गयी है। वहीं 12 नवंबर को जिला की कुल 157 पंचायतों में सरपंचों व 1406 पंचों के चुनाव करवाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

# सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली से कम पानी में बेहतर उत्पादन कर सकते हैं किसान

### सूक्ष्म सिंचाई योजना में 85 प्रतिशत तक सब्सीडी का प्रावधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रदेश** में किसानों की आय बढ़ाने व फसल उत्पादन के दौरान होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही किसान हित में जो निर्णय लिए जा रहे हैं, उनको भी धरातल पर क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से किसानों को कम पानी लागत से बेहतर व ज्यादा पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

इस योजना के माध्यम से किसान खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी के असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम करने जैसे नुकसानों से अपनी फसल को बचाकर अधिक से अधिक पैदावार ले सकते हैं। हरियाणा सरकार ने किसानों को कृषि से संबन्धित सिंचाई के नए आधुनिक तकनीकी साधन प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना शुरू की है। इसमे मिनी स्प्रिंकल पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान भी है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि इस विधि के माध्यम से रासायनिक उर्वरकों को घोल के रूप में पानी के साथ फसल में डाला जा सकता है। इसके साथ ही इस प्रणाली से पौधों या फसलों को जरूरत के हिसाब से पानी देने के साथ ही 70 प्रतिशत पानी की बचत भी की जा सकती है। इसके अलावा योजना के तहत पुराने कुओं का जीर्णोद्धार, टिब्बे पर सूक्ष्म सिंचाई व्यवस्था तथा खेती योग्य भूमि को शत-प्रतिशत पानी के बेहतर प्रबंधन की व्यवस्था भी की जा सकती है।

### किसान ने पहले ना ली हो कोई सब्सिडी

**मीकाडा** हरियाणा के जिला गुरुग्राम के एसडीओ आफताब रहमान ने बताया कि सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ लेने के इच्छुक किसान को पोर्टल पर जाकर किसान लॉग इन कर विकल्प पर क्लिक करना होगा। इसके उपरांत किसान को स्वंय को रजिस्टर्ड करने के लिए अपना मोबाइल नंबर व उस पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करना होगा। श्री रहमान ने बताया कि इसमें शर्त यह है कि आवेदनकर्ता किसान ने इससे पूर्व में सिंचाई योजना से संबंधित सब्सिडी का लाभ ना लिया हो। उन्होंने कहा कि उपरोक्त वेबसाइट पर किसानों की सभी शंकाओं के बारे में विस्तार से बताया गया है।

### वन मजदूरों ने श्रम विभाग के दफ्तर के सामने लगाए नारे

**फरीदाबाद।** मजदूरों ने वन विभाग के अधिकारियों पर काम से हटाने का लगाया आरोप बुधवार को छटनी ग्रस्त वन मजदूरों ने काम पर लगाने की मांग को लेकर श्रम विभाग के सेक्टर 12 स्थित कार्यालय के मुख्य गेट पर नारे लगाए। मजदूर काम से निकाले गए श्रमिकों को विभाग में काम देने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व सीनियर मजदूर नेता प्रेमवती कर रही थी। इस मौके पर सीटू के जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने वन विभाग के आला अधिकारियों पर ठेकेदारों के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि प्रधान मुख्य वनपाल पंचकूला के साथ पुराने मजदूरों को काम पर लगाने का लिखित समझौता होने के बावजूद उप वन मंडल अधिकारी फरीदाबाद, इन आदेशों को ठेकेदारों से लागू नहीं करवा पा रहे हैं।

# रक्षा मंत्री राजनाथ करेंगे पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण : धनखड़

### मूर्ति अनावरण के मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी रहेंगे उपस्थित

**गुरुग्राम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 13 नवंबर को झज्जर जिला के बादली हलका के गांव कुलाना में महाराजा पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने बताया कि धनखड़ ने कहा कि यह एक भव्य कार्यक्रम होगा और इसमें कार्यकर्ताओं के अलावा सभी समाज की सरदारी को भी आमंत्रित किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आम आदमी पार्टी पर भी तंज कसा और कहा कि पार्टी जितना चुनाव पर जोर लगाती है उतना काम पर नहीं लगाती।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि महाराजा पृथ्वीराज चौहान की वीरता का गौरवशाली इतिहास रहा है, इसलिए उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। 13 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में विकास की कोई बड़ी घोषणा के संबंध में धनखड़ ने बताया कि जब कोई बड़ा नेतृत्व कायज्क्रम में मौजूद हो तो विकास की घोषणाएं होना निश्चित है। हालांकि अभी प्रदेश में पंचायती राज के चुनाव चल रहे हैं। चुनाव के कारण आचार संहिता लागू है, फिर भी क्षेत्र के विकास के लिए बड़ा योगदान निश्चित रूप से होने वाला है।

# पर्यावरण में छाए प्रदूषण के बीच छिड़काव करने को नवीन गोयल फिर आगे आए

### पिछले साल की तरह इस बार भी शुरू किया सड़कों, पेड़ों पर छिड़काव

### कई टैंकरों से छिड़काव कराकर शहरवासियों को दे रहे राहत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** के प्रति जमीन से जुड़कर काम करने वाले पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने पिछले साल की तरह इस बार भी पर्यावरण प्रदूषण को खत्म करने के उद्देश्य से शहर की सड़कों, पेड़ों पर छिड़काव कार्य शुरू किया। यहां कंपनी बाग से उन्होंने टैंकर्स को छिड़काव के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया।

इससे पूर्व कंपनी बाग परिसर में पत्रकार वार्ता में नवीन गोयल ने कहा कि पर्यावरण में प्रदूषण किस तरह से छाया है, यह हम सब देख रहे हैं। यह प्रदूषण हमारी सेहत के लिए हानिकारक है। विशेषकर उनके लिए जो बीमार हैं। सांस के रोगी हैं। उन्हें सांस लेने में भी तकलीफ हो रही है। प्रदूषण के कारण अस्पतालों में बीमारों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने टैंकरों से छिड़काव कार्य को पिछले साल की तरह इस साल भी गति दी। नवीन गोयल ने कहा कि हवा में खतरनाक कण होते हैं, जिन्हें पीएम 2.5 कहते हैं। ये कण बहुत ही छोटे होते हैं। ये कण हवा के साथ हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इसके बाद हमारे खून में घुल जाते हैं।




गुरुग्राम में बुधवार को पेड़ों, सड़कों पर पानी के छिड़काव से पूर्व पत्रकारों से बात करते पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल व पेड़ों पर पानी का छिड़काव करते कर्मचारी।

श्री गोयल ने कहा कि दीवाली के बाद हर साल वातावरण में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में बीमार लोगों को काफी समस्या हो जाती है। नवीन गोयल ने बताया कि जमींदार संदीप ने स्प्रे मशीन इजाद की है, जो 30 फुट ऊपर तक पानी फेंकेगी। पेड़-पौधों को इस मशीन से धूल हटाकर साफ किया जाएगा।

इस अवसर पर लांबा प्रदेश संयोजक कर्मचारी प्रकोष्ठ हरियाणा, सुनील कोहली गुरुकमल कार्यालय सचिव, सुनील राव सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक, अरुण यादव पूर्व आईटी संयोजक भाजपा हरियाणा, कन्हैया लाल आर्य, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन प्रदेश उपाध्यक्ष गजेंद्र गुप्ता, कृष्ण यादव, विरेंद्र यादव, सेक्टर-10 आरडब्ल्यूए प्रधान सतीश गुप्ता, देवेंद्र सिंह नेगी उत्तराखंड प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक, सुरेश काला कुमाऊं भ्रांत मंडल के प्रधान, सुधीर कलसन, संतोष ठाकुर, बलजीत सिंह, ललित क्रांतिकारी, डा. डीपी गोयल संस्थापक कैनविन फाउंडेशन, बाली पंडित, गगन गोयल, आशा गगन गोयल, महेंद्र, प्रशांत भारद्वाज, पर्यावरण संरक्षण विभाग जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम सिंह, सुशील राणा, ओमप्रकाश लखेरा प्रधान, राज वर्मा, सतीश गुर्जर, योगेश शर्मा, योगेश आचार्यपुरी, जगदीश सिक्का, पुनीत अग्रवाल, रतनलाल गुप्ता, रामकुमार, सतनारायण कादयान, पारस बक्शी, बंटी पाहुजा पूर्व पार्षद, हरीश सेक्टर-56 आरडब्ल्यूए प्रधान, विजयपाल यादव, ईशू वाल्मीकि जिला सह-संयोजक पर्यावरण विभाग, स्नेहलता, ज्योति आदि मौजूद रहे।

# आदेश : मुफ्त में होने वाली जांच बीके से करवाना जरूरी

## अस्पताल की प्रयोगशाला में कम हो रही जांच को देखते हुए लेटर किया जारी

**कविता।** फरीदाबाद

**शहर** के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आने वाले मरीजों की कम संख्या तो बढ़ रही है। लेकिन मरीजों की संख्या के मुताबिक अस्पताल की प्रयोगशाला में जांच नहीं हो रही है। जिसे देखते हुए प्रधान चिकित्सा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए चिकित्सकों को निर्देश जारी किए हैं।

**टैस्ट बीके अस्पताल की प्रयोगशाला में ही कराने के आदेश**



बीके अस्पताल की प्रयोगशाला के बाहर की भीड़।

: आदेश में कहा है कि चिकित्सक अब मरीजों को टैस्ट बाहर से लिखने के बजाय बीके प्रयोगशाला से ही करवाने के लिए कहेंगे। क्योंकि बीके में लिखे जा रहे टैस्ट ज्यादातर मरीज यहां की लैब में नहीं करवा रहे हैं। मरीजों की कम संख्या एक गंभीर मामला है। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने अब पैसे से होने वाले कई तरह की जांचों को नि:शुल्क कर दिया है। कुछ ही जांचों के यहां पैसे लिये जा रहे हैं।

### प्रयोगशाला में जांच के लिए आ रहे 300 सैम्पल

जानकारी के मुताबिक बीके अस्पताल में रोजाना दो से ढाई हजार की संख्या में मरीज अपना इलाज कराने आते हैं। जिसमें रोजाना 500 से 800 मरीजों को जांच करवाने के लिए चिकित्सक लिखते हैं, लेकिन बीके अस्पताल की प्रयोगशाला में करीब 300 सैम्पल ही जांच किए जा रहे है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन की तरफ से निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया कि आए दिन मरीजों की रोजाना करवाई जा रही जांचों की संख्या कम हो रही है।

ऐसे में मरीजों की अधिक से अधिक बीके अस्पताल से ही जांच करवाने के लिए कहा है। जिसमें उन्हें बताया गया है कि फ्री होने वाली जांच तो बीके से अवश्य ही करवायें।

### यह फ्री और इनका चार्ज

बीके अस्पताल में फिलहाल सीबीसी, पीबीएफ, एईसी, ईएसआर, एचबी, एफएलएससी, सीमंस, पीटी आईएनआर, एपीटीटी, फ्लूड एग्जामिनेशन फॉर टीएलसी, रेट्रीक्यूलॉसीटी काउंट की जांच फ्री की जा रही है। इसमें फ्राटीन की 100 रुपये वाली और पीटीआईएनआर की 200 रुपये वाली जांच को अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों के लिए मुफ्त कर दिया है। दूसरी तरफ फिलहाल अस्पताल में थाईराईड के लिए 300 रुपये, विटामिन डी के 400 रुपये और विटामिन डी 12 के 200 रुपये और सीओवन 125 के 250 रुपये चार्ज किया जा रहा है। बाकि सभी जांच फ्री है।

## भारत स्काउट एवं गाइड के स्टैंडर्ड जजिंग कैंप शुरू

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंबर 5 में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मनीष चौधरी के मार्गदर्शन में भारत स्काउट एवं गाइड के स्टैंडर्ड जजिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप का उद्घाटन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 के प्राचार्य सतेन्द्र सौरोत ने ध्वजारोहण कर किया। उद्घाटक सोरोत ने सभी प्रशिक्षुओं को कहा कि कैंप में वे सभी अनुशासित रहते हुए स्काउट एवं गाइड के उद्देश्यों को समझ कर एक अच्छे इंसान बनेंगे। एक स्काउट से अनुशासन, सहयोग भावना, मितव्यता, मृदुभाषी, मितभाषी, पर्यावरण प्रेम, सेवा हेतु सदैव तत्पर रहने की अपेक्षा की जाती है। विनीत, सत्यवान, अमन, शीला, नेहा, चमन ने भोजन से लेकर सभी व्यवस्था में अपना सहयोग देंगे।

# शहर को तीन हिस्सों में बांटकर दूर की जाएगी जलभराव की समस्या

## नालों की सफाई और रख रखाव के लिए 40 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सुधीर** राजपाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) ने प्राधिकरण की 20वीं कोर प्लानिंग सेल की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में एफएमडीए के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

जल निकासी के मुद्दे को हल करने और मानसून के दौरान वर्षा जल के उपयुक्त निर्वहन को सक्षम करने के लिए,सीईओ एफएमडीए द्वारा निर्देशित किया गया था कि शहर को प्राकृतिक प्रवाह और जलग्रहण क्षेत्र के अनुसार तीन क्षेत्रों में विभाजित किया जाना चाहिए। तदनुसार, तूफानी जल निकासी और सीवर लाइनों को डिजाइन किया जा सकता है। शहर को 3 उप-भागों में विभाजित किया जाएगा, जिसमें शहर एक अरावली से राष्ट्रीय राजमार्ग के बीच का क्षेत्र होगा, शहर दो राष्ट्रीय राजमार्ग से



जल निकासी को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करते एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

गुड़गांव नहर और आगरा नहर के बीच का क्षेत्र होगा और शहर तीन आगरा नहर से शुरू होने वाला क्षेत्र होगा जो ग्रेटर फरीदाबाद है। इन तीन क्षेत्रों को सुविधा और कार्य के बेहतर निष्पादन के लिए छोटे खंडों में विभाजित किया जाएगा। सुधीर राजपाल ने कहा कि यह भी निर्देश दिया गया है कि शहर में नालों की गाद निकालने और उनके रख-रखाव के कार्य के लिए भी 40 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया जाएगा। फरीदाबाद के निवासियों को शामिल करने और बैठक में चर्चा की जा रही परियोजनाओं पर उनके सुझाव और परामर्श आमंत्रित करने के लिए कोर प्लानिंग सेल की बैठक एफएमडीए के यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम की गई थी।

फरीदाबाद के निवासियों को एफएमडीए की सभी आगामी सीपीसी बैठकों में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। वे पानी से संबंधित मुद्दों को हल करने में मदद करने के लिए एफएमडीए में जल मित्र के रूप में और अपने संबंधित क्षेत्र में सड़क संबंधी मुद्दों के लिए सड़क मित्र के रूप में भी शामिल हो सकते हैं। इच्छुक नागरिक एफ एमडीए की वेबसाइट पर जा सकते हैं और जल मित्र और सड़क मित्र बनने के लिए ओपन कंसल्टेशन के तहत अपना विवरण साझा कर सकते हैं। सीईओ एफएमडीए ने यह भी निर्देश दिया कि एफएमडीए के भीतर स्थापित भूमि खरीद प्रकोष्ठ भूमि आवंटन के मुद्दों के कारण रुकी हुई परियोजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक भूमि के अधिग्रहण की दिशा में काम करता है। भूमि खरीद प्रकोष्ठ की अध्यक्षता संयुक्त सीईओ एफएमडीए, गौरी मिड्ढा और सदस्य सचिव मुख्य नगर योजनाकार एफएमडीए सुधीर चौहान होंगे और प्रगति की समीक्षा के लिए साप्ताहिक बैठकें आयोजित की जाएंगी। भूमि खंड जिन्हें विभागों के भीतर स्थानांतरित करने की आवश्यकता होती है, उन्हें फरीदाबाद के अन्य सरकारी विभागों के साथ साप्ताहिक समन्वय बैठकों में भी रखा जा सकता है, जिनकी अध्यक्षता सीईओ एफएमडीए करते हैं। सुधीर राजपाल ने 2.5 किलोमीटर चिमनी बाई रोड, 15/16 की 1.5 किलोमीटर सेक्टर डिवाइडिंग रोड, सेक्टर 14/15 और 16/17 की डिवाइडिंग रोड की 3 किलोमीटर लंबी डिवाइडिंग रोड, अंखिर चौक से दिल्ली बॉर्डर तक मास्टर रोड पर विशेष सड़क मरम्मत के तहत चल रही परियोजनाओं की भी समीक्षा की और टीम को काम में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# बिजली चोरी का विरोध करने पर पीड़ित के घर किया पथराव

## घायलों को चिकित्सकों की मनमानी के कारण इलाज के लिए करना पड़ा इंतजार

**फरीदाबाद।** बड़खल गांव में एक युवक को पड़ोसी द्वारा बिजली चोरी करते हुए देखकर रोकना भारी पड़ गया। जहां पड़ोसियों ने उसके परिवार पर हमला कर दिया। वहीं बीके अस्पताल में चिकित्सकों की मानमानी के कारण चार घंटे इलाज को तरसना पड़ा। सुबह साढ़े 11 बजे पहुंचे घायलों की तीन बजे एमएलसी कटने के बाद उपचार नसीब हुआ। जिसमें मात्र दो की एमएलसी कटी और अन्य को प्राथमिक उपचार बिना एमएलसी के दिया गया।

आंगनबाड़ी वर्कर अफसाना ने बताया कि उनके सेंटर में बुधवार को वैक्सीन लग रही थी। 11 बजे उन्हें पता चला कि उसके घर के बाहर लगे मीटर के निकट ही उसके पड़ोसियों ने तार लगा दिया था। जिसका विरोध उसके भाई ने किया तो करीब 50 से 60 लोगों ने एकत्रित होकर उनके घर पर डंडे, ईंट और पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे उसके भाई मुकिन को सिर में चोट आई और तीन साल की नाजरिन का सिर भी फट गया, 30 वर्षीय मोमिन के हाथ-पैर में चोट आई। दस वर्षीय फिजा के सिर में



उपचार के बाद घायल बच्ची और युवक।

और 24 वर्षीय अफसरी के जबडे में सुजन आई है। पड़ोसी वर्षीय हफिजन को भी चोट आई है।

**घंटों बाद मिला उपचार:** अफसाना ने बताया कि वह आंगनबाड़ी वर्कर है और स्वास्थ्य केन्द्र में काम करती है। फिर भी बीके अस्पताल में उनके परिवार को समय पर उपचार नहीं मिला। लेकिन सुबह साढ़े 11 बजे उपचार को पहुंचे। जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उनकी एमएलसी अगली शिफ्ट में आने वाली ड्यूटी डॉक्टर से कटवाने की बात कहकर उन्हें इंतजार करने को कहा। कई बार गुहार लगाने पर भी डॉक्टर ने पीड़ितों का न तो इलाज किया और न ही एमएलसी काटी। दोपहर को शिफ्ट बदलने पर आई ड्यूटी डॉक्टर ने कहा कि सुबह वाले से कटवानी चाहिए थी। काफी इंतजार के बाद ढाई बजे के बाद तक भी एमएलसी और उपचार नहीं दिया। आंगनबाड़ी वर्कर ने बड़खल स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों से बात की। तब जाकर तीन बजे उनका कार्ड बना।

# महिला की हत्या करने के बाद शव पार्क में फेंका

## मृतका की पहचान बताने पर 25 हजार के इनाम की घोषणा

**फरीदाबाद।** सेक्टर सात के निकट स्थित एक पार्क में बीती शाम एक महिला का शव अस्त व्यस्त हालत में पड़ा हुआ था। पार्क में आए लोगों ने नजर पड़ते ही पुलिस को सूचना दे दी थी। थोड़ी ही देर में डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह, एसीपी मुनीश सहगल, सेक्टर आठ थाना प्रभारी और एफएसएल टीम मौके पर पहुंच गई। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने महिला की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया। लेकिन मृतका की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव पहचान एवं पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान बताने वाले को पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।



सेक्टर सात स्थित पार्क में मंगलवार को देर शाम एक महिला शव पड़ा हुआ था। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। मृतका की उम्र करीब 34 साल बताई जा रही है। मृतका का कद पांच फुट दो इंच है। उसने बैगनी रंगा का सूट और आसमानी रंग की सलवार पहनी थी। मृतका के दाहिने हाथ पर आरएम और दोनों हाथों की कलाई पर ओम लिखा हुआ है। पार्क में शव अस्त व्यस्त हालत में पड़ा था। जिसके कारण दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही थी। पोस्टमॉर्टम के दौरान प्रथम दृष्टि में दुष्कर्म की पुष्टि न होने पर सैम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं।

# फोर्टिस नोएडा ने स्ट्रोक मरीजों के लिए लॉन्च की एंबुलेंस सेवा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फोर्टिस** हॉस्पीटल नोएडा ने स्ट्रोक मरीजों के लिए एक समर्पित एंबुलेंस सर्विस शुरू की है। क्विक एंड रिस्पॉन्सिव इमरजेंसी सर्विस का समर्पित हैल्पलाइन नंबर 0120 2400444 है जो मरीजों को गोल्डन आवर के दौरान अस्पताल पहुंचने में मदद करेगी। स्ट्रोक के पहले 4.5 घंटे मरीज के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण होते हैं और इसीलिए इस अवधि को 'गोल्डन' कहा जाता है क्योंकि लक्षण दिखायी देने के बाद इस अवधि में इलाज मिलने से स्ट्रोक मरीजों के बचने की संभावना अधिक होती है और साथ ही, मस्तिष्क को भी दीर्घकालिक नुकसान से बचाया जा सकता है।

डॉ. ज्योति बाला शर्मा, डायरेक्टर एवं एचओडी-न्यूरोलॉजी, डॉ. अनुराग अग्रवाल, एचओडी-इमरजेंसी एवं डॉ. शानू शर्मा (एमएस), फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने एंबुलेंस सर्विस को लॉन्च किया। फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा को 'भारत में सर्वश्रेष्ठ स्ट्रोक रेडी हॉस्पीटल' के तौर पर मान्यता देते हुए वर्ल्ड स्ट्रोक ऑर्गेनाइजेशन द्वारा दो बार डायमंड कैटेगरी अवार्ड से



सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. ज्योति बाला शर्मा ने कहा, 'हर साल करीब 1.8 मिलियन लोग स्ट्रोक का शिकार बनते हैं लेकिन इनमें से केवल एक फीसद ही आवश्यक इलाज लेने के लिए समय पर अस्पताल पहुंच पाते हैं। स्ट्रोक एंबुलेंस उन सभी आपातकालीन सुविधाओं से लैस है जिन्हें मरीज को अस्पताल पहुंचाने तक एंबुलेंस में प्रदान किया जाता है। स्ट्रोक-रेडी स्पेश्यलिटी अस्पताल के होने से मरीज को सीमित अवधि के भीतर एक्यूट स्ट्रोक थेरेपी प्रदान करने की संभावना बढ़ जाती है। इसीलिए, स्ट्रोक मरीजों का जीवन बचाने के लिए एक समर्पित एंबुलेंस सेवा होना महत्वपूर्ण है।'

डॉ. राहुल गुप्ता, डायरेक्टर एवं एचओडी - न्यूरोसर्जरी ने कहा, 'चेहरे, बाजू या पैरों के अचानक सुन्न पड़ने या उनमें कमज़ोरी महसूस होने, खासतौर से शरीर के एक भाग में ऐसा होने, अचानक भ्रमित होने, बोलने में कठिनाई, या दूसरों की बातों को समझने में परेशानी, चलने में अचानक दिक्कत होने, बेहोशी आने, संतुलन बिगड़ने या शरीर में समन्वय का अभाव महसूस होना स्ट्रोक के लक्षणों में से है। ऐसे मामलों में मरीज़ को तत्काल स्ट्रोक रेडी अस्पताल ले जाना चाहिए और तुरंत इलाज देना चाहिए ताकि किसी भी अपरिवर्तनीय क्षति से मरीज का बचाव हो सके।' मोहित सिंह, जोनल डायरेक्टर, फोर्टिस नोएडा ने कहा, 'भारत में स्ट्रोक के मामले बढ़ रहे हैं, स्ट्रोक एकाएक मृत्यु का चौथा और विकलांगता का पांचवां सबसे प्रमुख कारण है। फोर्टिस नोएडा ने स्ट्रोक संबंधी मौतों को कम करने के लिए अपने हैल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाया है। दिल्ली/एनसीआर में फोर्टिस नोएडा उन समर्पित अस्पतालों में से है जहां स्ट्रोक के उपचार की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## 22वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह 13 को होगा आयोजित

**फरीदाबाद।** महाराजा अग्रसेन विवाह समिति का 22वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह 13 नवम्बर को हिन्दू रीति-रिवाज से किया जाएगा। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में 52 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व ईत्र नगरी कन्नौज की पूर्व सांसद डिम्पल यादव वर-वधु को आशीर्वाद देगें। प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल ने बताया कि बारात अग्रसेन भवन सेक्टर-19 से दोपहर 2 बजे ओल्ड फरीदाबाद की मेन मार्केट से होती हुई सेक्टर-16 स्थित दशहरा मैदान फरीदाबाद में पहुंचेगी। बारात में शंकर-पार्वती, कृष्ण राधा की झांकी, आतिशबाजी व अलग-अलग घोडियों पर दूल्हे सवार होकर बारात की शोभा बढ़ाएंगे। गोयल के अनुसार सेक्टर-16ए दशहरा मैदान में सायं 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, जयमाला, फेरे व रंगीन रोशनियों का प्रबंध किया जाएगा।

# उम्मीदवारों को एनओसी के लिए परेशान न करें

## चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का हो दृढ़ता से पालन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि फरीदाबाद जिला में तीसरे व अंतिम चरण में चुनाव करवाये जाएंगे। इनमें जिला परिषद सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों के लिए 22 नवंबर तथा सरपंच व पंच पद के लिए 25 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को बिजली विभाग द्वारा एनओसी यानी नो ड्यू सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग किसी भी उम्मीदवार को एनओसी के लिए परेशान न करे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम ने बुधवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पंच, सरपंच,



सेक्टर 12 लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते उपायुक्त विक्रम सिंह।

पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य के उम्मीदवार का नाम संबंधित पंचायत, पंचायत समिति व जिला परिषद की मतदाता सूची में दर्ज होना जरूरी है।

इसी आधार पर वह नामांकन कर सकता है। पंच, सरपंच पद के उम्मीदवार खुद शपथ पत्र दे सकते हैं, जबकि ब्लॉक समिति और जिला परिषद के सदस्यों को नोटरी के हस्ताक्षर कराने होंगे। साथ ही जिला परिषद, पंच-सरपंच पद, ब्लॉक समिति के उम्मीदवार के घर पर चालू हालत में शौचालय होना जरूरी है। अगर व्यक्ति प्राइमरी एग्रीकल्चर को-आपरेटिव सोसाइटी (पैक्स), जिला केंद्रीय कोऑपरेटिव बैंक और लैंड मोर्टगेज बैंक का डिफाल्टर नहीं है तो चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2022 के लिए सुचारू रूप से नो ड्यू सर्टिफिकेट जारी करने हेतु फील्ड कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अभ्यार्थी इस संबंध में सहायता प्राप्त करने के लिए स्थापित किये गए हेल्प डेस्कों से संपर्क कर सकते हैं।

## जिला परिषद के 26 और ब्लाक समिति सदस्यों के 117 फार्म जाम

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी, डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार को पंचायत चुनावों में नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के तीसरे दिन सदस्य जिला परिषद सदस्यों के लिए 26 नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं। जबकि पंचायत समिति सदस्यों के लिए अब तक 117 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। विक्रम सिंह ने बताया कि बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों के लिए फरीदाबाद ब्लाक से अब तक 21 बल्लभगढ ब्लाक से 36और तिगावं ब्लाक से 20 लोगों ने फार्म जमा करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से फेयर फ्री सम्पन्न कराने के लिए हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के मद्देनजर एआरओ तथा नोडल अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए हैं।

# एक्शन में दिखे विधायक नागर अधिकारियों को लगाई फटकार



सेक्टर 37 अशोका एंकलेव के निवासियों की समस्या का मुआयना करते तिगांव के विधायक राजेश नागर।

**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर आज फिर कड़े मूड़ में दिखे। सेक्टर 37 अशोका एन्कलेव पार्ट 2 से उन्हें लोगों की शिकायत मिली कि उनके यहां सीवर की समस्या विकराल रूप ले गई है और निगमकर्मी उनकी नहीं सुन रहे हैं। यह सुनने के बाद विधायक राजेश नागर मौके पर ही पहुंच गए और लोगों से उनकी तकलीफों की जानकारी ली।

उन्हें बताया गया कि सीवर जाम होने के कारण ओवरफ्लो हो रहा है और सीवर का पानी सडकों पर भर रहा है। जिसके कारण लोगों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधायक राजेश नागर ने मौके पर ही निगम अधिकारी को फोन कर इस समस्या का तुरंत समाधान देने के लिए कहा। विधायक राजेश नागर ने कहा कि अधिकारी जनता के कार्यों को प्राथमिकता दें। अन्यथा अपने जाने की तैयारी कर लें। नागर ने कहा कि हम और आप जनता को सुविधाएं देने के लिए आए हैं। अगर हम अपना काम नहीं करेंगे तो इससे जनता को तो कोई फायदा नहीं होगा। उनके फोन करने पर तुरंत ही सीवर साफ करने की मशीन मौके पर पहुंची जिसने सीवर सफाई का काम शुरू कर दिया। नागर ने बताया कि विभागों में तैनात अधिकारी व कर्मचारी अपना काम समय पर पूरा करें।

# संक्षिप्त समाचार

## आए दिन हो रही मौतों से प्रशासन का दिल नहीं पसीजता



**फरीदाबाद।** आये दिन टूटी सड़कों, जलभराव, गड्ढों और सीवर के मैन होल व नालों में गिरकर नौजवानों, बच्चों की मौत आम बात हो गई है, लेकिन आये दिन दर्दनाक हादसों को देख सरकार में बैठे जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों का दिल नहीं पसीजता है। घटनों को लेकर अब आम जन विरोध करता है तो उसे तानाशाही रवैया अपनाकर उसे दबने का प्रयास करते हुए लोगों पर मामले भी दर्ज किया जा रहे हैं। यह बात बुधवार को आम आदमी पार्टी प्रवासी सेल के साउथ जोन हरियाणा के अध्यक्ष संतोष यादव ने कही। यादव ने बिगुल फूंकते हुए कहा कि जब भी शासन-प्रशासन की लापरवाही से कोई मौत होगी तो तुरंत हजारों की संख्या में जनता के साथ सड़क पर उतर कर संवैधानिक तरीके से मांग करेंगे व उन्हें जल्द से जल्द हल भी करवाएंगे। मौके पर उनके साथ मृतक कुनाल के पिता अर्जुन सिंह, अनशनकारी बाबा रामकेवल, विनय प्रधान, बिजेन्द्र सागर, सुखपाल वाल्मीकि, सुदेश राणा सहित सैकड़ों कालोनीवासी मौजूद थे। गौरतलब है कि अभी हाल ही में 10 वर्ष के कुणाल नामक बच्चे की मौत एयरफोर्स रोड पर खुले नाले में गिरने से हो गई थी जो कि एन आईटी 86 विधानसभा क्षेत्र में आता है। बच्चे की दर्दनाक मौत से जनता में काफी रोष था और प्रवासी नेता संतोष यादव ने नगर निगम के बाद एक और बड़ा आंदोलन सरकार के खिलाफ कर दिया।

## चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष कमेटी ने सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** चंदावली फ्लाईओवर संघर्ष कमेटी ने फरीदाबाद के जिला उपायुक्त विक्रम सिंह व पुलिस कमिश्नर विकास कुमार को ज्ञापन देकर चन्दावली पुल पर एनएचआईए से एलिवेटेड फ्लाईओवर बनवाने की मांग की तथा मांग पूरी ने होने पर शान्ति पूर्ण धरना देने के बारे में अग्रिम सूचना दी। इस मौके पर पूर्व विधायक आनन्द शर्मा के पुत्र हेमन्त शर्मा ने बताया कि इस संदर्भ में वे मुख्यमन्त्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय मन्त्री नितिन गडक़री से दो बार मुलाकात कर चुके है। परन्तु अभी तक एनएचआईए ने चन्दावली पुल पर एलिवेटेड सेक्शन की मांग को नहीं माना हैं तथा एनएचआईए विभाग चंदावली पुल पर मोहना रोड को कभी भी बंद कर सकती। अब सभी मोहना रोड पर पडने़ वाले गांवों के लोग एनएचआईए से परेशान हैं और यदि एनएचआईए उनकी जायज मांग को नहीं मानती है तो वो सभी लोग आने वाले समय में कभी भी अनिश्चितकालीन शान्ति पूर्ण धरना शुरू कर देंगे। इस मौके पर किशन सिंह चहल, बलजीत, ओम दत्त नंबरदार, डब्बू चहल, वीरपाल नंबरदार, कुलदीप यादव, संजू, राजकुमार सैनी, समयवीर, मूलचंद यादव, ईश्वर लांबा, राजेश यादव, जसवंत पवार, पुष्कर दयाल मौजूद रहे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में जेसी बोस का शानदार प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों की टीम ने आईआईटी जोधपुर में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, तथा बास्केटबॉल तथा क्रिकेट प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की बास्केटबॉल टीम प्रतियोगिता के सेमिफाइनल तक पहुंची, जबकि विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम प्रतियोगिता में विजेता रही। विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने सेमिफाइनल में मेजबान आईआईटी जोधपुर को पांच विकेट से पराजित किया, जिसमें टीम के खिलाड़ी आशीष चंदीला, अभिषेक जाखड़ व अरविंद ने अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में विश्वविद्यालय की टीम ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेंकटेश्वर कालेज को छह विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में कप्तान अभय ढिल्लो तथा साहिल गुलिया ने शानदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय की विजेता टीम से आज कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने मुलाकात की। कुलपति प्रो. तोमर तथा कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने टीम को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अनुराधा पिल्लाई तथा खेल अधिकारी डॉ. सुनीता कोक भी उपस्थित थीं।

## सीएमओ और जांच कमेटी के खिलाफ बुजुर्गों ने किया प्रर्दशन



**फरीदाबाद।** सीएमओ द्वारा बनाई जांच कमेटी द्वारा बीके हार्ट सेंटर की क्लीन चिट दिए जाने के विरोध में बुजुर्गो ने वृद्वाश्रम के संचालक किशन लाल बजाज के नेतृत्व में सेक्टर-12 लघु सचिवालय पर जोरदार प्रर्दशन किया। बजाज ने बताया कि ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम के बुजुर्ग विजय कुमार का इलाज हार्ट सेंटर में हुआ था। जहां उसका सही स्टंट ना डालने का आरोप उन्होंने लगाया था। उनकी शिकायत पर सीएमओ ने जांच कमेटी भी बनाई गई थी। लेकिन जांच कमेटी ने हार्ट सेंटर के डाक्टरों को क्लीन चिट दे दी। जांच कमेटी और सीएमओ के खिलाफ किशन लाल बजाज के नेतृत्व में सेक्टर-12 लघु सचिवालय पर बुजुर्ग पहुंचे और जोरदार प्रर्दशन किया। किशन लाल बजाज ने कहा कि वह करवाई गई जांच रिपोर्ट से वे संतुष्ट नहीं हैं। क्योकि बीके अस्पताल के डाक्टरों की ही जांच कमेटी बनाई गई थी। जिन्होंने सिर्फ उनको बचाने का काम किया है। उनकी मांग है कि जिला उपायुक्त जांच कमेटी बनाएं जो इसकी जांच करवाएं। प्रदर्शन के बाद उपायुक्त को ज्ञापन पत्र सौंपा गया। उपायुक्त ने उन्हें जांच करवाने का आश्वासन दिया है।

## जूनियर स्टेट वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन



**फरीदाबाद।** हिसार जिला वालीबॉल संघ के सचिव भूपेंदर ढुल मुंढाल ने बताया कि 10वीं राज्य स्तरीय वालीबॉल गांव में 4 नवम्बर से 6 नवम्बर तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत खेल मैदान मुंढाल में किया गया। इस राज्य प्रतियोगिता में 2004 जन्म तक के खिलाड़ी बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ वालीबाल हरियाणा महासचिव सूबे सिंह और एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा किया गया। जिला सचिव भूपेंदर ढुल ने बताया कि लड़का वर्ग में प्रथम स्थान पानीपत व गुरु ग्राम संयुक्त विजेता रहे, द्वितीय स्थान पर फतेहाबाद और तीसरे स्थान पर साई कुरुक्षेत्र की टीम रही। भूपेंदर ढुल के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लड़कियों में पहला स्थान पानीपत ने, दूसरा स्थान करनाल ने और तीसरा स्थान स्पोर्ट्स स्कूल राई और जींद जिले ने प्राप्त किया। भारतीय ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष एवं वालीबॉल संघ हरियाणा के अध्यक्ष कर्ण सिंह चौटाला सिरसा ने सभी टीम विजेता खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की। चैंपियनशिप के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डाक्टर सत्तेन मान, इनेलो नेता उम्मेद सिह लोहान और सुनील लांबा रहे। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि विनोद ढुल, राकेश ढुल, संदीप जग्गल, कुलदीप जग्गल, जिला पार्षद राजा शर्मा, विजय भारद्वाज, संदीप, एथलेटिक कोच राजेंदर और सतेंदर ढुल प्रदेश सचिव इनेलो आदि प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 10 नवंबर, 2022




# केरल प्रकरण

## राज्यपाल का दृष्टिकोण

**केरल** के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान व पिनरई विजयन के नेतृत्ववाली वामपंथी सरकार का झगड़ा किसी धारावाहिक की तरह रोज-रोज नए एपिसोड के साथ बढ़ता ही जा रहा है। इसमें निरंतर नए-नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं जो किसी भी लोकतांत्रिक संघीय ढांचे के लिए स्वस्थ नहीं माना जा सकता। हाल ही में एक पत्रकार वार्ता में राज्यपाल ने दो पत्रकारों को लेफ्ट कैडर का समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए बाहर करवा दिया। राजनीतिक हल्कों में एक वर्ग ने इसकी घोर आलोचना की जो इस लिहाज से कुछ हद तक न्यायसंगत अवश्य कही जा सकती है कि आरिफ मोहम्मद खान जैसे मंझे हुए राजनीतिज्ञ ऐसा करने से बचते तो बेहतर होता। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच के विवाद में न तो किसी एक को पूरी तरह दोषी ठहराया जा सकता है और न ही दोष मुक्त। कहीं पर एक अपनी सीमा का अतिक्रमण करता है तो कहीं पर ऐसा ही आचरण दूसरा करता है।


विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति ही ऐसा दायित्व होता है जिसका निर्वहन राज्यपाल को करना होता है लेकिन बीते सालों में बहुधा यह देखने को मिला है कि केन्द्र व राज्य में अलग-अलग दलों की सरकारों के होने के कारण राज्यपाल को इस दायित्व को निभाने में तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। केरल भी इस दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति का अपवाद नहीं है। राज्यपाल राज्य में केन्द्र सरकार का संवैधानिक प्रतिनिधि होता है और दोनों में टकराव की स्थिति में उसका केन्द्र की इच्छानुसार कार्य करना न तो अप्रत्याशित है और न ही कुछ ऐसा जो अचानक होने लगा हो। आजादी के बाद से ही राज्यपाल की भूमिका और कार्यप्रणाली जब तब आलोचना व समालोचना का केन्द्र



बतनी रही हैं। केरल में भी इसी तर्ज पर तू डाल-डाल मैं पात-पात का खेल चल रहा है। कुछ समय पहले तक पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व तत्कालीन राज्यपाल जगदीप धनखड़ (अब उपराष्ट्रपति) के बीच तलवारें खिंची रहती थीं। भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोधी तो यह कहने से भी नहीं चूकते कि ममता बनर्जी के खिलाफ अनवरत मोर्चा खोले रहने के पारितोषक के रूप में ही धनखड़ को उपराष्ट्रपति का पद मिला है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन व राज्यपाल आरएन रवि के बीच भी ऐसी ही तनातनी चल रही है। स्टालिन ने राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू को ज्ञापन देकर राज्यपाल आरएन रवि को बर्खास्त करने की मांग की है। ममता बनर्जी व धनखड़ के बीच रिश्ते तो इतने अप्रिय हो गए थे कि एक दूसरे की शक्तियों को ही कमतर करने की कोशिशें की जाने लगीं। लगभग ऐसे ही हालात केरल में आरिफ मोहम्मद खान व पिनरई विजयन के बीच भी बन गए हैं और भविष्य में इनका अवांछित व अलोकतांत्रिक चेहरा सामने आए तो आश्चर्य नहीं होगा। वैचारिक विरोध लोकतंत्र का अपरिहार्य व सुंदर आभूषण है। लोकतांत्रिक संस्थाएं व वैचारिक मतभिन्नता लोकतंत्र के दो पहिए हैं और दोनों के सुचारू संचालन से ही लोकतंत्र और वैभवशाली होगा। सरकारिया कमीशन की सिफारिशों में भी राज्यपाल की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कई अनुशंसाएं की गई हैं लेकिन अभी तक किसी सरकार ने इनके क्रियान्वयन के संबंध में कोई पहल नहीं की है। बहरहाल राज्यपाल व वामपंथी सरकार दोनों को ही यह समझना चाहिए कि उन दोनों के बीच निरंतर उपजने वाले विवाद किन्हीं व्यक्तियों की यश-अपयश की गाथा को नहीं लिखेंगे। अपितु ऐसे विवाद लोकतांत्रिक संस्थाओं को ही नुकसान पहुंचाएंगे। ऐसी स्थिति से बचना ही श्रेयस्कर होगा।

# कन्याओं के लिए महत्वपूर्ण किताब

'गुड नाइट स्टोरीज़ फ़ार रीबल गर्ल्स: हंड्रेड टेल्स ऑफ़ एक्स्ट्राआर्डिनरी वीमेन' नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक पुस्तक है।



**रुचा सतूर**
(लेखिका, विकास के क्षेत्र में कार्यरत हैं।)



**हर** रात बिस्तर पर सोने जाने से पहले साढ़े पांच साल आयु की तारा अपने माता-पिता नेहा व सौमित्र के साथ एक काम करती है। वे रात को सोने वाले कपड़े पहनते हैं, बिस्तर ठीक करते हैं और फिर 'गुड नाइट स्टोरीज़ फ़ार रीबल गर्ल्स: हंड्रेड टेल्स आफ़ एक्स्ट्राआर्डिनरी वीमेन' पुस्तक खोलते हैं। तारा इससे उन 100 महिलाओं में से किसी एक के बारे में पढ़ती है जिससे दुनिया भर में अन्य महिलाओं के प्रति उसकी सोच व्यापक होती है। आज मुझे भी इस कहानी पाठ में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। वे रोज रात इस किताब से अपनी सबसे प्रिय कहानी छांटते हैं।

तारा ऐसी अकेली लड़की नहीं है जो महिलाओं द्वारा किए जाने वाले सभी संभावित कामों की कल्पना करती है। आज इस पुस्तक की दुनिया भर में न केवल एक मिलियन से अधिक प्रतियां बिकी हैं, बल्कि इसका 47 भाषाओं में अनुवाद भी हुआ है। अब इसका दूसरा हिस्सा तथा लड़कों के लिए भी इतनी ही सशक्त किताब तैयार की गई है।

भाषाविद व उद्यमी सौमित्र बताते हैं, 'किताब के बारे में सबसे अच्छी बात है कि इसकी सभी कहानियां बहुत छोटी हैं।' हर कहानी केवल एक पेज की है और उसके साथ हर चरित्र का चित्र छपा है। तारा की सबसे पसंद कहानी मैरी काम है। वह इसे बहुत आसानी से समझ लेती है तथा इससे प्रेरणा प्राप्त करती है। उद्यमी तथा राजनीति विज्ञानी नेहा बताती हैं, 'हम हर रात एक कहानी पर चर्चा करते हैं, फिर कहानी के मुख्य चरित्र पर एक वीडियो देखते हैं। इसके बाद तारा अनेक सवाल पूछती है और हम उसके साथ इन पर चर्चा का प्रयास करते हैं।' इस पुस्तक का सुझाव युवा माता-पिता को उनके मित्रों ने दिया था और उन्होंने भी अपने कई मित्रों को इस पुस्तक का सुझाव दिया है।

हालांकि, यह पुस्तक लोकप्रिय प्रकाशक पेंग्विन ने छापी है, पर पुस्तक को तैयार करने की कहानी भी पुस्तक जितनी ही दिलचस्प है। सह लेखिकाओं इलीना फवाल्ली व फ्रांसिस्का केवेल्लो के अनुसार यह पुस्तक विशेष है क्योंकि इसके लिए क्राउड फंडिंग से हमने रिकार्ड एक मिलियन डालर एकत्र किए थे। क्राउडफंडिंग के इतिहास में गुड नाइट स्टोरीज़ फार रीबेल गर्ल्स सर्वाधिक फंडेड मूल पुस्तक है। इसके समर्थक आश्चर्यजनक रूप से 70 से अधिक देशों में हैं और इसमें दुनिया भर की दर्जनों अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली महिला कलाकारों ने काम किया है। इस पुस्तक ने उन माता-पिता को प्रेरित किया है जो अपने बच्चों में प्रगतिशील पठन की संस्कृति विकसित करने के साथ पुस्तकें खरीदने व पढ़ने का व्यवहार विकसित करना चाहते हैं ताकि उनकी बेटियां दुनिया की पुन: कल्पना कर सकें।

पुस्तक के मुद्रित रूप में असली दुनिया की कहानियों को रचनात्मक कथाओं में बदला गया है। यह छोटी लड़कियों के उपयुक्त तीन प्रमुख साहित्यिक शैलियों-जीवनी, परी कथाओं व ग्राफिक उपन्यासों, का मिश्रण करती है। कहानियों की शुरुआत 'एक समय की बात है' से होती है और ये एक संभावना खोलती हैं जहां युवा पाठिका असली जीवन में मिली उपलब्धियों की कल्पना कहानियों के रूप में करती है।

अंत में पुस्तक में अपनी कहानियां लिखने व अपने चित्र बनाने के छोटे-छोटे सुझाव हैं। इस फार्मेट से बच्चे स्वयं द्वारा किए जाने वाले कामों की संभावनाओं के बारे में सोचते हैं। जब लगभग 6 साल की अपनी भतीजी रूही के लिए मैंने यह पुस्तक पढ़नी शुरू की तो पता लगा कि यह पुस्तक कठिन संवाद को अपरिहार्य बना देती है। उसने मुझसे पूछा, 'विद्रोही का अर्थ क्या होता है?' मेरे पिता ने कहा, 'परेशानी पैदा करने वाला?' मेरी मां ने उनको खारिज करते हुए कहा, 'नहीं, इसका अर्थ अपने लिए तथा अपने विश्वासों के साथ खड़े होना है।'

निसंदेह रूप से 'रीबेल' या विद्रोही शब्द का अर्थ है कि लड़कियों को हमेशा 'गुड गर्ल्स' बने रहना जरूरी नहीं है, जबकि यह दबाव हमारी पीढ़ी की लड़कियों को उनके सपनों से काट देता था। पुस्तक पढ़ने के साथ रूही के एक नहीं, सैकड़ों सवाल सामने आए। न केवल प्रतियोगिताओं, बल्कि विभिन्न प्रकार की उपलब्धियों के विमर्श को शामिल करने वाली यह पुस्तक वयस्कों को जेंडर, राष्ट्र, नस्ल, भेदभाव, असमानता, प्रेम, जेंडर अभिव्यक्ति, विवाह व मृत्यु जैसे विषयों की चर्चा छोटी लड़कियों से करने को प्रेरित करती है। इन यथार्थों से बचने के बजाय लड़कियों को इनको समझने के लिए प्रेरित करना ज्यादा अच्छा है।


यह पुस्तक महिलाओं द्वारा छोटी लड़कियों को उपहार में देने योग्य है। शोधकर्ता व एक्टिविस्ट 31 वर्षीय आनन्दिता घोष ने कहा, 'मैंने यह पुस्तक अपनी भतीजियों को दी जिनकी आयु दो वर्ष से लेकर पांच वर्ष की आयु तक है। यह पुस्तक आपको समझदार बनाती है क्योंकि वयस्कों के रूप में भी हम अपने विचारों और तरीकों से बंधे रहते हैं। लेकिन बच्चे के साथ पढ़ना एकदम अलग है। बच्चों की तरह सवाल कोई नहीं पूछ सकता है। बच्चों के साथ इस पुस्तक के माध्यम से संवाद बहुत अच्छा होता है क्योंकि वे आपको सोचने के लिए मजबूर करते हैं।'

इस पुस्तक में केवल महिलाओं के एकमात्र वर्णन नहीं हैं, बल्कि अक्सर इसमें अन्य दिलचस्प चरित्र भी आते हैं। इटली की साइक्लिस्ट अल्फोनिया स्ट्राडा ने 26 साल तक बिना किसी चुनौती के विश्व रिकार्ड बनाया। उसके माता-पिता ने सोचा कि वह शादी के बाद साइकिल चलाना छोड़ देगी। लेकिन उसके पति ने प्रोत्साहित कर उसे विवाह में उपहार के रूप में साइकिल दी। हालांकि, पुस्तक में 'प्रख्यात' महिलाओं के साथ ही उन महिलाओं का भी वर्णन है जिन्होंने अनुचित निर्णय लिये।

ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में मार्गेट थैचर की बहुत प्रशंसा हुई जिससे वे सभी विरोधों का सामना कर सकीं। लेकिन वे उन नव-साम्राज्यवादी नीतियों के लिए भी जिम्मेदार हैं जिन्होंने दुनिया में अभूतपूर्व असमानता पैदा की। इसी प्रकार पुस्तक में बर्मा का प्रतीक बताने के लिए आंग सान सूकी की आलोचना की है क्योंकि सूकी ने जानबूझ कर रोहिंग्या मुसलमानों के नरसंहार के प्रति चुप्पी बनाए रखी। हालांकि, यह पुस्तक बहुत सौम्य तरीके से अपने पाठकों को बताती है कि असमानतायें बनी रहती हैं, पर उनकी सीमायें तोड़ी जा सकती हैं और तोड़ी जानी चाहिए।

सौमित्र तारा को पहली अफ्रीकन-अमेरिकन एस्ट्रोनाट माई सी. जेमिसन के बारे में पढ़ कर बता रहे हैं। इतनी छोटी बच्ची को 'दौड़' के बारे में कैसे बताया जा सकता है? लेकिन तारा काफी समझदार हो चुकी है। जब उसने हिलेरी क्लिंटन के बारे में पढ़ा तो पता चला कि केवल लड़कों को ही राष्ट्रपति बनने की अनुमति है। इसी प्रकार सऊदी अरब में केवल पुरुषों को ही वाहन चलाने की अनुमति है। इससे वह समझ गई कि नियम सबके लिए समान नहीं होते हैं। लेकिन नियम तोड़ने वाली महिलाओं के बारे में पढ़ने के बाद तारा भी अपने, अपनी बहनों व सहपाठिनियों के लिए संघर्ष को तैयार है। एक पाठक के रूप में माता-पिता को कठिन संवाद के लिए भी तैयार रहना चाहिए क्योंकि विद्रोहियों की उपलब्धियां ज्यादा निजी, व्यक्तिगत, आत्मकेन्द्रित व घरेलू स्तर पर हो सकती हैं। इसमें असमान विवाह संबंध से बाहर निकलना, स्वयं अपना स्वास्थ्य ठीक करना, प्रिय जन के साथ खड़े होना, अपने आप में उत्कृष्टता पैदा करना शामिल हैं। यह पुस्तक सौम्य तरीके से इस दिशा में निर्देशित करती है। लेकिन वयस्क पाठकों को छोटे बच्चों में विद्रोह व वीरता की समझ पैदा करने के लिए काफी अतिरिक्त परिश्रम करने की जरूरत होगी।

# रूस-यूक्रेन में युद्धविराम संभव



**पी. के. वासुदेव**
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं)

**रूस**-यूक्रेन युद्ध उम्मीद से बहुत लंबा खिंच गया है। यह अब नवें महीने में प्रवेश कर चुका है, जबकि हमले के समय पुतिन का अनुमान इसे कुछ ही सप्ताह चलने का था। युद्ध के लंबा खिंचने के कारण हो रही हथियारों, रक्षा उपकरणों, जनशक्ति और मिसाइलों की कमी रूस के लिए एक बड़ा झटका है। रूस ने पहली बार स्वीकार किया है कि उसके पास यूक्रेन के खिलाफ अपने युद्ध में जुटाए गए सैनिकों के लिए पर्याप्त उपकरण नहीं हैं, खास तौर पर मिसाइलें। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने 26 अक्टूबर को संवाददाताओं से कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आंशिक लामबंदी डिक्री के तहत यूक्रेन में लड़ने के लिए भेजे जा रहे सैकड़ों हजारों लोगों के लिए उपकरण संबंधित समस्याएं पैदा हो गई हैं।

यूक्रेनी सैनिकों ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के दौरान, 24 अक्टूबर, 2022 को पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति में एक स्थान पर अपने हथियारों की जांच की थी। इसके बाद से यूक्रेन लगातार पश्चिमी देशों की सहायता से अपना हथियार भंडार बढ़ाता जा रहा है। इससे रूस पर भारी दबाव पड़ रहा है। क्रेमलिन प्रवक्ता पेसकोव ने कहा कि पुतिन द्वारा बनाई गई एक नवगठित परिषद उपकरणों से जुड़ी समस्याओं को हल करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, ' स्थिति को सुधारने के लिए उठाए गए कड़े कदम पहले ही सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। '

पुतिन ने 25 अक्टूबर को सैन्य आपूर्ति और रसद के लिए अपनी समन्वय परिषद की पहली आधिकारिक बैठक की। यह परिषद 21 अक्टूबर को बनाई गई थी, और इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि युद्ध में उसकी सेना के पास पर्याप्त आपूर्ति हो। क्रेमलिन की वेबसाइट के अनुसार, परिषद की स्थापना '' विशेष सैन्य अभियान के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी आवश्यकता को पूरा करने के लिए'' की गई थी। रूसी मीडिया के अनुसार इन आवश्यकताओं में आयुध, सैन्य और विशेष उपकरण, सामग्री, चिकित्सा और स्वच्छता सेवाओं, रखरखाव और अन्य गतिविधियों और रसद की आपूर्ति और मरम्मत शामिल है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने रूसी प्रधान मंत्री मिखाइल मिशुस्टिन को परिषद के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया, जबकि दिमित्री ग्रिगोरेंको, उप प्रधान मंत्री और सरकारी कर्मचारियों के प्रमुख, और मंटुरोव, मिशुस्टिन के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करेंगे। परिषद द्वारा साप्ताहिक तौर पर पुतिन को रिपोर्ट करने की उम्मीद है। पुतिन ने 14 अक्टूबर को कहा कि उनकी 'आंशिक लामबंदी' लगभग पूरी हो चुकी है, और अब तक 222,000 सैनिकों का मसौदा तैयार किया जा चुका है। रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने 21 सितंबर को कहा कि रूस ''कुछ सैन्य विशिष्टताओं और प्रासंगिक अनुभव'' के साथ 300,000 आरक्षित सेनाओं और पूर्व सैन्य कर्मियों को लामबंद करने हेतु लक्षित करेगा। इसके उलट यूक्रेन के सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रवक्ता अलेक्जेंडर स्टूपुन ने 7 अक्टूबर को कहा कि पुतिन के सैनिक उपकरण और हथियार प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्टूपुन ने कहा, 'रूसी संघ के सैन्य नेतृत्व द्वारा किए गए लामबंदी उपायों के भौतिक समर्थन के साथ महत्वपूर्ण समस्याएं हैं।

इस प्रकार, अक्टूबर की शुरुआत में, नोवोसिबिर्स्क हायर कमांड स्कूल के आधार पर रहने वाले 8,000 व्यक्ति जुटाए गए, और इन व्यक्तियों में से आधे से अधिक को सैन्य वर्दी प्रदान नहीं की गई थी।'' अनेक राजनीतिक विश्लेषकों व सैन्य विशेषज्ञों का मानना है कि रूस के पास पुराने हथियार हैं और वह तकनीक तथा गतिशीलता के मामले में पश्चिमी देशों में विकसित हथियारों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है।

यूक्रेन की सुरक्षा सेवा (एसएसयू) ने कहा कि उसने एक रूसी सैनिक के फोन पर बातचीत को इंटरसेप्ट किया जिसमें उसने उपकरण और हथियारों की कमी होने की शिकायत की थी, जबकि रूसी सोशल नेटवर्क पर वीडियो में पुरुषों को जंग लगे हथियारों के साथ दिखाया गया है। मिसाइलों की कमी रूस के लिए एक गंभीर समस्या है, हालांकि इसे जल्द ही ईरान से कम से मध्यम दूरी की मिसाइलों की अपेक्षित डिलीवरी से हल किया जा सकता है। यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में इसकी गंभीर भागीदारी के कारण रूस द्वारा रूसी इस्कंदर मिसाइलों का नियमित रूप से निर्माण नहीं किया जा रहा है। कहा जाता है कि उत्तर कोरिया भी परोक्ष रूप से मिसाइल सप्लाई के माध्यम से रूस की मदद कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसकी गंभीरता से जांच करने की बात कही है।

कम दूरी की इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली 1980 के दशक में विकसित की गई थी और तब से रूसी सेना द्वारा इसका उपयोग किया जा रहा है। मिसाइल प्रणाली कई पारंपरिक आयुधों को उड़ाने में सक्षम है और यूक्रेन संघर्ष के दौरान क्लस्टर हथियारों को जलाने के लिए इस्तेमाल किया गया है। यह परमाणु आयुध दागने में भी सक्षम है। सिस्टम द्वारा लॉन्च की गई मिसाइलें 500 किमी तक की दूरी तय कर सकती हैं।

इस्कंदर मिसाइल को मोबाइल लॉन्चर से 16 मिनट में लॉन्च किया जा सकता है और दूसरी मिसाइल को एक मिनट से भी कम समय में लॉन्च किया जा सकता है। इन रॉकेटों की घटती आपूर्ति रूस के लिए यूक्रेन के प्रमुख शहरों में नागरिक बुनियादी ढांचे पर मिसाइल हमलों के उसके अभियान को जारी रखना काफी कठिन बना देगी।

यूक्रेनी वायु सेना के प्रवक्ता यूरी इहनाट ने बताया कि कैसे रूसी सेना ने शेष बचे मिसाइल के नुकसान को कम करने के लिए अपने लक्ष्य बदल दिए हैं। इहनत ने कहा, 'दुश्मन इस्कंदर मिसाइलों की भारी कमी का सामना कर रहा है। उन्होंने पहले ही अपने मुख्य स्टॉक का उपयोग कर लिया है ।' उन्होंने कहा, 'हम देखते हैं कि दुश्मन अब सैन्य ठिकानों, सैनिकों या अन्य रणनीतिक स्थलों में दिलचस्पी नहीं ले रहा है। रूस और अधिक मिसाइलों के लिए उत्तर कोरिया की ओर रुख कर रहा है।

खुफिया निदेशालय के प्रमुख कायरिलो बुडानोव और यूक्रेनियन प्रावदा ने खुलासा किया कि रूस की इस्कंदर मिसाइलों में से केवल 13 प्रतिशत ही बची थीं। बुडानोव ने कहा कि इस्कैंडर्स के संदर्भ में लगभग 13 प्रतिशत, केलिब्र-पीएल, लगभग 43 प्रतिशत केलिब्र-एनके मिसाइलों, और केएच -101 और केएच-555 मिसाइलें लगभग 45 प्रतिशत शेष हैं। आमतौर पर 30 प्रतिशत से कम होना बहुत खतरनाक होता है, क्योंकि यह पहले से ही एनजेड (न्यूनतम भंडार) में आ जाता है।

ईरान ने कथित तौर पर इस महीने की शुरुआत में रूस को जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के साथ-साथ और ड्रोन भेजने का वादा किया था। समझा जाता है कि 6 अक्टूबर को एक समझौते पर सहमति बनी थी। हथियारों, रक्षा उपकरणों, जनशक्ति और मिसाइलों की कमी रूस के लिए एक बड़ा झटका है जो पुतिन को यूक्रेन में युद्धविराम की घोषणा करने के लिए मजबूर कर सकती है। रूस पर भारत समेत अनेक देश इसके लिए दबाव भी डाल रहे हैं। कहा जाता है कि अमेरिकी अधिकारी यूक्रेन को भी इसके लिए तैयार कर रहे हैं।

## आप की बात

### भारत-रूस दोस्ती

**भारत** एवं रूस की दोस्ती लगभग 70 साल पुरानी है एवं इस दोस्ती में आज भी ना कभी दरार पड़ी है ना ही कोई खटास आई है। नेहरू, इंदिरा के जमाने से चली आ रही यह दोस्ती लगातार आज भी जारी है एवं आज भी उतनी ही गहरी और प्रगाढ़ है जितनी पहले के समय में थी। हर दुख. सुख के समय में रूस ने भारत का हमेशा साथ दिया है। चाहे मुसीबत कैसी भी रही हो, रूस हमेशा भारत के साथ चट्टान की तरह खड़ा रहा है। खाद्यान्न संकट की बात हो या फिर हथियार देने की बात हो हर तरह से रूस ने भारत की मदद की है। चाहे वह पाकिस्तान से युद्ध हो या फिर चाइना से युद्ध हमेशा रूस ने भारत को हर तरह की मदद पहुंचाई है। रूस में मौजूद हमारे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने समकक्ष विदेश मंत्री सरगेई लावरोव से बातचीत करते हुए यही बात कही है कि भारत एवं रूस के संबंध हमेशा ही असाधारण रूप से दृढ़ और समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं एवं उनमें गहराई भी सदा बनी रही है। आज रूस इस समय यूक्रेन के साथ युद्ध में लगा हुआ है परंतु इस कारण भारत रूस से अपनी दोस्ती को कभी नहीं तौड़ सकता है। आज हमारे संबंध इस युद्ध की वजह से किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हैं।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

### अस्थिर पाकिस्तान

**वैसे** देखा जाए तो पाकिस्तान में आंतरिक विवादों के चलते कभी स्थिरता कायम नहीं हो पाई है। सत्तापक्ष और सेना के साथ तालमेल के अभाव में प्रधानमंत्री का कार्यकाल पूरा नहीं हो पाना आम बात है। इमरान के साथ भी यही सब कुछ हुआ है। बढ़ती रार के बीच इमरान पर हमला पाकिस्तान के हालात समझने के लिए काफी है। ऐसे हालातों में हमें संभल कर रहना होगा ताकि असहज हालातों से निपटा जा सके। सत्ता से बेदखली के बाद इमरान का शहबाज सरकार पर जिस तरह हमला जारी था उससे यह कयास लगने शुरू हो गए थे कि विवाद कभी भी खूनी संघर्ष में बदल सकता है। इमरान पर ताजा हमला इस बात का पक्का सबूत है कि पाकिस्तान में आंतरिक उठापटक शुरू हो गई है। हमले में घायल इमरान का रुख घायल शेर की तरह होगा जो शाहबाज के लिए परेशानियों की वजह बन सकती है। इस हमले के बाद देखने वाली बात यही होगी कि पाक की अवाम किसका साथ देती है। पर इतना तो निश्चित है कि आने वाला समय वर्तमान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के लिए आसान नही है।

**अमृतलाल मारू,** इंदौर


### कामन सिविल कोड

**कॉमन सिविल कोड** यानि समान नागरिक संहिता एक बड़ी राष्ट्रीय बहस का मुद्दा बन चुका है। भाजपा नीत राज्य सरकारें- उत्तराखंड, हिमाचल, गुजरात एवं गोवा- इस दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। चुनावों के इस माहौल में गुजरात और हिमाचल में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में समान नागरिक संहिता का वायदा किया है जिसका लाभ भाजपा को मिल सकता है। यही कारण है कि इन राज्यों में विपक्षी खेमे में चिंता की लकीरें भी साफ दिखाई दे रही है। विपक्षी दलों ने इसका खुलेआम विरोध नहीं किया है। चुनावी राज्यों में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भाजपा को ही इस मुद्दे पर गंभीर ना होने का आरोप लगाकर कठघरे में खड़ा कर दिया है। स्पष्ट है कि उठापटक और दांवपेच की राजनीति में यह मुद्दा एक राजनीतिक मुद्दा है लेकिन यह राष्ट्र व्यापी बहस का मुद्दा है इस मुद्दे पर संसद और विधानसभा में बहस होनी चाहिए। केंद्र सरकार भी संसद में इस आशय का प्रस्ताव पास करा सकती है। बहस में सामने आए संशोधन भी समान नागरिक संहिता में शामिल हो सकते हैं।

**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**भाजपा** लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित झारखंड सरकार को अस्थिर करने के लिए केन्द्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

– **हेमंत सोरेन**
झारखंड के मुख्यमंत्री



**हमारा** वजीराबाद में वहीं से फिर शुरू होगा जहां मुझे व 11 अन्य लोगों को गोली मारी गई थी तथा मुअज्जम शहीद हुए थे।

– **इमरान खान**
पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री



**मुझे** तेलंगाना के लोगों का प्यार याद रहेगा। धन्यवाद। हमारी यात्रा आपकी मजबूत भावनाओं को आगे बढ़ाएगी।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में उत्तर प्रदेश कर रहा है कार्यः योगी

● ईरानी प्रतिनिधिमंडल से बोले सीएम योगी-भारत की आत्मा है उत्तर प्रदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में उत्तर प्रदेश कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आबादी के लिहाज से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। वर्तमान में 25 करोड़ की आबादी यहां निवास करती है। वर्तमान में देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उत्तर प्रदेश है। सीएम योगी ने कहा कि हम देश के अंदर क्षेत्रफल की दृष्टि से नम्बर एक पर नहीं हैं लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में नम्बर एक पर है। देश के खाद्यान्न उत्पादन में उत्तर प्रदेश का योगदान 20 फीसदी से अधिक है।

उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का हब बनाने की सीएम योगी की प्रतिबद्धता के परिणाम नजर आने लगे हैं। इस कड़ी में बुधवार को सीएम योगी ने अपने सरकारी आवास पर इंडिया फाउंडेशन एवं इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटिकल एंड इंटरनेशनल स्टडीज ईरान के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ईरान के राजदूत डा इराज इलाही के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आत्मा है। सीएम योगी ने कहा कि सबसे उर्वरा भूमि और जल संसाधन हमारे पास है। उत्तर प्रदेश गेहूंए चीनी समेत तमाम अन्य खाद्यान्न संसाधनों के साथ ही फलों, सब्जियों और दुग्ध उत्पादन में नम्बर एक है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ समय में उत्तर प्रदेश के अंदर इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि हमारे पास अच्छी कनेक्टिविटी है। आज प्रदेश का प्रत्येक कोना रेल, अच्छे हाइवे और एयर कनेक्टिविटी की सुविधा से जुड़ा हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में नियोजित प्रयासों के साथ यूपी देश में औद्योगिक निवेश के लिए सबसे अच्छा गंतव्य बनकर उभरा है। राज्य के प्रमुख उद्योगों में सीमेंट, वनस्पति तेल, कपड़ा, सूती धागा, चीनी, जूट, कालीन, पीतल के बर्तन, कांच के बने पदार्थ और चूड़ियां और चमड़े के सामान शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ओडीओपी से वैश्विक स्तर पर अपनी एक अलग पहचान विकसित कर रहा है। उत्तर प्रदेश एक उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में विकसित हो रहा है।

# संसद की तर्ज पर यूपी विधानसभा भी चुनेगी अपना सर्वश्रेष्ठ विधायक

● विधानसभा नियमावली 1958 में होगा बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा है कि सदन के सदस्यों को क्षेत्र के विकास तथा जनसेवा के साथ अपने विशेष योग्यता के उपयोग पर भी काम करना चाहिए। उत्तर प्रदेश विधान सभा के हर सदस्य को अपने अनुभवों का लाभ विधानसभा तथा जनमानस को देना चाहिए। हम विधायक के रूप में अपने क्षेत्र के लिए और क्या कर सकते हैं। इस बात को सदन में रखने की जरूरत है। श्री महाना ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ संसद की तरह यूपी विधान सभा में सर्वश्रेठ विधायक भी चुने जाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दावा नही करता कि पांच साल में सब कुछ बदल दूंगा परंतु जो एक लौ जलाई है उसकी रोशनी दूर तक जाएगी। विधानसभा अध्यक्ष ने यह बातें आज शोध उपाधि धारकों तथा पूर्व शासकीय सेवा में रहे विधायको के साथ एक बैठक में कही। उन्होंने कहा कि विधानसभा एक परिवार की तरह है। इसमें अच्छे और कुछ कम अच्छे विधायक हो सकते हैं लेकिन हमें अपने परिवार की तरह सबकी चिंता करनी है। विधानसभा अध्यक्ष इससे पहले 40 वर्ष तक के युवा विधायकों, डाक्टर्स, बीबीए, एमबीए, सीनियर तथा महिला विधायकों के साथ समूह बैठकें कर चुके है। उसी श्रंखला में आज उन्होंने यह बैठक आयोजित की थी। विधान सभा अध्यक्ष ने कहा पक्ष-विपक्ष की जो जिम्मेदारी है। वह हमें एकजुटता के साथ निभाना चाहिए, हम पहले तो एक सदन के सदस्य हैं। हमने महिला विधायकों का जब विशेष सत्र आयोजित किया तो लोकसभा सहित पूरे देश में इसकी चर्चा हुई।

# 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा बने मतदाताः सीईओ

● प्रत्येक नागरिक लोकतंत्र में वोट के माध्यम से दें अपना योगदानः एसपी गंगवार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्य** स्तरीय संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का कार्यक्रम लखनऊ विवि के राधाकमल मुखर्जी सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, मतदाता कार्यक्रम 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। पुनरीक्षण के दौरान 1 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन फार्म भर सकते हैं। इसके अलावा 1 अप्रैल, 1 जुलाई व 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवा भी मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं किन्तु इनका नाम अभी मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होगा। इसे होल्ड कर दिया जाएगा। इसके बाद उक्त अवधि में 18 वर्ष पूर्ण करते ही इन युवाओं का नाम स्वतः वोटर लिस्ट में जुड़ जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह सुविधा पहली बार प्रदान की गयी है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को अधिक से अधिक वोटर बनाना है।

श्री शुक्ला ने बताया निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2023 के आधार पर कराया जा रहा है। जहां उप चुनाव होने हैं उन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को छोडकर शेष समस्त विधान सभा क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराया जायेगा। 9 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। मतदान केन्द्रों पर मतदाता पंजीकरण के लिए 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर, 4 दिसम्बर को विशेष अभियान दिवस की तिथियां निर्धारित हैं। 26 दिसम्बर को निर्वाचक नामावलियों के संबंध में दावे और अपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा तथा 5 जनवरी को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि 1 जनवरी 2023 को अर्हता आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए पूरे प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान आज से चलाया जा रहा है।

# प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त 8496 मदरसों का सर्वे कार्य पूरा

● अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार का उद्देश्यः धर्मपाल सिह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिक वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे कार्य के संबंध में बुधवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार कुल चिन्हित 8496 मदरसों के सापेक्ष शत-प्रतिशत मदरसों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 75 जनपदों के सापेक्ष 60 जनपदों द्वारा सर्वे रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जा चुकी है तथा शेष 15 जनपदों की सर्वे रिपोर्ट भी निर्धारित अवधि में उपलब्ध हो जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी जनपदों से रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जायेगी और आवश्यक निर्णय लिये जायेंगे। राज्य सरकार द्वारा सर्वे कार्य का उद्देश्य अल्पसंख्यक वर्ग को समाज की मुख्य धारा में शामिल करना और विकास की गति से जोड़ना है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने मदरसों के सर्वे कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक विभाग ने कम समय में वृहद स्तर पर विभिन्न समस्याओं का सामना करते हुए निर्धारित अवधि में सर्वे कार्य सम्पन्न कराया है, जो कि सराहनीय है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए कि सर्वे कार्य का परिणाम सकारात्मक हो और इससे अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र एवं छात्रायें अधिकाधिक लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा उपलब्ध कराना राज्य सरकार का उद्देश्य है। बच्चे देश का भविष्य हैं और बच्चों के भविष्य को बनाना और संवारना हम सबकी महती जिम्मेदारी है। बच्चों के भविष्य के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष किसी भी रूप में खिलवाड़ नहीं करने दिया जायेगा। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र एवं छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही हम सबका प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए और उसी के आधार पर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाना चाहिए।

## उपचुनाव के साथ निकाय चुनाव भी गठबंधन करके लड़ेंगे सपा व रालोद

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन करके लोकसभा और विधानसभा उप चुनाव के साथ-साथ यूपी में निकाय चुनाव भी लड़ेंगे। दोनों पार्टियां आपस में सामंजस्य बैठाते हुए उम्मीदवार तय करेंगी। इसके आधार पर निकाय चुनाव के लिए पश्चिमी यूपी में उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी। इस सम्बन्ध में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर बुधवार को एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकाय चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल के साथ समन्वय और प्रत्याशियों के चयन का काम करेगी। इसमें शाहिद मंजूर विधायक, संजय गर्ग पूर्व विधायक, प्रो. सुधीर पंवार पूर्व राज्यमंत्री, अतुल प्रधान विधायक, पंकज मलिक विधायक, राकेश यादव पूर्व एमएलसी व शोकिंद्र तोमर ;बागपत शामिल रहेगे। उत्तर प्रदेश में जल्द ही निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# देर रात पूर्वांचल एक्सप्रेसवे टोल प्लाजा पर मंत्री ने किया निरीक्षण



● औचक निरीक्षण में सामने आई कई खामियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने जम्मू कश्मीर सरकार के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पैतृक आवास मोहनपुरा गाजीपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा समापन समारोह से लखनऊ लौटते समय देर रात करीब एक बजे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 9.5 किलोमीटर पर स्थित संसारा टोल प्लाजा महुआ कला लखनऊ का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण की कार्यवाही में मंत्री नन्दी ने कई खामियां पकड़ी, उपस्थित कर्मचारियों की संख्या मानक से कम होने एवं उपस्थिति रजिस्टर में लापरवाही मिलने पर मंत्री नन्दी ने सम्बंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने एवं सम्बंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर कुल टोल बूथों की संख्या 116 हैं। जहां कार्मिक उपलब्ध कराए जाने की जिम्मेदारी अनुबन्ध के अनुसार मेसर्स कोरल एसोसिएट्स को सौंपी गई है। जिसके द्वारा सभी टोल बूथों पर कुल 1211 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात हैं। प्रत्येक बूथ पर मानक के अनुसार एक शिफ्ट में 40-50 कर्मचारी तैनात होने चाहिए लेकिन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के टोल बूथों पर प्रत्येक शिफ्ट में कर्मचारियों की संख्या मानक से काफी कम होने की शिकायत पिछले कई दिनों से औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी को मिल रही थी। जिसे मंत्री नन्दी ने काफी गम्भीरता से लिया। पिछले दिनों उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बैठक में भी औद्योगिक विकास मंत्री ने टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति संख्या कम मिलने पर सवाल उठाया था। इसके बाद भी सम्बंधित एजेंसी की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं आया। औद्योगिक विकास मंत्री ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सफर करते हुए एक्सप्रेसवे की व्यवस्था का निरीक्षण किया। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा-1 संसारा महुआ कला लखनऊ के पास पहुंचने पर मंत्री नन्दी ने अचानक अपने काफिले को रूकने का आदेश दिया। टोल प्लाजा पर अचानक औद्योगिक विकास मंत्री का काफिला रूकते ही टोल प्लाजा कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। औद्योगिक विकास मंत्री नन्दी ने टोल प्लाजा पर छापा मार व औचक निरीक्षण की कार्रवाई की। जहां अप और डाउन दोनों लेन पर 16 की जगह कुल 8 काउंटर ही खुले हुए मिले। टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों की संख्या पूछते हुए नन्दी टोल प्लाजा के मुख्य कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने कंट्रोल रूम की व्यवस्था देखी। इसके बाद उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण कियाए जो पूरी तरह से मेंटेन नहीं था। प्रति दिन बड़ी संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति नगण्य मिली। निर्धारित मानक के अनुसार एक शिफ्ट में 40-50 कर्मचारी तैनात होने चाहिए थे जबकि टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों की कुल उपस्थिति केवल पंद्रह ही मिली। जिस पर औद्योगिक विकास मंत्री ने नाराजगी जताते हुए मैन पॉवर उपलब्ध कराने वाली एजेंसी का लाइसेंस निरस्त करने के साथ ही एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए।

# गाजियाबाद समेत तीन और शहरों में लागू हो सकती है पुलिस कमिश्नर प्रणाली

● डीजीपी ने गृह विभाग भेजा प्रस्ताव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**देश** की राजधानी दिल्ली से सटे गाजियाबाद, आगरा व प्रयागराज में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने की तैयारी है। इसके लिए डीजीपी डीएस चौहान ने गृह विभाग को प्रस्ताव भेजा है। सूत्रों के मुताबिक गृह विभाग द्वारा सीएम के अनुमोदन के लिये जल्द ही प्रस्ताव भेजा जायेगा। यूपी में योगी के दोबारा सीएम बनने के बाद राज्य के कई और शहरों में कमिश्नरेट सिस्टम लागू करने की बात कही जा रही थी।

हालांकि सीएम योगी पिछली सरकार में ही कुछ शहरों में इसे लागू करने के पक्ष में थे लेकिन बाद में चुनाव की तारीख घोषित होने के कारण इसका ऐलान नहीं हो सका। वहीं अब बीजेपी की सरकार बनने और सीएम योगी के दोबारा सीएम बनने के बाद गृह विभाग व डीजीपी मुख्यालय अपनी तैयारियों में जुटा हुआ था। जानकारी के मुताबिक यूपी के तीन शहरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू किया जा सकता है, जबकि राज्य के चार शहरों लखनऊ, वाराणसी, गौतमबुद्धनगर और कानपुर में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम पहले से लागू है। आबादी के हिसाब से पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू करने की रेस में गाजियाबाद का नाम सबसे ऊपर है। इसके पीछे कारण यह माना जा रहा है कि गाजियाबाद से सटे दिल्ली व एनसीआर हैं, जहां अपराध और अपराधियों का बोलबोला रहता है। दिल्ली व इसके आसपास के अन्य राज्यों के सभी प्रमुख शहरों में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू है, केवल गाजियाबाद में नहीं है, इसलिए इसकी मांग की जा रही है। हाईकोर्ट व आबादी के हिसाब से उत्तर प्रदेश के बड़े शहर प्रयागराज में भी इसकी जरूरत बताई जा रही है।

# कांग्रेस नहीं लड़ेगी मैनपुरी और रामपुर का उपचुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** पार्टी प्रदेश मैनपुरी संसदीय सीट और रामपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का पूरा जोर आगामी नगर निकाय चुनाव पर है। पार्टी नगर निगम और नगर निकाय चुनाव के लिए मजबूती से तैयारी कर रही है।

पार्टी आगामी निकाय चुनाव में मजबूती के साथ उतरेगी। इसके लिए हर नगर निगम वार्ड व नगर निकाय के लिए रणनीति पर काम हो रहा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने इन चुनावों के बीच में जानबूझकर उपचुनाव की तारीख डाल दी है, जिससे कि बाकी पार्टियों का पूरा फोकस नगर निकाय और नगर निगम चुनाव से हटकर इन उपचुनाव पर लग जाए। भाजपा को नगर निगम और नगर निकाय चुनाव में अपनी खराब स्थिति को सुधारने का मौका मिल सके। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि मैनपुरी व रामपुर सीटों पर होने वाले उपचुनाव की तारीख के बाद में भी घोषित हो सकती थी लेकिन जानबूझकर इनकी तारीखों का एलान निकाय चुनाव के साथ किया गया है जबकि इन दोनों सीटों पर अगले छह महीने के बाद कभी भी चुनाव कराया जा सकता था। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष से जब यह सवाल पूछा गया कि उपचुनाव ना लड़कर क्या कांग्रेस सपा को फायदा पहुंचा रही है तो इस पर उन्होंने कहा कि हमारा पूरा फोकस निकाय चुनाव व 2024 का लोकसभा चुनाव है, उपचुनाव में जो पार्टियां लड़ना चाहती हैं वह लड़ें। कांग्रेस इतने कम समय में इन चुनावों में नहीं जाएगी।

## कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व विधायक अमर सिंह परमार

**लखनऊ।** राहुल गांधी द्वारा चलाई जा रही भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर आगरा से भाजपा के पूर्व विधायक अमर सिंह परमार अपने समर्थकों सहित बुधवार को कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी और राष्ट्रीय सचिव तौकीर आलम ने परमार और उनके समर्थकों को पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर इन सभी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस मौके पर पूर्व विधायक परमार ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा देश की जनता एवं संविधान की रक्षा के लिए लगातार सत्ता के विरुद्ध सड़क से सदन तक किए जा रहे संघर्षों की जमकर तारीफ की।

## सरिता तिवारी का ट्रांसफर, डॉ महेन्द्र देव को मिली जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के कार्यवाहक निदेशक के पद पर तैनात सरिता तिवारी का स्थानान्तरण शासन स्तर पर अपर शिक्षा निदेशक (पत्राचार) पद पर भेजा गया है। उनके स्थान पर डॉ महेंद्र देव को नया शिक्षा निदेशक माध्यमिक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में प्रमुख सचिव माध्यमिक दीपक कुमार ने आदेश जारी कर दिया है। शासन के इस निर्णय को लेकर विभाग में काफी चर्चाओं का बाजार गर्म है।

## नगर पंचायत व वार्डों के प्रभारी सौंपेंगे चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रत्याशियों का पैनल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने नगर पंचायतों, वार्डों में प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं जो चुनाव लड़ने वाले इच्छुक नागरिकों का पैनल तैयार कर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेगे। संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन के पदाधिकारियों तथा ब्लाक व वार्ड अध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि संगठन को चुस्त दुरूस्त करके जनता की आवज, किसानों, बेरोजगारों की आवज को लेकर ब्लाकों एवं तहसीलों पर उनके हितों की आवाज को उठाएं। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता पंकज तिवारी ने बताया कि नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर लखनऊ जिला कमेटी की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई।

# भाजपाई 15 लाख न सही 'खजांची' की फीस ही दे देंः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नोट बंदी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि भाजपाई 15 लाख न सही, 'खजांची' की फीस ही दे दें। उन्होंने कहा कि नोट बंदी को लेकर सारे दावे फेल हो चुके हैं बस यही उपलब्धि है कि नगदी का चलन 71.84 प्रतिशत बढ़ गया है और खजांची स्कूल जाने लगा। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात बुधवार को सपा मुख्यालय में नोटबंदी के दिन बैंक की लाइन में जन्मे 'खजांची' को उसके छठे जन्म दिन के मौके पर कही। उन्होंने खजांच की आशीर्वाद देते हुए बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामना की। अखिलेश यादव ने 'खजांची' को झींझक के रामा पब्लिक स्कूल में प्राइमरी में पढ़ाई पूरी कराने की जिम्मेदारी भी ली है। कानपुर देहात जनपद की तहसील डेरापुर के गांव अनंतपुर धौकल पोस्ट औरंगाबाद निवासी खजांची की मां सर्वेशा देवी तथा अन्य परिवारीजन छोटे नाथ, जरदान नाथ, पप्पू नाथ, प्रदीप नाथ, अमित नाथ, विपिन नाथ, राजीव नाथ गोल्डी तथा प्रीती ने भी श्री अखिलेश यादव से भेंट की।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने देश में बढ़ रहे कालाधन, नकली नोट, आतंकवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त करने के दावे के साथ 8 नवम्बर 2016 को नोटबंदी लागू की थी। नोटबंदी के 6वर्ष पूर्ण होने पर भी वह कालाधन, नकली नोट, आतंकवाद और भ्रष्टाचार को समाप्त नहीं कर पाई जबकि नोटबंदी से जनता परेशान और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है। स्मरणीय है, नोटबंदी के दौरान झींझक के पंजाब नेशनल बैंक की लाइन में लगी सर्वेशा देवी ने 9 नवम्बर 2016 को खजांची को जन्म दिया। इस गरीब परिवार की उस समय किसी ने मदद नहीं की। सिर्फ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ही घटना का संज्ञान लेकर परिवार की मदद की थी और नवजात का नाम 'खजांची' रखा था, तब से समाजवादी पार्टी हर वर्ष 'खजांची' का जन्मदिन मनाती है। इस अवर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, शाहिद मंजूर, लालजी वर्मा, रामअचल राजभर (सभी विधायक), प्रमोद त्यागी तथा नाहिद लारी खान, के.के. श्रीवास्तव तथा डॉ. हरिश्चन्द्र भी मौजूद थे।

## उत्तराखण्ड में नौजवानों का भविष्य अंधकार में

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना दिवस के दिन आज 9 नवम्बर को 22 वर्ष पूर्ण होने पर सभी उत्तराखण्डवासियों को बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि एवं प्रदेश की प्रगति की शुभकामना की है। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड के सतत विकास के साथ पलायन रोकने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तराखण्ड की स्थापना जिन ज्वलंत मुद्दों जल, जंगल, जमीन, रोजगार एवं पलायन को लेकर की गई थी वह आज भी वैसे ही उपेक्षित है। नौजवानों का भविष्य अंधकार में है।श्री यादव ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य बनने के बाद भाजपा और कांग्रेस सत्ता में भागीदारी निभाते रहे हैं परन्तु इन दलों ने उत्तराखण्ड आंदोलन और उसकी अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है। राज्य का विकास अवरूद्ध है। पर्यटन के नाम पर पर्यावरण बिगड़ रहा है और ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तराखण्ड बहुत पिछड़ा हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तराखण्ड की जनता के साथ भाजपा-कांग्रेस दोनों ने छलावा किया है। सत्ता के लिए सिद्धांतों की बलि चढ़ाने में संकोच नहीं किया। भ्रष्टाचार राज्य की नियति बन गया है। समाजवादी पार्टी विपक्ष में रहकर जनता की आवाज बनेगी।

# यूपी में होंगे वर्ष 2023-24 में खेलो इण्डिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स

● देश से लगभग 150 यूनिवर्सिटी के करीब 4500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, वूमेन्स गेम्स पर विशेष रहेगा फोकस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव, खेल डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि वर्ष 2023-24 में आयोजित होने वाले खेलो इण्डिया नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश में होंगे। उन्होंने बताया कि उड़ीसा और कर्नाटक के बाद उत्तर प्रदेश को नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की मेजबानी करने का मौका मिला है। सहगल ने जानकारी बुधवार को बापू भवन में आयोजित बैठक में दिए। इस मौके पर खेलो इण्डिया के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन हेतु प्रस्तुतिकरण दिया। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन प्रदेश के चार जनपदों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी तथा नोएडा में होगा। इसमें रोईंग, बास्केटबाल, जूडो, कबड्डी, कुश्ती, स्वीमिंग, बाक्सिंग सहित लगभग 20 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा और इन खेलों में पूरे देश से लगभग 150 यूनिवर्सिटी के करीब 4500 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि नोएडा में कबड्डी, जूडो, आर्चरी, तथा फेंसिंग का आयोजन होगा। गोरखपुर में रोईंग तथा वाराणसी में रेसलिंग, मलखम तथा योगा से संबंधित खेल प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जायेंगी। अन्य प्रतियोगिताएं लखनऊ में होंगी। डा. सहगल ने बताया कि नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स में अंडर-26 खिलाड़ी को हिस्सा लेंगे। वूमेन्स गेम्स पर विशेष फोकस रहेगा। प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों उच्च कोटि की सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी। नेशनल यूनिवर्सिटी गेम्स की भव्य ओपनिंग एवं क्लोजिंग सेरेमनी होगी। जिससे पूरे देश में खेल के प्रति अच्छा संदेश जायेगा। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी गेम्स के आयोजन से विश्वविद्यालयों में खेल का मौहाल बनेगा और यहां के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर खिलाड़ी बनने का अवसर प्राप्त होगा।

## 12 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्पोर्ट्स हास्टलों में नियुक्त किए गए प्रशिक्षक

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, खेल डा. नवनीत सहगल प्रदेश सरकार ने बताया कि 12 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को एक लाख 50 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय पर आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए आबद्ध कर लिया है। यह जानकारी अपर मुख्य सचिव, खेल, डा. नवनीत सहगल ने बुधवार को दी। बापू भवन में की श्री सहगल ने अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक में खेल प्रशिक्षकों को निर्धारित मानदेय पर रखे जाने की संस्तुति की गई। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में संचालित 16 खेलों यथा हॉकी, तैराकी, वालीबाल, जिम्नास्टिक, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल, बैडमिण्टन, टेबुल टेनिस, बास्केटबाल, कबड्डी, कुश्ती, बाक्सिंग, हैण्डबाल, जूडो तथा तीरंदाजी के लिए 44 आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रशिक्षण देने के लिए 50 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षक के रूप में रखा जायेगा।

# धान खरीद में घटतौली क्षम्य नहीं: अनुज सिंह

- डीएम ने नवीन गल्ला मंडी का किया औचक निरीक्षण
- मंडी निरीक्षण के बाद अचानक पहुंचे जिला चिकित्सालय

संवाददाता। सीतापुर

**जिलाधिकारी** अनुज सिंह ने बुधवार को नवीन गल्ला मण्डी सीतापुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिये कि जो किसान अपना धान विक्रय करने आयें उनसे अच्छा व्यवहार किया जाये। खरीद में कोई भी घटतौली न की जाये और न ही बेवजह किसानों को परेशान किया जाये। उन्होंने धान विक्रय करने आये किसानों से वार्ता की। जिलाधिकारी की उपस्थिति में किसानों द्वारा लाये गये धान की नमी परखी गयी। एक बोरी धान तौलकर भी देखा गया, जिसका वजन 40.80 कुन्तल था। जिलाधिकारी ने दूर से आये किसानों से आने का समय पूछा एवं उनसे वार्ता करते हुये मण्डी में मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। केन्द्र के आनलाइन आई0डी0 पर खरीद को देखा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव, मण्डी सचिव देवेन्द्र सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंडी निरीक्षण के बाद डीएम अनुज सिंह अचानक जिला चिकित्सालय सीतापुर जा पहुंचे। अस्पताल में जिलाधिकारी ने डेंगू वार्ड में पहुंचकर भर्ती डेंगू मरीजों से बात की एवं सुविधाओं की जानकारी ली। सीएमएस रमेश कुमार सिंह से जानकारी ली कि डेंगू के नियंत्रण एवं बचाव हेतु क्या-क्या प्रयास किये जा रहे हैं। सीएमओ एवं सीएमएस को निर्देश दिये कि डेंगू से बचाव हेतु अधिक से अधिक जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा यदि ग्रामीण क्षेत्रों में किसी गांव में किसी को भी डेंगू के लक्षण प्रतीत होते हैं तो उनकी जांच कर सी0एच0सी0 एवं पी0एच0सी0 में उपचार किया जाये। डेंगू नियंत्रक पोषक आहार की जागरूकता सभी को दी जाये। डीएम ने कोविड आईसोलेशन वार्ड का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 मधु गैरोला, सीएमएस रमेश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए 58 खिलाड़ी हुए रवाना

- जनपद रायबरेली में 10 से 12 नवंबर तक होगी प्रतियोगिता

संवाददाता। सीतापुर

**मंडलीय एथलेटिक्स** प्रतियोगिता 2022-23 में प्रतिभाग करने वाले 58 खिलाड़ियों को बुधवार राजकीय इंटर कालेज सीतापुर से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह सभी खिलाड़ी जनपद रायबरेली में 10, 11 व 12 नवंबर को आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सीतापुर जनपद के विजई प्रतिभागियों को राजकीय इंटर कॉलेज सीतापुर के उप प्रधानाचार्य फूलचंद ने झंडी दिखाई। टीम प्रभारी ऋषि कुमार मिश्र, टीम मैनेजर अवधेश नंदन पांडे के साथ जनपद के व्यायाम शिक्षक शाह आलम, पूरन लाल वर्मा, मोहम्मद असलम, अवनीश सिंह, दीप कुमार वर्मा, ख्याति सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, पवन कुमार, पंकज कनौजिया, प्रेम निवास मिश्र, भूपेंद्र कुमार सोनकर भी खिलाड़ियों के साथ रायबरेली गए है। मंडलीय रैली के प्रतिभागियों को रवाना करते समय प्रधानाचार्य किसान इंटर कॉलेज बड़ागांव राम किशोर द्विवेदी, अवनीश कुमार, विश्व मोहन मिश्र, संजय कुमार, पंकज श्रीवास्तव, अशोक कुमार, ताराचंद पटेल, वीरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची में फर्जी नाम दर्ज करने का आरोप

संवाददाता। सीतापुर

**नगर पालिका** परिषद लहरपुर के कई मोहल्लों में फर्जी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची दर्ज किए गए है। इस संबंध में एसडीएम लहरपुर अनुपम मिश्रा को एक षिकायती पत्र नगर के मोहल्ला बागवानी टोला के पूर्व सभासद मरहूम मिर्जा छोटन्ने बेग के पुत्र सलीम बेग ने सौंपा है। सलीम बेग का आरोप है कि स्थानीय वार्ड के भाग संख्या 40 एवं 41 के बीएलओ के रूप में काम कर रहे संजीत कुमार एवं संदीप कुमार के द्वारा किए गए सर्वे कार्य में जानबूझकर भारी गड़बड़ियां की गई हैं उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आधा सैकड़ा से अधिक वोट ऐसे हैं जो या तो इस वार्ड में रहते ही नहीं हैं या मृतक हो चुके हैं अथवा जो लड़कियां विवाह होने के पश्चात अपने ससुराल जा चुकी हैं उनके नाम जानबूझकर हटाए नहीं गए हैं। तहसीलदार शशी बिंद द्विवेदी ने बताया कि जो शिकायत मिली है उसकी जांच की जाएगी किंतु नाम हटाने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है इसलिए अब कुछ नहीं हो सकता।

## क्विक न्यूज

### कृषि विभाग अधिकारियों ने उर्वरकों, बीज विक्रेताओं की दुकानों पर मारा छापा

**सीतापुर।** नगर सिधौली के मोहल्ला गांधी नगर स्थित ओमसाई ट्रेडर्स बीज एवं खाद की दुकान पर बुधवार को एक बार फिर ऋषि विभाग की टीम ने औचक छापा मारा। दुकान पर इस महीने में दूसरी बार छापा मार कार्रवाई की गई। औचक निरीक्षण के दौरान ऋषि दवाइयों के नमूने भरे गए एवं स्टाक रजिस्टर का मिलान किया गया। टीम में उपनिदेशक ऋषि एस के सिंह, जिला कृषि रक्षाअधिकारी रविशंकर, भूमिसंरक्षण अधिकारी आर के यादव षामिल रहे। बताया जाता है कि इस दुकान की सिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई थी, जिसके बाद औचक निरीक्षण किया गया।

### दबंगों की पिटाई से बुजुर्ग की मौत

**बरेली** । मोटरसाइकिल तेज चलाने से मना करने पर दबंगों ने एक बुजुर्ग की पिटाई कर दी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बहेड़ी थाना क्षेत्र के अब्बास नगर निवासी 65 वर्षीय लईक अहमद कि कल शाम इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि रईस अहमद के पड़ोस में रहने वाला युवक अली उनके पास से अक्सर तेजी से मोटरसाइकिल लेकर निकलता था लईक अहमद ने अली से कई बार कहा कि वह मोटरसाइकिल उनके पास से तेजी से लेकर ना निकला करें लेकिन कल शाम को अली फिर से उनके पास से मोटरसाइकिल लेकर निकला जिससे लईक अहमद ने फिर से उसे टोका तो कुछ देर बाद ही अली अपने कुछ साथियों के साथ उनके पास पहुंचा और गाली-गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर अली और उसके साथियों ने लईक अहमद की पिटाई कर दी वह जमीन पर गिर पड़े और हमलावर फरार हो गए सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वाले उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए जहां कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।

### ग्राम प्रधान पति की पिटाई से पत्नी की मौत

**बरेली** ।ग्राम प्रधान पति की पिटाई से पत्नी की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी।पीलीभीत के न्यूरिया थाना क्षेत्र के गांव भगतपुर निवासी ग्राम प्रधान प्रेम बहादुर की पत्नी किरण कि बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के पिता न्यूरिया के गांव मोहनपुर निवासी लालता प्रसाद ने पति प्रेम बहादुर पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि उसने 4 साल पहले किरण का विवाह प्रेम बहादुर से किया था और वह इस समय दो बच्चों की मां थी पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता था और कम दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करता था लालता प्रसाद ने प्रेम बहादुर पर आरोप लगाया कि उसके किसी अन्य महिला से भी अवैध संबंध थे जिसके चलते पत्नी किरण उसका विरोध करती थी और वह पत्नी के साथ मारपीट करता था 3 नवंबर को हुए विवाद के बाद प्रेम बहादुर ने पत्नी किरण के सिर में धारदार हथियार मार दिया जिससे वह घायल हो गए सूचना मिलने पर मायके वाले मौके पर पहुंचे और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां से हालत नाजुक देखकर वह उसे बरेली ले आए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई मृतका के पिता ने पति पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की शिकायत पुलिस से की जिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी

### आग से झुलसे किसान की मौत

**बरेली** ।अलाव में हाथ सेकते समय आग पर गिरकर झुलसे एक किसान की कई दिनों तक चले इलाज के बाद मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बदायूं के मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव हथिनी भूड निवासी 55 वर्षीय मटरू पुत्र रामचंद्र की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई उसे 6 नवंबर को झुलसी अवस्था में भर्ती कराया गया था पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि मटरू 6 नवंबर को अपने खेत पर गया था जहां हाथ सेकने के लिए उसने अलाव जलाया था इसी दौरान अचानक चक्कर आने के कारण वह जलती हुई आग पर गिर गया और बुरी तरह झुलस गया उसके चीखने चिल्लाने पर पास के खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंचे और उसे आग से बाहर निकाला और घटना की जानकारी घरवालों को दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल ले गए फिर बरेली के निजी अस्पताल लाए जहां बीती रात उसकी मौत हो गई मृतक 10 बच्चों का पिता था।

# मांगों को लेकर स्कूल संचालकों का प्रदर्शन 15 को

**बरेली।** शिक्षा अधिकारियों के तानाशाही रवैय्ये तथा विभिन्न मांगों को लेकर जनपद के स्कूल संचालकों का प्रदर्शन 15 नवंबर को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रात: 11रू00 दिया जाएगा। प्रदर्शन के पश्चात निदेशक (बेसिक) को संबोधित ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा जाएगा।कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाए जाने को लेकर आज आहुत बैठक में प्रदेश महासचिव राजीव यादव ने कहा कि हम बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य करते हैं तथा समाज को एक नई दिशा भी देते हैं। इस पुनीत कार्य में सरकार द्वारा हमें किसी प्रकार की सहायता भी प्रदान नहीं की जाती है तथापि सरकार ने तुगलकी फरमान जारी कर शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से हम स्कूल संचालकों का आर्थिक एवं मानसिक अवश्य कराती है । उन्होंने कहा अब स्कूल संचालक जागरूक एवं एकजुट हो गए हैं तथा सरकार के तुगलकी फरमान का हर स्तर पर विरोध करने को तैयार है।श्री स्नातक ने कहा कि तमाम ऐसे संगठन है जो अखबारों और व्हाट्सएप तक ही सीमित है ।लेकिन एक मात्र बेसिक शिक्षा कल्याण समिति है जो स्कूल संचालकों के हर सुख दुख में उनके साथ ही दिखाई देती है। उन्होंने कहा आज हम सभी स्कूल संचालकों को विशाल प्रदर्शन के माध्यम से अपनी शक्ति प्रदर्शन करने की जरूरत है इसलिए 15 नवंबर को सभी स्कूल संचालक अपने साथियों के साथ प्रदर्शन में शामिल हो।प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद फराज ने बताया की स्नातक चुनाव में समिति किसी भी व्यक्ति विशेष को समर्थन नहीं दे रही है हालांकि कई पार्टी प्रत्याशी समिति पदाधिकारियों से संपर्क साधने का प्रयास कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी स्कूल संचालक का सरकारी स्तर पर दोहन नहीं होने दिया जाएगा ।इस अवसर पर उपाध्यक्ष विजय बहादुर सक्सेना राम किशन शुक्ला सचिव मनोज मिश्रा प्रवक्ता हिरदेश सिंह जिला अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह संतोष यादव विवेक शाक्य हिमांशु पटेल एहसान मोहम्मद आदि मौजूद थे। बैठक का संचालन सचिव गिरीश पटेल ने किया।

## बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी इमरान मसूद ने की मौलाना तौकीर रजा खान से मुलाकात

**बरेली।** बसपा के पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी इमरान मसूद ने बरेली पहुंच कर आई एम सी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खान से मुलाकात की आई एम सी मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया के बसपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी इमरान मसूद बसपा पदाधिकारियों के साथ आई एम सी प्रमुख से मिले मुलाक़ात में मौजूदा हालात पर चर्चा के साथ साथ राजनीतिक चर्चा भी हुई ।इस मौके पर मौलाना ने कहा के मुसलमानों ने कांग्रेस,बसपा,सपा सभी पार्टियों का पूरा साथ दिया लेकिन सभी ने मुसलमानों के वोट का इस्तेमाल तो खूब किया लेकिन जब मुसलमानों के अधिकारों की बात आई सभी ने खामोशी इख्तियार कर ली आज मुसलमान जिस हालत में है उस की जिम्मेदार यह सभी पार्टियां है आज भाजपा मुसलमानों से हमदर्दी इस लिए नही रखती के उसे लगता है के मुसलमान उस का वोटर नही ।आई एम सी प्रमुख ने कहा मुसलमानों को मजबूर नही मजबूत बन के इत्तेहाद के साथ खड़े होना होगा जिस दिन मुसलमान दूसरो की गुलामी छोड़ कर खुद का इत्तेहाद दिखाने में कामयाब हो गए उसी दिन सभी पार्टियां बराबरी के साथ समझोता करने को मजबूर हो जायेगी। 2024 को लेकर आई एम सी प्रमुख ने कहा सभी पार्टियों को मुसलमानों को लेकर अपनी पॉलिसी का खुलासा करना होगा।

## सीता रसोई कपड़ा बैंक ने 48000 कपड़ा 5000 खिलौने बर्तन और घरेलू सामान 600 जोड़ी जूते बांटे मेले में

**बरेली।** सीता रसोई कपड़ा बैंक का एक विशाल शिविर आज चौबारी मेला राम गंगा पर गंगा स्नान के मौके पर लगाया गया । संस्था के द्वारा यह 35 वा शिविर था और अब तक का सबसे विशाल शिविर है। संस्था के संस्थापक सदस्य प्रभात अग्रवाल एवं पंकज अग्रवाल मुख्य सेवादार ने बताया सीता रसोई कपड़ा बैंक द्वारा प्रदेश में एक अनोखे प्रकार की समाज सेवा की जाती है जिसका मुख्य उद्देश्य हर पैर में जूता हर तन पर पूरा कपड़ा इसी उद्देश्य से आज का शिविर लगाया गया आज की विशेष बात यह रही संस्था द्वारा अपने सीनियर सेवादारों का सम्मान करते हुए शिविर का उद्घाटन राकेश मथुरिया वरिष्ठ पत्रकार एवं कैलाश बंसल के द्वारा किया गया । समाचार लिखे जाने तक लगभग 48000 कपड़ा बांटा जा चुका था एवं 5000 खिलौने बर्तन तथा अन्य घरेलू सामान के अतिरिक्त लगभग 600 जोड़ी जूते भी बांटे जा चुके है। संस्था लगभग 53000 कपड़ा इस शिविर के लिए ले गई थी उम्मीद है कि पूरा सामान बांट दिया जाएगा। संस्था के सेवादार श्री विजय बाटला एवं रमेश चंद्र अग्रवाल ने बताया 15 दिन से हमारे सेवादार लगातार सामान तैयार कर रहे थे लोगों से अपील कर रहे थे अधिक से अधिक सामान सीता रसोई को दें जिससे वह शिविर में जरूरतमंद लोगों की मदद हेतु बांट सकें संस्था के पास अभी भी लगभग 50000 कपड़ा है वह प्रतिमाह एक शिविर लगाकर बांटने की योजना बना रही है शिविर में लगभग 80 सेवादारों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख सुभाष अग्रवाल नरेश भाटिया संजीव सक्सेना ओपी मेहरोत्रा विशाल अनुराग मेहरोत्रा राजेश अग्रवाल लव बग्गा गुप्ता लाल फाटक देवेंद्र अग्रवाल इत्यादि मैं अन्य सेवादारों के साथ शिविर को सुचारू रूप से चलाने में मदद की।

## अब औषधि विक्रेता भी देंगे स्वास्थ्य विभाग को टीबी के मरीजों की जानकारी

**लखीमपुर खीरी।** प्राइवेट मेडिकल प्रैक्टिशनर्स द्वारा जिन टीबी रोगियों का इलाज किया जा रहा है। उनकी सही और सटीक जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाने का जिम्मा अब औषधि विक्रेताओं को सौंपा गया है। इसके लिए केमिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक गोला सीएचसी में आयोजित की गई। बैठक में औषधि निरीक्षक डॉ सुनील रावत द्वारा औषध विक्रेताओं को टीबी के मरीजों का लेखा जोखा अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पब्लिक मिक्स कोऑर्डिनेटर रणजीत सिंह ने बताया कि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई है। बैठक में जिला औषधि निरीक्षक डॉ सुनील रावत ने औषध विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उनके मेडिकल पर जो भी मरीज टीबी की दवा खरीदने के लिए आता है। उसका पूरा विवरण विधिवत नोट करें और इसकी रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। ऐसा करके हम ना सिर्फ समाज सेवा करेंगे अपितु मरीजों की मदद भी होगी।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि तमाम ऐसे रोगी हैं जो टीबी का इलाज प्राइवेट प्रैक्टिशनर से करा रहे हैं। ऐसे में कई बार उनका डाटा भी स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं होता है। जिस कारण इनकी कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग भी नहीं हो पाती है। हालांकि क्षेत्रीय स्तर पर जिला क्षय रोग कार्यक्रम की टीम लगातार ऐसे खोजी अभियान चलाती है। जिसमें टीबी के मरीजों की खोज सहित उनके संपर्क में आए लोगों की भी जांच कराई जाती है। ऐसे में अगर औषधि विक्रेता इन मरीजों की सूची उपलब्ध करा देंगे तो स्वास्थ्य विभाग को अपने अभियान को सफल बनाने में काफी हद तक मदद मिलेगी। उन्होंने इस मामले में जिला औषधि निरीक्षक डॉ सुनील रावत के सहयोग को सराहते हुए कहा कि उनके द्वारा मिल रहे सहयोग से ना सिर्फ टीबी के मरीजों की सटीक जानकारी स्वास्थ्य विभाग को मिल सकेगी, बल्कि एक जन जागरूकता भी फेल सकेगी।

# राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय मोहम्मदी में हुआ टेबलेट वितरण समारोह





संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

राजकीय पॉलिटेक्निक विद्यालय में छात्र और छात्राओं को टेबलेट वितरण समारोह आयोजित किया गया जिसमें लगभग 180 शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र और छात्राओं को उप जिलाधिकारी प्रधानाचार्य तथा अन्य अध्यापकों ने संयुक्त रूप से टेबलेट वितरण किया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने छात्र और छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश युवाओं का है और युवाओं को मजबूत और शक्तिशाली बनाने के लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। इसी मंशा के अनुसार आप सभी को टेबलेट दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा जब युवा शक्तिशाली होगा तो हमारा देश भी शक्तिशाली होगा। सकारात्मक सोच के साथ सभी छात्र और छात्राएं आगे बढ़े और देश का नाम रोशन करें। इसी संदर्भ में प्रधानाचार्य ने बोलते हुए कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षा योजनाओं में से एक महत्वाकांक्षी योजना टेबलेट वितरण और स्मार्टफोन देने की योजना सभी छात्र-छात्राओं को है। इस योजना के अंतर्गत यह टेबलेट वितरण किया जा रहा है। हमारे विद्यालय में 650 छात्र-छात्राएं अध्ययन कर रहे हैं। यह कार्यक्रम शासन की नीतियों के अनुसार ही आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के अध्यापकों में आकांक्षा यादव आनंद मोहन नवीन कुमार प्रमुख रूप से रहे टेबलेट पाने वालों में प्रमुख रूप से अजय वर्मा अंकुश कुमार कल्पना वर्मा भूपेश मिश्रा प्रमोद यादव सहित सभी छात्र छात्राएं वहां मौजूद रहे।

## जनपद में पर्याप्त मात्रा में डीएपी यूरिया की उपलब्धः डीएम

**लखीमपुर-खीरी।** जिले में उर्वरक यूरिया, डीएपी, एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता है। जिसका वितरण प्राइवेट एवं सहकारी समितियों पर कराया जा रहा है। उर्वरक की कालाबाजारी कहीं पर भी ना हो, इसपर शासन-प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उक्त आशय की जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि उर्वरक अधिकृत विक्रेता से बैग पर अंकित अधिकतम खुदरा मूल्य पर पाश बायोमेट्रिक से ही क्रय किया जाएगा एवं बिक्री रसीद भी ली जाए। कृषकों को उर्वरकों से संबंधित कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसलिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उर्वरक कंट्रोल रूप नंबर 7289036484 संचालित कर दिया गया है। कृषक उर्वरकों के संबंध में इस हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत का समाधान करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 7839882212 पर भी आवश्यकतानुसार संपर्क कर सकते हैं। बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने रवी अभियान के तहत उर्वरक के लक्ष्य, उसके सापेक्ष उपलब्धता एवं क्रमिक वितरण के संबंध में गहन समीक्षा की एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।समीक्षा के दौरान पाया गया कि माह नवंबर में यूरिया का लक्ष्य 24100 मीट्रिकटन के सापेक्ष जिले में 44996 मीट्रिकटन उपलब्धता है। डीएपी का लक्ष्य 10600 मीट्रिकटन के सापेक्ष 11629 मीट्रिकटन उपलब्धता है। एनपीके का लक्ष्य 9700 मीट्रिकटन के सापेक्ष 4123 मीट्रिकटन का स्टाक उपलब्ध है। इसी के साथ उन्होंने बिक्री केंद्रों को पर्याप्त उपलब्ध स्टॉक है। जिले में उर्वरक की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि सहकारी एवं निजी क्षेत्रों में उर्वरक आपूर्ति एवं उपलब्धता की निरंतर समीक्षा की जा रही है। गुणवत्तापूर्ण उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये सघन छापामारी अभियान जारी है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार तथा कृषकों की मांग के अनुरूप उर्वरकों की उपलब्ध सुनिश्चित कराई जा रही है। जिले में उर्वरक यूरिया, डीएपी, एनपीके की पर्याप्त उपलब्धता है।

# पेज एक का शेष

## तीन दक्षिणी...

उसके सहयोगियों ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर राज्यपाल आरएन रवि को बर्खास्त करने की मांग की है। रवि विधायिका द्वारा जारी विधयेकों को रोककर सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। द्रमुक और सहयोगियों द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजे गए ज्ञापन को चेन्नई में स्थानीय तमिल चैनलों ने उद्धृत किया जिसमें कहा गया है 'आरएन रवि ने अनुच्छेद 159 के तहत संविधान तथा कानून के संरक्षण, सुरक्षा और रक्षा तथा सेवा और तमिलनाडु की जनता बेहतरी के संबंध में लिए गए शपथ का उल्लंघन किया है। इससे बड़ी बात तो यह है कि वे सांप्रदायिक नफरत फैला रहे तथा राज्य की शांति और स्थिरिता के लिए खतरा हैं.. लिहाजा अपने आचरण और काम से आरएन रवि ने साबित कर दिया है कि वे राज्यपाल के संवैधानिक पद के योग्य नहीं है और इसलिए उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। तेलंगाना में भी हालात कुछ अलग नहीं है। यहां की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने बुधवार को संदेह व्यक्त किया कि उनके फोन टैप किए जा रहे हैं। सुंदरराजन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुझे संदेह है (कि) मेरे फोन टैप किए गए हैं। राज्य में अलोकतांत्रिक स्थिति है, खासकर राज्यपाल के सम्मान के संबंध में। मैं उन सभी चीजों को स्पष्ट करना चाहती हूं। उन्होंने यह कहते हुए इस बारे में कुछ भी विस्तार से बोलने से इनकार कर दिया कि हाल ही में राजभवन को टीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले से जोड़ने वाली कुछ सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई थी।

## नीरव मोदी...

है कि मुंबई की जिस आर्थर रोड जेल की बैरक 12 में प्रत्यर्पण के बाद हीरा कारोबारी को रखा जाना है उसमें सुरक्षा उपाय किए गए हैं, जिससे सुनिश्चित होगा कि आत्महत्या की कोशिश के जोखिम को कम करने के लिए लगातार प्रभावी निगरानी हो। अपील हार जाने के बाद नीरव सार्वजनिक महत्व के कानून के बिंदु पर उच्चतम न्यायालय जा सकता है। वह उच्च न्यायालय के फैसले के 14 दिन के भीतर उसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय में आवेदन कर सकता है। हालांकि उच्चतम न्यायालय में अपील तभी की जा सकती है जब उच्च न्यायालय ने प्रमाणित किया हो कि मामला आम जनता के महत्व से जुड़े कानून के बिंदु वाला है। अंतत: ब्रिटेन की अदालतों में सारे विकल्पों के समाप्त होने के बाद हीरा कारोबारी अब भी ईसीएचआर के तथाकथित नियम 39 के तहत आदेश की मांग कर सकता है। नीरव मोदी के वकीलों ने उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील की किसी तरह की योजना पर अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।

## छावला गैंग...

मां ने उच्चतम न्यायालय परिसर के बाहर रोते हुए कहा, 11 साल बाद भी यह निर्णय आया है। हम लड़ाई हार गए हैं। मैं इस उम्मीद के साथ जी रही थी, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो गई है। मुझे लगा था कि मेरी बेटी को न्याय मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट...

की अयोग्यता की कार्यवाही की (त्वरित) गति की आलोचना भी की। पीठ ने कहा, जिस तत्परता के साथ आप (विधानसभा) आगे बढ़े, उसे देखें। पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल थे। खान की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम द्वारा उल्लेखित कुछ अन्य मामलों का उल्लेख करते हुए पीठ ने कहा, आप चुन-चुनकर लोगों को निशाना नहीं बना सकते हैं। पीठ ने खान को कानूनी उपाय तलाशने का अवसर देने का समर्थन किया। चिदम्बरम ने अन्य मामलों का उल्लेख किया था, जिसमें कुछ सांसदोंविधायकों को देर से अयोग्य ठहराया गया था। पीठ ने आदेश में कहा, रामपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दोषसिद्धि (आजम खान की) पर रोक लगाने की अर्जी पर 10 नवंबर को सुनवाई करेंगे। इसमें कहा गया है, दोषसिद्धि पर रोक लगाने के आवेदन का निपटारा उसी दिन किया जाएगा। चुनाव आयोग के जोरदार विरोध को खारिज करते हुए पीठ ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम घोषित करने के लिए राजपत्र अधिसूचना 11 नवंबर को या उसके बाद जारी की जा सकती है, जो खान की दोषसिद्धि पर रोक के आवेदन के परिणाम पर निर्भर करता है। पीठ ने कहा कि विधायक को अयोग्यता से खुद का बचाव करने के लिए दोषसिद्धि पर रोक लगाने के वास्ते अपील के कानूनी उपाय का लाभ उठाने का अवसर दिया जाना चाहिए था। चिदंबरम ने कहा कि मामले में खान को दोषी ठहराए जाने के अगले ही दिन 27 अक्टूबर को राज्य विधानसभा ने उनकी सीट खाली घोषित कर दी।

## देश के...

जब एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश के बेटे इस पद पर आसीन हुए। असहमति को लोकतंत्र के सेफ्टी वाल्व के रूप में देखने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कई संविधान पीठ और ऐतिहासिक फैसले देने वाली उच्चतम न्यायालय की पीठों का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने व्यभिचार और निजता के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने पिता वाई. वी. चंद्रचूड़ के फैसले को पलटने में कोई संकोच नहीं किया। वह अयोध्या भूमि विवाद, आईपीसी की धारा 377 के तहत समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने, आधार योजना की वैधता से जुड़े मामले, सबरीमला मुद्दा, सेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने, भारतीय नौसेना में महिला अधिकारियों को स्थाई कमीशन देने, व्यभिचार को अपराध की श्रेणी में रखने वाली आईपीसी की धारा 497 को असंवैधानिक घोषित करने जैसे महत्वपूर्ण मामलों पर फैसला करने वाली पीठ का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने पिछले साल वैश्विक महामारी की दूसरी लहर को राष्ट्रीय संकट बताते हुए, उससे निपटने और लोगों की परेशानियां दूर करने के लिए कई निर्देश भी जारी किए थे।

## धनशोधन मामले...

(शेर लौट आया है)। ईडी ने राज्यसभा सदस्य राउत को इस साल जुलाई में उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा चॉल के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था। अदालत ने सांसद के सहयोगी और सह-आरोपी प्रवीण राउत को भी जमानत दे दी। इससे पहले दिन में, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नामित विशेष न्यायाधीश एम.जी. देशपांडे ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राउत की ज़मानत याचिका को मंजूर कर लिया।

## जुकरबर्ग ने...

कंपनी के लिए संकट बढ़ा। इस गर्मी में मेटा ने अपने इतिहास में पहली बार किसी तिमाही के दौरान आय में गिरावट का सामना किया। मेटा द्वारा मेटावर्स में प्रतिवर्ष 10 अरब डॉलर से अधिक निवेश करने से भी निवेशक चिंतित हैं, क्योंकि ऐसे में उसका ध्यान सोशल मीडिया कारोबार से हट रहा है। मेटा और उसके विज्ञापनदाता संभावित मंदी का सामना कर रहे हैं। एप्पल के गोपनीयता टूल से भी चुनौती मिल रही है, जिसके कारण फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैप जैसे सोशल मीडिया मंचों के लिए सहमति के बिना लोगों को ट्रैक करना और लक्षित विज्ञापन देना कठिन होता जा रहा है। जुकरबर्ग ने कहा, हमने अपने व्यवसाय की लागत में कटौती की है, जिसमें बजट कम करना, भत्तों को कम करना और रियल एस्टेट व्यय को कम करना शामिल है। उन्होंने आगे कहा, हम अपनी दक्षता बढ़ाने के लिए टीम का पुनर्गठन कर रहे हैं। लेकिन सिर्फ इन उपायों से हमारे खर्च, हमारी कमाई के अनुरूप नहीं हो पाएंगे। इसलिए मैंने लोगों की छंटनी का कठिन निर्णय भी लिया है। जुकरबर्ग ने बुधवार को कर्मचारियों से कहा कि उन्हें एक ईमेल भेजकर बताया जाएगा कि उनका नाम छंटनी में है या नहीं। उन्होंने कहा कि पूर्व कर्मचारियों को 16 सप्ताह का मूल वेतन, और साथ ही कंपनी के साथ बिताए हर साल के लिए दो अतिरिक्त सप्ताह का वेतन दिया जाएगा। इन कर्मचारियों और उनके परिवार के लिए स्वास्थ्य बीमा छह महीने तक जारी रहेगा।

## नेपाल में...

किया और उनके बारे में पूछताछ की। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बी. एस. महार के हवाले से पिथौरागढ़ की एक खबर में बताया गया कि जिले के किसी भी हिस्से से जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। पिथौरागढ़ के मुनस्यारी अनुमंडल के एक दुकानदार प्रमोद द्विवेदी ने कहा, सुबह छह बजकर 29 मिनट पर भूकंप का एक और झटका महसूस किया गया। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र नेपाल में दिपायल से 21 किलोमीटर दूर था। एनसीएस के आंकड़ों के अनुसार, क्षेत्र में सुबह 4.9 और 3.5 की तीव्रता के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। उत्तराखंड में रविवार को भी 4.5 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसका केंद्र उत्तरकाशी से 17 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण पूर्व में था।

# सेना की परिचालन तैयारी हमेशा उच्च स्तर की होनी चाहिए

## ● रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सैन्य कमांडरों से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच बुधवार को सेना के कमांडरों का आह्वान किया कि सेना की परिचालन की तैयारी हमेशा उच्च स्तर की होनी चाहिए। सेना के कमांडरों के शीर्ष स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत उनके सम्मेलन में सिंह ने देश के सबसे भरोसेमंद और प्रेरक संगठनों में से एक भारतीय सेना के प्रति अरबों नागरिकों के विश्वास को दोहराया। सोमवार से शुरू हुए पांच दिन के सम्मेलन का आयोजन यहां 11 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें कमांडर चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा कर रहे हैं तथा इसमें वर्तमान सुरक्षा तंत्र के लिए चुनौतियों के सभी पहलुओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया जा रहा है। इसमें 13 लाख अधिकारियों और जवानों वाली सेना के कौशल को बढ़ाने के तरीकों पर मंथन हो रहा है।

सम्मेलन के तीसरे दिन का मुख्य आकर्षण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का सेना के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बातचीत करना रहा, जिससे पहले भारतीय सेना की भविष्य के लिए तैयार बल के रूप में परिवर्तन की आवश्यकता पर जानकारी प्रदान की गई। रक्षा मंत्री ने सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च परिचालन तत्परता बनाए रखने के लिहाज से भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें भारतीय सेना और उसके नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास और भरोसा है। सिंह ने कहा कि सेना को किसी भी परिचालन आकस्मिकताओं के लिए तैयार रहना चाहिए और इसलिए परिचालन की तैयारी हमेशा अपने उच्च स्तर पर होनी चाहिए।

सिंह ने ट्वीट कर कमांडरों के साथ अपने संवाद को फलप्रद बताया। उन्होंने कहा, नई दिल्ली में आज कमांडरों के सम्मेलन में भारतीय सैन्य कमांडरों के साथ फलदाई बातचीत हुई। सशस्त्र बलों की अभियान संबंधी तैयारियों एवं क्षमताओं के उच्च मानकों के लिए उनकी सराहना की। सेना के एक बयान के अनुसार सिंह ने अपनी सीमाओं की रक्षा करने और आतंकवाद से लड़ने के अलावा नागरिक प्रशासन की आवश्यकतानुसार सहायता प्रदान करने में सेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने उच्च स्तर की परिचालन तैयारियों और क्षमताओं के लिए रक्षा बलों की सराहना की। सिंह ने कहा कि इसका अनुभव उन्होंने हमेशा सीमावर्ती क्षेत्रों की अपनी यात्राओं के दौरान किया है। सेना के अनुसार, प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों सहित नागरिक उद्योगों के सहयोग से विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को विकसित करने के लिए सेना के प्रयासों और स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण या आत्म-निर्भरता के उद्देश्य की दिशा में प्रगति की भी सराहना की।

# ईडी ने तेलंगाना में टीआरएस मंत्री से जुड़े परिसरों पर छापे मारे

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित ग्रेनाइट घोटाले से संबंधित धनशोधन की जांच के तहत तेलंगाना के मंत्री एवं तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के नेता गंगुला कमलाकर से जुड़े परिसरों पर बुधवार को छापे मारे। सूत्रों ने कहा कि करीमनगर जिले, आसपास के कस्बों और राज्य की राजधानी हैदराबाद स्थित मंत्री और कुछ अन्य से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का धनशोधन का मामला सीबीआई की एक प्राथमिकी से उपजा है जो राज्य में ग्रेनाइट व्यापार में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दर्ज की गई थी। कमलाकर (54), मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली टीआरएस सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण, खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री हैं। वह करीमनगर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बताया जा रहा है कि वह फिलहाल देश से बाहर हैं।

# गुजरात में कांग्रेस विधायक बराड़ ने इस्तीफा दिया

**भाषा।** अहमदाबाद (गुजरात)

**गुजरात विधानसभा** चुनाव से पूर्व कांग्रेस को लगातार दूसरे दिन झटका देते हुए उसके वरिष्ठ विधायक भगवान बराड़ ने बुधवार को विधायक पद तथा प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। गिर सोमनाथ जिले में तलाला सीट से 2017 में जीत दर्ज करने वाले बराड़ (63) ने कांग्रेस की गुजरात इकाई के अध्यक्ष जगदीश ठाकोर को अपना इस्तीफा पत्र भेजा तथा अध्यक्ष नीमाबेन आचार्य को भी इस्तीफा सौंपा। इससे एक दिन पहले कांग्रेस के 10 बार के विधायक तथा आदिवासी नेता मोहनसिंह राठवा ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था तथा भाजपा में शामिल हो गए थे।

भगा बराड़ के नाम से पहचाने जाने वाले बराड़ का अहमदाबाद में भाजपा के प्रदेश महासचिव प्रदीपसिंह वाघेला ने पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। बराड़ ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने अपने कम से कम 4,000 समर्थकों से विचार-विमर्श करने के बाद पार्टी छोड़ने का फैसला किया और अगर भाजपा चाहेगी तो वह अगले महीने होने वाला चुनाव लड़ेंगे लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि वह चुनावी टिकट पाने की बिना किसी पूर्व शर्त के भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

गुजरात विधानसभा चुनाव में दो चरणों में एक तथा पांच दिसंबर को मतदान होगा। मतगणना आठ दिसंबर को होगी। बराड़ ने कहा, मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास अभियान का हिस्सा बनना चाहता हूं। मैं बिना किसी पूर्व शर्त या वादे के पार्टी में शामिल हो रहा हूं। अगर पार्टी चाहेगी तो मैं चुनाव लड़ूंगा। अगर मुझे कहा गया तो मैं अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार करूंगा। मैं गिर सोमनाथ तथा जूनागढ़ जिलों में नौ सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करूं-ंगा।

बराड़ अहीर समुदाय के प्रभावशाली नेता हैं। वह 2007 और 2017 में तलाला सीट से जीते थे। उनके भाई जशुभाई भी 1998 और 2012 में इस सीट से विधायक रह चुके हैं।

गिर सोमनाथ जिले में चार विधानसभा क्षेत्र में से एक तलाला है। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा इस जिले में अपना खाता तक नहीं खोल पाई थी जबकि कांग्रेस ने सभी चार सीटों पर कब्जा जमाया था। बराड़ को 2019 में तत्कालीन विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी ने विधायक पद से अयोग्य करार दिया था। एक स्थानीय अदालत ने उन्हें दो दशक पुराने अवैध खनन मामले में दो साल तथा नौ महीने की जेल की सजा सुनाई थी। महीनों बाद बराड़ के निलंबन को वापस ले लिया गया था क्योंकि गुजरात उच्च न्यायालय ने उनकी अपील का निपटारा होने तक उनकी सजा पर रोक लगा दी थी।

# मैं ईडब्ल्यूएस आरक्षण का विरोध करता हूं क्योंकि यह बांटने वाला है : कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली।** पार्टी के रुख से अलग राय व्यक्त करते हुए कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने बुधवार को कहा कि वह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का विरोध करते हैं क्योंकि यह बांटने वाला है। उन्होंने आरक्षण पर न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने के द्रमुक के फैसले का स्वागत किया। न्यायालय ने सोमवार को शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में ईडब्ल्यूएस के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण 3-2 के बहुमत से बरकरार रखते हुए कहा था कि यह भेदभावपूर्ण नहीं था और संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता। कांग्रेस ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया था और कहा था कि इसके लिए मार्ग प्रशस्त करने वाला संशोधन मनमोहन सिंह सरकार द्वारा शुरू की गई प्रक्रिया का परिणाम था। चिदंबरम ने ट्विटर पर कहा, मैं ईडब्ल्यूएस कोटा का विरोध करता हूं क्योंकि यह बांटने वाला है और सभी समावेशी नहीं है।

# सिखों के आयोजन में कमलनाथ के पहुंचने पर विवाद

## ● कीर्तनकार ने 1984 दंगों की ओर इशारा कर नाराजगी जताई

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** इंदौर में गुरु नानक जयंती पर सिखों के धार्मिक कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के पहुंचने पर पंथ के मशहूर कीर्तनकार मनप्रीत सिंह कानपुरी के बयान को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस बयान में कानपुरी ने हालांकि कमलनाथ का नाम नहीं लिया, लेकिन उन्होंने वर्ष 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों की ओर स्पष्ट इशारा किया और धार्मिक कार्यक्रम में राजनेताओं को बुलाकर उनका स्वागत-सम्मान किए जाने पर तीखे शब्दों में नाराजगी जताई।

शहर के खालसा महाविद्यालय में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य कांग्रेस समिति के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के अलावा भाजपा के पूर्व लोकसभा सदस्य कृष्णमुरारी मोघे भी मौजूद थे। चश्मदीदों ने बताया कि आयोजकों ने इन राजनेताओं का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया जिससे कीर्तन के कार्यक्रम में आधे घंटे की देरी हुई। कानपुरी ने कमलनाथ के जाने के बाद आयोजकों को लताड़ लगाते हुए कीर्तन के मंच से पंजाबी में कहा, आप किस सिद्धांत की बात करते हो? आपको टायर डाल कर जला दिया गया था, फिर भी आप नहीं सुधरते। आपको कैसी राजनीति करनी है?

क्रोधित कीर्तनकार ने धार्मिक नारे लगा रहे श्रोताओं को शांत करते हुए कहा कि उनके भीतर जमीर (अंतरात्मा) नहीं है। इस बीच, घटनाक्रम ने सियासी तूल पकड़ लिया है। राज्य के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि गुरु नानक जयंती के कार्यक्रम के दौरान इंदौर के खालसा महाविद्यालय में जो कुछ हुआ, वह अत्यंत दु:खद और शर्मनाक है। उन्होंने कमलनाथ पर निशाना साधते हुए कहा, जिस तरह पुरातन काल में आसुरी शक्तियां साधु-संतों के यज्ञ में विघ्न डालती थीं, इंदौर के इस कार्यक्रम में कमोबेश उसी तरह का आचरण किया गया। 1984 के नरसंहार के आरोपियों से भला और क्या उम्मीद की जा सकती है।

उधर, प्रदेश कांग्रेस समिति के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने आरोप लगाया कि खालसा महाविद्यालय में कमलनाथ के जाने के बाद हुआ घटनाक्रम "भाजपा के कुछ लोगों द्वारा प्रायोजित है। उन्होंने 1984 के सिख विरोधी दंगों में कमलनाथ की भूमिका को लेकर भाजपा की ओर से अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों को "पूरी तरह निराधार" करार दिया और कहा, इन दंगों के बाद कमलनाथ ने पांच बार लोकसभा चुनाव जीते हैं। यह बात कमलनाथ के खिलाफ नरोत्तम मिश्रा के आरोपों को खत्म करने के लिए बड़ा प्रमाण है। कांग्रेस नेता मिश्रा ने कमलनाथ का बचाव करते हुए यह भी कहा कि गुरु नानक के दरबार में मत्था टेकना हर भारतीय का हक है और गुरु नानक जयंती के कार्यक्रम में कमलनाथ के पहुंचने पर स्थानीय सिख समुदाय ने कोई आपत्ति नहीं जताई थी।



गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा श्रीमंता शंकरदेव कला क्षेत्र के सिल्वर जुबली समारोह के उद्घाटन समारोह में सहभागिता करते हुए

# नीतीश ने तेजस्वी के जन्मदिन पर नियुक्ति पत्र बांटे

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के जन्मदिन के अवसर पर विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग तथा पंचायती राज विभाग के नवचयनित सहायक प्राध्यापक (असैनिक) एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों के बीच बुधवार को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। पटना के सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र स्थित ज्ञान-भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान नीतीश ने सांकेतिक रूप से विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के पांच नवचयनित सहायक प्राध्यापक (असैनिक) एवं पंचायती राज विभाग के पांच प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्हें इन विभागों की सूचना मिली तो उन्होंने नियुक्ति पत्र वितरण का कार्य एक साथ नौ नवंबर को करने के लिए कहा क्योंकि नौ को तेजस्वी जी का जन्मदिन है। नीतीश ने कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि आज विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के 281 नवचयनित सहायक प्राध्यापक (असैनिक) तथा पंचायती राज विभाग के 144 प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुल 425 पदों के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया।

# मलाली मस्जिद विवाद: अदालत ने मुकदमे को सुनवाई योग्य बताया

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु की एक अदालत ने मलाली मस्जिद को मंदिर के स्थान पर बनाए जाने के दावे की जांच के लिए एक कोर्ट-कमिश्नर नियुक्त करने संबंधी याचिका को मंगलवार को सुनवाई योग्य करार दिया। मलाली मस्जिद का निर्माण एक हिंदू मंदिर पर किया गया है और इस बात की जांच की जानी चाहिए। मामले पर जनवरी 2023 में सुनवाई की जाएगी। मंगलुरु के टी. ए. धनंजय और बी. ए. मनोज कुमार ने मंगलुरु की तृतीय अतिरिक्त दीवानी अदालत में यह याचिका दायर की थी। उन्होंने दावा किया था कि इस साल अप्रैल में मंगलुरु के निकट ठेनका उलीपाडी गांव के मलाली में अब्दुल्लाही मदनी की मस्जिद के पुनरुद्धार के दौरान एक मंदिर जैसी संरचना मिली। विहिप ने भी मस्जिद का सर्वेक्षण कराने को कहा था। मस्जिद के अधिकारियों का कहना है कि अदालत को इस मामले की सुनवाई करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि मस्जिद वक्फ बोर्ड की संपत्ति है। दीवानी अदालत ने आज कहा कि मुकदमा सुनवाई योग्य है और वह इस पर सुनवाई करेगी। अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी होने तक पुनरुद्धार के काम पर रोक लगा दी थी। अदालत ने मस्जिद में कराए जा रहे जीर्णोद्धार के काम पर लगाई रोक हटाने को लेकर मस्जिद पदाधिकारियों की अर्जी ठुकरा दी थी। धनंजय और कुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का रुख करते हुए कहा था कि निचली अदालत को मुकदमे के सुनवाई योग्य होने या न होने पर सुनवाई करने की बजाय एक कोर्ट-कमिश्नर नियुक्त करना चाहिए। उच्च न्यायालय ने इस साल 16 जुलाई को कहा था कि निचली अदालत को मामले के सुनवाई योग्य होने या न होने संबंधी दलील पर सुनवाई करने और फैसला करने का अधिकार है। मामले को अब आठ जनवरी 2023 के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

# गुजरात में आप के इटालिया कतारगाम से सोरठिया करंज से चुनाव लड़ेंगे: केजरीवाल

**भाषा।** अहमदाबाद

**आम आदमी पार्टी (आप)** की गुजरात इकाई के अध्यक्ष गोपाल इटालिया सूरत जिले की कतारगाम सीट से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने ट्वीट कर बताया कि पार्टी की गुजरात इकाई के महामंत्री मनोज सोरठिया करंज विधानसभा से उम्मीदवार होंगे।

आप ने 182 सदस्ईय गुजरात विधानसभा के लिए 158 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए हैं। मतदान एक और पांच दिसंबर को होगा। इटालिया और सोरठिया के नाम गुजरात विधानसभा चुनाव में पार्टी के उन 20 स्टार प्रचारकों में भी शामिल हैं जिनके नाम मंगलवार को घोषित किए गए थे। आप के स्टार प्रचारकों में केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, राघव चड्ढा, हरभजन सिंह तथा इशूदान गढ़वी आदि शामिल हैं।

केजरीवाल ने ट्वीट किया, राजनीति में युवाओं की भागीदारी ज़रूरी है। गुजरात में हमारे प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकप्रिय युवा गोपाल इटालिया को सूरत की कतारगाम विधानसभा सीट से और प्रदेश महामंत्री मनोज सोरठिया को करंज विधानसभा सीट से गुजरात की जनता चुनाव लड़ाएगी, दोनों युवाओं को मैं शुभकामनाएँ देता हूँ। इससे पहले इटालिया और सोरठिया का नाम राज्य में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवारों की दौड़ में भी चल रहा था, लेकिन पिछले हफ्ते पूर्व टीवी एंकर और पत्रकार गढ़वी का नाम घोषित कर दिया गया। प्रभावशाली पाटीदार समुदाय से आने वाले इटालिया ने 2015 में पाटीदार आरक्षण आंदोलन में बड़ी भूमिका निभाई थी। वह पहले सरकारी सेवा में लिपिक थे और 2017 में गुजरात के एक मंत्री पर जूता फेंकने की घटना के बाद उनकी नौकरी चली गई थी। इससे पहले वह पुलिस कांस्टेबल भी रह चुके हैं।

# कांग्रेस ने आर्थिक सुधारों को आधे अधूरे बताने संबंधी वित्त मंत्री की टिप्पणी को लेकर कटाक्ष किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1991 के सुधारों को "आधे-अधूरे" बताने वाली उनकी टिप्पणी के लिए बुधवार को कटाक्ष किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की प्रशंसा करके खुद ही सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आर्थिक सुधारों के जरिए देश को नई दिशा देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री सिंह की मंगलवार को प्रशंसा करते हुए कहा था कि इसके लिए देश उनका ऋणी है। गत सितंबर में सीतारमण ने एक कार्यक्रम में 1991 की तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए आर्थिक सुधारों को आधे-अधूरे करार दिया था और कहा था कि उस समय अर्थव्यवस्था सही तरीके से नहीं, बल्कि आईएमएफ द्वारा थोपी गई बाध्यताओं के कारण खोली गई थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, 16 सितंबर को वित्त मंत्री महोदया ने कहा था कि 1991 के आर्थिक सुधार आधे-अधूरे (अधपका) थे। कल, मास्टरशेफ गड़करी ने खुद ही सब कुछ स्पष्ट कर दिया और डॉ. मनमोहन सिंह के 1991 के आर्थिक सुधारों की भरपूर प्रशंसा की। मुझे लगता है कि अब वह इसे पचा पाएंगी। यहां एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा था, उदार अर्थव्यवस्था के कारण देश को नई दिशा मिली। उसके लिए देश मनमोहन सिंह का ऋणी है। गडकरी ने मनमोहन की नीतियों से नब्बे के दशक में महाराष्ट्र की सड़कों के लिए पैसे जुटाने में मिली मदद का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि सिंह की तरफ से शुरू किए गए आर्थिक सुधारों की वजह से वह महाराष्ट्र का मंत्री रहने के दौरान इन सड़क परियोजनाओं के लिए धन जुटा पाए थे।

# मोदी 11 नवंबर से चार दक्षिणी राज्यों के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से दक्षिणी राज्यों- कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे तथा इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे एवं विकास योजनाओं की शुरुआत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे की शुरुआत कर्नाटक से करेंगे जहां वह बेंगलुरू में संत-कवि कनक दास और महर्षि वाल्मीकि की मूर्तियों पर पुष्पांजलि करेंगे। प्रधानमंत्री वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस और भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे और बाद में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 का उद्घाटन करेंगे। उनका बेंगलुरु में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के बाद नादप्रभु केम्पेगौड़ा की 108 फुट की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करने का भी कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को ही दोपहर बाद तमिलनाडु के डिंडीगुल में गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

# पूर्व-सीजेआई गोगोई के राज्यसभा में मनोनयन को चुनौती देने वाली याचिका न्यायालय ने की खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (पूर्व-सीजेआई) रंजन गोगोई के राज्यसभा में मनोनयन को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका बुधवार को खारिज कर दी और साथ भी यह भी कहा कि याचिकाकर्ता याचिका दायर करने के लिए पात्र नहीं हैं। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह एक पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन (प्रचार हित याचिका) है।

याचिकाकर्ता सतीश एस. कांबिया की ओर से पेश वकील ने कहा कि पूर्व-सीजेआई राज्यसभा के लिए मनोनीत होने के योग्य नहीं हैं। पीठ ने कहा, पात्रता का फैसला कौन करेगा? आप? क्षमा करें, हमें इस याचिका में कोई दम नहीं नजर आता। आपको (खुद को) सौभाग्यशाली मानना चाहिए कि हम आप पर कोई जुर्माना नहीं लगा रहे हैं। संवेदनशील अयोध्या भूमि विवाद मामले सहित कई प्रमुख मामलों में निर्णय सुनाने वाली पीठों का नेतृत्व कर चुके न्यायमूर्ति गोगोई का राज्यसभा के लिए मनोनयन 16 मार्च, 2020 को सरकार द्वारा किया गया था।

गोगोई ने उन पीठों का भी नेतृत्व किया था, जिन्होंने राफेल लड़ाकू विमान सौदे और प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश जैसे मामलों पर फैसला सुनाया था। गृह मंत्रालय द्वारा उच्च सदन के लिए उनके नामांकन की घोषणा की एक अधिसूचना 16 मार्च, 2020 को जारी की गई थी। न्यायमूर्ति गोगोई 13 महीने से कुछ अधिक के कार्यकाल के बाद नवंबर, 2019 में सीजेआई पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वह राज्यसभा के लिए मनोनीत होने वाले भारत के पहले पूर्व प्रधान न्यायाधीश हैं। पूर्व प्रधान न्यायाधीश रंगनाथ मिश्रा राज्यसभा के सदस्य थे, लेकिन वे कांग्रेस पार्टी के टिकट पर चुने गए थे।

# सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में निजी कंपनी के दो पूर्व निदेशकों को गिरफ्तार किया

**जम्मू।** सीबीआई ने जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में करोड़ों रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में एक निजी कागज निर्माता कंपनी के दो पूर्व निदेशकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि भारत पेपर्स लिमिटेड तथा उसके प्रबंध निदेशक तथा निदेशकों समेत अन्य के खिलाफ 12 फरवरी 2020 को भारतीय स्टेट बैंक की पंजाब, लुधियाना में एसएएम शाखा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। कंपनी के दो तत्कालीन निदेशकों अनिल कुमार तथा प्रवीण कुमार को मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया तथा उन्हें एक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें बुधवार को सात दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया। सीबीआई के अनुसार, आरोपियों ने सीबीआई के अज्ञात अधिकारियों के साथ षडयंत्र रचकर 2006 से 2019 तक बैंक से 87.88 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की।

# पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के गैर-मुसलमानों को नागरिकता दे सकेंगे नौ राज्यों के 31 जिलाधिकारी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले गैर-मुसलमानों, यथा.. हिन्दुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाईयों को नागरिकता कानून, 1955 के तहत भारतीय नागरिकता प्रदान करने का अधिकार नौ राज्यों के गृह सचिवों और 31 जिलाधिकारियों को भी दिया गया है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की वर्ष 2021-22 (एक अप्रैल से 31 दिसंबर, 2021 तक) की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के इन अल्पसंख्यक समुदायों के I,414 विदेशियों को नागरिकता कानून, 1955 के तहत भारत की नागरिकता प्रदान की गई है।

गौरतलब है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले हिन्दुओं, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाईयों को विवादित नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 के स्थान पर नागरिकता कानून, 1955 के तहत भारत की नागरिकता देने के अलग मायने हैं। नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 (सीएए) में भी अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले गैर-मुसलमानों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। लेकिन, सीएए के तहत अभी तक सरकार द्वारा नियम नहीं बनाए गए हैं, इसलिए अभी तक इस कानून के तहत किसी विदेशी को भारत की नागरिकता नहीं दी गई है।

केन्द्रीय गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, केन्द्र ने अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले हिन्दुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाईयों को नागरिकता प्रदान करने का अधिकार 2021-22में और 13 जिला कलेक्टरों और दो राज्यों के गृह सचिवों को सौंपा। रिपोर्ट में कहा गया है, इसके साथ ही 29 जिलों के कलेक्टरों और नौ राज्यों के गृहसचिवों को उपरोक्त श्रेणी के आव्रजकों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले हिन्दुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाईयों) को नागरिकता प्रदान करने का अधिकार दिया गया है। गुजरात के आणंद और मेहसाणा जिलों के जिला कलेक्टरों को यह अधिकार पिछले महीने दिया गया।

अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आने वाले गैर-मुसलमानों (हिन्दुओं, सिखों, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाईयों) को नागरिकता कानून, 1955 के तहत जिन नौ राज्यों में पंजीकरण या देशीकरण के माध्यम से नागरिकता प्रदान की जा सकती है, वे हैं... गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र। दिलचस्प बात यह है कि असम और पश्चिम बंगाल राज्यों में जहां विदेशियों को नागरिकता देने का मुद्दा राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, वहां किसी भी जिलाधिकारी को नागरिकता प्रदान करने का अधिकार नहीं दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारों के विकेन्द्रीकरण से उपरोक्त श्रेणी के लोगों को भारतीय नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी आएगी और इससे जुड़े फैसले स्थानीय स्तर पर लिए जा सकेंगे।

एक अप्रैल, 2021 से 31 दिसंबर, 2021 तक इस मंत्रालय सहित तमाम प्रशासन द्वारा नागरिकता के कुल I,414 प्रमाणपत्र दिए गए हैं। इनमें से I,120 प्रमाणपत्र नागरिकता कानून, 1955 के प्रावधान पांच के तहत पंजीकरण के माध्यम से जबकि 294 प्रमाणपत्र कानून के प्रावधान छह के तहत देशीकरण के माध्यम से दिए गए हैं। सीएए के तहत, केन्द्र की नरेंद्र मोदी नीत सरकार 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आए अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के गैर मुसलमान आव्रजकों... यथा हिन्दुओं, सिखों, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाईयों.. को भारतीय नागरिकता देना चाहती है। दिसंबर 2019 में संसद में सीएए पारित होने और उसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद देश के कुछ हिस्सों में इसका भीषण विरोध हुआ था।

# रूस से दूरी बनाने के दौरान भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं : अमेरिका

भाषा। वाशिंगटन

**राष्ट्रपति** जो बाइडन नीत अमेरिकी सरकार का कहना है कि वह रूस से दूरी बनाने के दौरान भारत के साथ मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध है। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस के अनुसार, ऐसे कई देश हैं जिन्होंने इस कठिन तथ्य को पहचान लिया है कि रूस ऊर्जा या सुरक्षा क्षेत्र में विश्वसनीय स्रोत नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने मंगलवार को दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब रूस के साथ भारत के संबंधों की बात आती है, तो अमेरिका ने लगातार यह स्पष्ट किया है कि यह एक ऐसा रिश्ता है, जो कई दशकों में विकसित और मजबूत हुआ है। और वास्तव में यह शीत युद्ध के दौरान बना और मजबूत हुआ जब अमेरिका, भारत के लिए आर्थिक, सुरक्षा व सैन्य भागीदार बनने की स्थिति में नहीं था। उन्होंने कहा, अब परिस्थितियां बदल गई हैं। पिछले 25 साल में इसमें बदलाव आया है। यह वास्तव में एक विरासत है, एक द्विपक्षीय विरासत, जिसे इस देश ने पिछले 25 साल में हासिल किया है। वास्तव में राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के प्रशासन ने सबसे पहले इसकी शुरुआत की थी। प्राइस ने कहा कि अमेरिका ने आर्थिक, सुरक्षा और सैन्य सहयोग समेत हर क्षेत्र में भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा करने की कोशिश की है। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा बदलाव है जिस पर हम हमेशा से स्पष्ट रहे हैं, यह रातों-रात नहीं हो सकता यहां तक कि कुछ महीनों या शायद कुछ वर्षों में भी संभव नहीं है। भारत एक बड़ा देश है, एक विशाल देश है, एक बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसकी कई जरूरते हैं। प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, इसलिए, भारत से जिस बदलाव व पुनर्व्यवस्था की उम्मीद करते हैं, उसको लेकर मौजूदा प्रशासन भारत के साथ काम करने को लेकर प्रतिबद्ध है। यह न केवल मौजूदा प्रशासन के लिए बल्कि आने वाली सरकारों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीदी पर किए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अमेरिका ने तेल और गैस, ऊर्जा क्षेत्र को लेकर रूस पर लगाए गए प्रतिबंधों में छूट सोच-समझकर दी है। उन्होंने कहा, भारत में ऊर्जा की अत्यधिक मांग है वह रूस से तेल और ऊर्जा के अन्य स्रोत हासिल करता है यह कोई ऐसी चीज नहीं है जो लगाए गए प्रतिबंधों के विरुद्ध हो। प्राइस ने कहा कि अमेरिका पहले भी स्पष्ट कर चुका है कि अब रूस के साथ हमेशा की तरह व्यापार करने का समय नहीं है और यह दुनिया भर के देशों पर निर्भर करता है कि वे रूस के साथ उन आर्थिक संबंधों को कम करने के लिए क्या कर सकते हैं। यह कुछ ऐसा है जो सामूहिक हित में है, लेकिन यह दुनिया भर के देशों के द्विपक्षीय हित के लिए भी जरूरी है कि समय के साथ-साथ रूसी ऊर्जा पर अपनी निर्भरता में कमी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, ऐसे कई देश हैं जिन्होंने इस कठिन तथ्य को पहचान लिया है कि रूस ऊर्जा के क्षेत्र में विश्वसनीय स्रोत नहीं है।



चीन की समाचार एजेंसी की ओर से जारी तस्वीर में राष्ट्रपति शी चिनफिंग सीपीसी सेंटर का निरीक्षण करते हुए



मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति पुतिन मेडिकल एवं बायोलॉजिकल प्रमुख के साथ बातचीत करते हुए

## पूर्व सैनिकों को पीएलए को प्रशिक्षण देने से रोकेगा ऑस्ट्रेलिया

एपी। कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)

**ऑस्ट्रेलिया** के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लस ने बुधवार को कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) को प्रशिक्षण देने के लिए चीन द्वारा पूर्व पायलटों की बतौर प्रशिक्षक नियुक्ति किए जाने से उत्पन्न चिंताओं पर जवाबी कार्रवाई के तौर पर उन्होंने सेना से गोपनीयता संबंधी सुरक्षामानकों की समीक्षा करने को कहा है।

इससे पहले मार्लस ने पिछले महीने इन खबरों की जांच का आदेश दिया था कि चीन ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सैनिकों से प्रशिक्षक बनने के लिए संपर्क किया है। मार्लस ने आज संवाददाताओं से कहा, रक्षा विभाग द्वारा मुझे मुहैया कराई गई सूचनाओं के बाद मेरे मन में काफी चिंता है और मैंने रक्षा विभाग से हमारे पूर्व सैनिकों पर लागू होने वाली नीतियों और प्रक्रियाओं की विस्तृत जांच करने को कहा है, खास तौर से उन सैनिकों से जुड़ी नीतियों की, जिनके पास हमारे देश की गोपनीय जानकारी होती हैं। मार्लस ने हालांकि यह बताने से इनकार कर दिया कि अभी तक किसी ऑस्ट्रेलियाई ने किसी चीनी (सैनिक) को सैन्य प्रशिक्षण दिया है या नहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस और खुफिया सेवा संयुक्त कार्य बल पूर्व सैनिकों के कई मामलों की जांच कर रहा है। मार्लस ने कहा, फिलहाल हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि हम अपने पूर्व सैनिकों के लिए मौजूदा नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि वे (नीतियां एवं प्रक्रियांए) पर्याप्त हैं। उन्होंने कहा, और, अगर ऐसा नहीं है और प्रणालीतंत्र में कोई कमी है तो हम उसे सुधारने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। ऑस्ट्रेलिया की भांति उसके सहयोगियों ब्रिटेन और कनाडा की भी यही चिंता है कि चीन सैन्य विशेषज्ञता वाले लोगों को फांसने की प्रयास कर रहा है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने पिछले सप्ताह खुफिया विभाग की एक चेतावनी जारी कर सेना के पूर्व और वर्तमान पायलटों को चीन के भर्ती प्रयासों के विरूद्ध आगाह किया था। ब्रिटेन के सशस्त्र सेना मंत्री जेम्स हिप्पी ने कहा कि प्रशासन ऐसी प्रशिक्षण गतिविधियों को कानूनी तौर पर अपराध की श्रेणी में डालेगा।

स्काई न्यूज और बीबीसी की खबरों के अनुसार, ब्रिटेन के करीब 30 पूर्व सैन्य पायलट इस वक्त चीन में पीएलए (चीनी सेना) के पायलटों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। खबरों के अनुसार, इन पायलटों को प्रशिक्षक के रूप में 2,40,000 पाउंड (2,72,000 अमेरिकी डॉलर) की वार्षिक तनख्वाह मिल रही है। कनाडा का राष्ट्रीय रक्षा विभाग भी अपने पूर्व सैनिकों की जांच कर रहा है। कनाडा का कहना है कि उसके सैनिक कनाडाई सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त होने के बाद भी गोपनीयता प्रतिबद्धताओं से बाध्य हैं। ऑस्ट्रेलिया का रक्षा विभाग इस संबंध में अपनी रिपोर्ट 14 दिसंबर को मंत्री को सौंपेगा। ऑस्ट्रेलियन डिफेंस एसोसिएशन नामक एक थिंक टैंक के मुख्य कार्यकारी नील जेम्स का कहना है कि राजद्रोह, द्रेशद्रोह और गोपनीयता सुरक्षा से जुड़े ऑस्ट्रेलियाई कानून अत्यंत जटिल हैं और परिस्थितियों पर निर्भर करते हैं। जेम्स ने ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कोर को बताया, उदाहरण के लिए, युद्ध काल से इतर किसी के भी खिलाफ देशद्रोह का आरोप लगाना बहुत मुश्किल है। जेम्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सैनिकों को किसी भी परिस्थिति में चीन के साथ काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर कोई ऐसा कर रहा है (चीनी सेना को प्रशिक्षण दे रहा है) तो सशस्त्रबलों में ज्यादातर सैनिकों को इस बात से चिढ़ होगी क्योंकि संभावित रूप से आप ऐसे लोगों को प्रशिक्षण दे रहे हैं जो भविष्य में ऑस्ट्रेलियावासियों की हत्या कर सकते हैं।

**PUBLIC NOTICE**

The General Public to be known to all that my client Sh. Shiv Lal S/o. Late Algu Ram R/o. RZC-3, C-Block, Dwarkapuri, New Delhi -110045 has severed all his relations from his son namely Pradeep Kumar and has disowned and debarred him from his moveable and immoveable properties due to his rude and indecent behaviour towards my client, being out of control, If anybody deals with him, he /she will do so, my client and his family shall not be held responsible for the same in any manner in future

Prabharkar Tiwari-Advocate
Mob.: 8368211595

## शेयर बाजार में दो दिन की तेजी पर विराम, सेंसेक्स 152 अंक टूटा

भाषा। मुंबई



**घरेलू** शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 151.60 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख का निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा।

बाजार शुरू में बढ़त के साथ खुला लेकिन बाद में तेजी बरकरार नहीं रह पाई। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में तेजी और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 151.60 अंक यानी 0.25 प्रतिशत टूटकर 61,033.55 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक में कारोबार के अंतिम घंटे में तेज उतार-चढ़ाव देखा गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 61,447.23 अंक तक चढ़ा और नीचे में 60,905.15 अंक तक आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 45.80 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,157 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड को सबसे ज्यादा 4.06 प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। इसके उलट आईटीसी, डॉ. रेड्डीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक और एसबीआई लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं। इनमें 1.99 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 22 नुकसान में रहे। घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को गुरु नानक जयंती के मौके पर बंद था। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा, बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा और दोनों मानक सूचकांक-सेंसेक्स और निफ्टी... मामूली नुकसान में रहे। ज्यादातर क्षेत्र सूचकांकों के अनुरूप रहे और स्थिर या मामूली नुकसान में बंद हुए।

उन्होंने कहा, हाल में बाजार की गतिविधियों से पता चलता है कि वैश्विक मोर्चे पर मिले-जुले संकेतों को लेकर बाजार प्रतिभागी सतर्क हैं। हालांकि, सोच-विचाकर विभिन्न क्षेत्रों में लिवाली से बाजार में तेजी जारी है...। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजार को अब अमेरिका में बृहस्पतिवार को घोषित होने वाली खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े से दिशा मिलेगी। अनुमान के आधार पर अक्टूबर में इसके कुछ कम होकर 7.9 प्रतिशत रहने की संभावना है जो सितंबर में 8.2 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति में तेजी से गिरावट से बाजार को गति मिलेगी। बीएसई मिडकैप (मझोली कंपनियों) सूचकांक 0.52 प्रतिशत घटा जबकि बीएसई स्मॉलकैप (छोटी कंपनियों) 0.33 प्रतिशत नीचे आया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख था। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ 94.72 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे चढ़कर 81.50 (अस्थाई) पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल बने हुए हैं और उन्होंने सोमवार को 1,948.51 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे।

सेंसेक्स के शेयरों में पावरग्रिड को सबसे ज्यादा 4.06 प्रतिशत का नुकसान हुआ। इसके अलावा टेक महिंद्रा, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति सुजुकी भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। इसके उलट आईटीसी, डॉ. रेड्डीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक और एसबीआई लाभ में रहने वाले शेयरों में शामिल हैं।

## बीईएमएल का दूसरी तिमाही में मुनाफा 52.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बीईएमएल लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 52.5 प्रतिशत बढ़कर 16.26 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बीईएमएल ने बुधवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में बताया कि खर्चों में कमी के कारण उसका लाभ बढ़ा है। वहीं, वित्त वर्ष 2021-22 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी ने 10.66 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, कंपनी की कुल आय चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 806.11 करोड़ रुपए रह गई। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 1,013.64 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा बीईएमएल का कुल खर्च आलोच्य तिमाही में कम होकर 789.84 करोड़ रुपए पर आ गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,002.99 करोड़ रुपए था।

### नालको का दूसरी तिमाही का मुनाफा 83.2 प्रतिशत घटकर 125.43 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) का 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत मुनाफा 83.2 प्रतिशत घटकर 125.43 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजारों को यह जानकारी दी और कहा कि अधिक खर्च और कम आय से उसका मुनाफा घटा है। नालको ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 747.80 करोड़ रुपए का एकीकृत लाभ कमाया था।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that, **Ghanshyam Gupta son of Late Shri Nirmal Kumar & Late Smt. Kaushalya R/o Flat No.6-C, on First Floor, Cat-LIG, Pocket-JA, G-8 area Rajouri Garden, Hari Nagar, situated at Rajouri Garden, New Delhi** is owner/ mutatee and in physical possession of Flat No.6-C,on First Floor,Cat-LIG,Pocket-JA,G-8 area Rajouri Garden,Hari Nagar, situated at Rajouri Garden , New Delhi, which has been allotted by DDA vide File No.F.79(96) 1981/NP/LIG and applied for conversion from lease hold into free hold of said flat in D.D.A. The original Allotment Letter,Possession Letter, Possession Slip,NOC for Water and Electric connection, and all original Challans and other related documents of said flat have been lost. An F.I.R. to this effect has been lodged.Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address/Phone No.9911259900 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this flat can personally inform or write to **Dy. Director (LAB) H or Director (H)-I, D Block 3d Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.**

**पब्लिक नोटिस**

यह आम जनता के ध्यान में लाना है कि श्री राहुल सिंह मेहरा का एक आईडी कार्ड आईसी आईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा जारी आईडी कार्ड नं. 2225727 फरीदाबाद में खो गया है, जो भी व्यक्ति उक्त आईडी कार्ड पाता है, उससे अनुरोध किया जाता है कि वह उक्त आईडी कार्ड को प्रबंधक ऋण सेवा एवं प्रबंधन समूह, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नं.7, कम्युनिटी सेंटर, एस.डी. टॉवर, सेक्टर 8, रोहिणी, नई दिल्ली, दिल्ली 110085 को लौटा दे। इसलिए, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के सभी ग्राहकों को इसके द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे उक्त आईडी कार्ड नंबर 2225727, कृपया आगे ध्यान दें कि उक्त आईडी कार्ड रखने वाले किसी भी व्यक्ति को भुगतान करने वाला कोई भी व्यक्ति अपनी लागत, जोखिम और जोखिम पर ऐसा करेगा और आईसीआईसीआई बैंक किसी भी भुगतान के लिए बाध्य और/या जिम्मेदार नहीं होगा।

तिथि: 22.10.2022 आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
स्थान: दिल्ली -एसडी-

**Public Notice**

This is to inform general public that Mohd. Kasim acquired the Upper Ground Floor, without roof rights (Hereinafter called as "SAID Floor"), Built-up property no. 9/30, area measuring 100 sq. yds., out of khasra no. 3342/20/71 min, situated in the abadi of "Bazar Gali, Vishwas Nagar", Illaqa Shahdara, Delhi-110032 vide Sale Deed dated 09.09.2021, (Doc. no. 6715). Now, Mohd. Kasim intending to sell the above said property to Mr. Ashwani Kumar Sharma and further Mr. Ashwani Kumar Sharma availing loan on this property from Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

## मुंबई-बर्मिंघम के बीच हवाई सेवा के लिए केंद्र से अनुरोध करेंगे: शिंदे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार केंद्र से मुंबई और बर्मिंघम के बीच हवाई सेवा शुरू करने का अनुरोध करेगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की तरफ से जारी बयान के अनुसार, वेस्ट मिडलैंड्स के मेयर एंडी स्ट्रीट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में मुख्यमंत्री शिंदे से भेंट की। बयान में कहा गया है कि प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में दोनों पक्षों के बीच निवेश और सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का निर्णय लिया गया। शिंदे ने प्रतिनिधि मंडल से राज्य में निवेश के अवसरों का पता लगाने का आग्रह भी किया। बयान में कहा गया कि वेस्ट मिडलैंड्स इलेक्ट्रिक वाहनों का केंद्र है और महाराष्ट्र में निवेश का अवसर है। वहीं, स्ट्रीट ने कहा कि इसी तरह, अगर मुंबई से बर्मिंघम के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू होती है, तो पर्यटन की बहुत गुंजाइश है। शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही सीधी उड़ान सेवा शुरू करने के लिए केंद्र से आग्रह करेगी।

### वित्त मंत्रालय ने सॉवरेन हरित बांड के लिए रूपरेखा को अंतिम रूप दिया

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने वैश्विक मानकों के अनुरूप सॉवरेन हरित बांड जारी करने की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सरकार चालू वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी छमाही (अक्टूबर-मार्च) के दौरान हरित बांड जारी करके 16,000 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। यह दूसरी छमाही के लिए उधार कार्यक्रम का एक हिस्सा है। सूत्रों ने कहा कि रूपरेखा तैयार है और इसे जल्द ही मंजूरी दी जाएगी। बजट में ऐसे बांड जारी करने की घोषणा की गई थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस साल अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि सरकार हरित अवसंरचना ढांचे के लिए संसाधन जुटाने की खातिर सॉवरेन हरित बांड जारी करने का प्रस्ताव रखती है। उन्होंने बजट 2022-23 में कहा था, इस राशि को सार्वजनिक क्षेत्र की उन परियोजनाओं में लगाया जाएगा, जो अर्थव्यवस्था की कार्बन तीव्रता को कम करने में मदद करती हैं। सरकार की चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-मार्च अवधि के दौरान कुल 5.92 लाख करोड़ रुपए का उधार लेने की योजना है। 2022-23 के बजट में सरकार ने 14.31 लाख करोड़ रुपए के सकल बाजार ऋण का अनुमान लगाया था। इसमें से उन्होंने इस वित्त वर्ष के दौरान 14.21 लाख करोड़ रुपए उधार लेने का फैसला किया है, जो बजट अनुमान से 10,000 करोड़ रुपए कम है।

## भारत के 82 प्रतिशत कार्यकारियों की राय, अगले साल बढ़ाना होगा साइबर सुरक्षा बजट : सर्वे

भाषा। नई दिल्ली

**भारत** में 82 प्रतिशत से अधिक कार्यकारियों का मानना है कि उन्हें आगामी वर्ष में अपने साइबर सुरक्षा बजट में बढ़ोतरी करनी पड़ेगी। एक सर्वे में यह निष्कर्ष निकाला गया है। पीडब्ल्यूसी के इस सर्वे के मुताबिक, संगठनों को प्रभावित करने वाले सभी प्रकार के जोखिमों में से प्रतिभागियों ने जिन तीन जोखिमों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला माना है उनमें नुकसान पहुंचाने वाला साइबर हमला, कोविड-19 का फिर से प्रकोप या स्वास्थ्य संबंधी कोई और जोखिम तथा नया भूराजनीतिक तनाव। ग्लोबल डिजिटल ट्रस्ट इनसाइट्स शीर्षक के इस सर्वे में वरिष्ठ कार्यकारियों से पूछा गया था कि अगले 12 से 18 महीनों में उनके संगठन के भीतर साइबर सुरक्षा को बदलने और बेहतर बनाने के लिहाज से क्या चुनौतियां और अवसर हैं। इसमें कहा गया, सर्वे में शामिल विभिन्न व्यवसायों के 82 प्रतिशत से अधिक कार्यकारियों ने अनुमान जताया है कि 2023 में साइबर सुरक्षा पर अधिक व्यय करने की जरूरत होगी। सर्वे में 89 प्रतिशत भारतीय अधिकारियों ने कहा कि उनके संगठन के साइबर सुरक्षा दल ने कारोबार के लिए उल्लेखनीय साइबर खतरे की पहचान की जिसे उन्होंने विफल दिया और परिचालन को प्रभावित होने से बचा लिया। विश्व स्तर पर यह आंकड़ा 70 प्रतिशत है। पीडब्ल्यूसी के एक बयान में कहा गया, 83 प्रतिशत भारतीय कार्यकारियों ने कहा कि उनके संगठन की साइबर सुरक्षा टीम ने आपूर्ति श्रृंखला जोखिम प्रबंधन में सुधार किया है। इस सर्वे में 65 देशों के 3,522 प्रतिभागी शामिल हुए तथा 103 अधिकारी भारत से थे।

### तमिलनाडु के 2,000 से अधिक छात्रों को वाराणसी लाएगा रेलवे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे एक विशेष कार्यक्रम के तहत तमिलनाडु के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 2,000 से अधिक छात्रों को रेलगाड़ी से वाराणसी लाएगा। केंद्र सरकार के एक विशेष कार्यक्रम, जिसका मकसद काशी और दक्षिणी राज्य के बीच प्राचीन सभ्यतागत संबंध को आगे बढ़ाना है, के तहत इन छात्रों को काशी लाया जाएगा।

**TRADEWELL HOLDINGS LIMITED**
(Formerly BRAND REALTY SERVICES LIMITED)
CIN: L74110DL1995PLC064237
Regd. Off: S-8 & S-2, DDA SHOPPING COMPLEX, OPP. POCKET-I, MAYUR VIHAR-I, DELHI -110091
Tel.: 011-22755819 | Email Id: info@brandrealty.in | Website: https://www.brandrealty.in

**Statement of Unaudited Standalone Financial Results for the Second Quarter & Half Year Ended 30th September, 2022**

(Rs. in Lacs except per share data)

| Particulars | Quarter ended | | Half Year Ended |
|---|---|---|---|
| | 30.09.2022 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 30.09.2022 (Unaudited) |
| Total Income from Operations | 80.09 | 104.94 | 86.71 |
| Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 56.46 | -0.97 | 35.71 |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 56.46 | -0.97 | 35.71 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 56.46 | -0.97 | 35.71 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 56.46 | -0.97 | 35.71 |
| Paid up Equity Share Capital (of Rs. 10/- each) | 300.44 | 300.44 | 300.44 |
| Reserves excluding Revaluation Reserves (As per previous acc. Year) | - | - | - |
| Earnings Per Share (of Rs. 1/- each) (for continuing and discontinued operations)- | | | |
| 1. Basic : | 1.88 | -0.03 | 1.19 |
| 2. Diluted: | 1.88 | -0.03 | 1.19 |

**Notes:**
1. The above is an extract of the detailed format of the unaudited financial Results for the second quarter and half year ended 30th September, 2022 filed with the BSE under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results for the second quarter and half year ended 30th September, 2022 is available on the BSE website (www.bseindia.com)and Company's website (https://www.brandrealty.in).
2. The above un-audited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in its meeting held on 09th November, 2022.

For TRADEWELL HOLDINGS LIMITED
Sd/-
KAMAL MANCHANDA
(WHOLETIME DIRECTOR)
DIN: 00027889

Place: Delhi
Date: 09.11. 2022

# लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू में लगाई आस्था की डुबकी



## कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर अयोध्या में उमड़ा श्रद्धालुओं का जैन सैलाबए ब्रह्म मुहूर्त से प्रारंभ हुआ स्नान

संवाददाता। अयोध्या

**कार्तिक** पूर्णिमा स्नान पर लाखों श्रद्धालुओं ने मां सरयू के पावन जल में स्नान कर सुबह 8 बजे तक सरयू तट पर स्थित नागेश्वरनथ मंदिर में भोले बाबा का किया जलाभिषेक कनक भवन हनुमानगढ़ी और श्री राम जन्मभूमि राम लला का किए दर्शन ।कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है शास्त्रों की दृष्टिकोण से। पूर्णिमा के दिन सभी तीर्थ स्थलों पवित्र नदियों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रद्धा भाव से स्नान ध्यान कर दान पुण्य करते हैं। वहीं अयोध्या में सरयू घाट पर भी लाखों की तादात में लोग स्नान करने के लिए पहुंचे हैं ब्रह्म मुहूर्त से स्नान दान का क्रम चल रहा है। मांसरयू नदी में स्नान करने अयोध्या पहुंचे लाखों श्रद्धालु।

शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि गंगा बड़ी गोदावरी तीर्थ राज प्रयाग सबसे बड़ी अयोध्या नगरी जहां राम ने ली अवतारए इस पवित्र पावन नगरी अयोध्या में कार्तिक मास के प्रारंभ होते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या में कल्पवास करते हैं 1 महीने कल्पवास के बाद भगवान श्री रामलला के जन्म स्थान की परिक्रमा व कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सरयू नदी में स्नान दान के साथ इस कल्पवास का समापन होता है। कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने आज आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद भगवान श्री राम की भव्य मंदिर के निर्माण को देखने के लिए राम जन्मभूमि परिसर भी पहुंच रहे है। इस दौरान सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम रहे सरयू घाट से लेकर सभी प्रमुख मठ मंदिरों तक बड़ी संख्या में पीएसीए सीआरपीएफ व आरएएफ सहित सिविल पुलिस के जवान तैनात है।

## ग्रहण के दौरान सुबह 8 बजे से बंद रहे मंदिर के कपट



### 8 बजे तक खुला रहा श्रद्धालुओं के लिए रामलला का दरबार

**अयोध्या।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर चंद्र ग्रहण शाम 5. 20 से लग गया है इसके पूर्व सुबह 8. 20 से अयोध्या के सभी मंदिरों के कपट बंद हो गए। जहां कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालु अयोध्या के मंदिरों में दर्शन पूजन करते थे वह सुबह 8 तक बजे तक दर्शन पूजन कर सके। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में सभी मंदिरों के कपट खुल गये और आरती पूजन के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपट खोल दिए गए जिससे लोग सुबह 8 बजे तक दर्शन पूजन करते रहे रहे। श्री राम जन्मभूमि राम लला के मंगला श्रृंगार आरती के बाद एक घंटे के लिए श्रद्धालुओं के लिए मंदिर का कपट खुला रहा हजारों की संख्या में सुबह से लाइन लगाई श्रद्धालु दर्शन पूजन करने लगे। वही हनुमानगढ़ी में सुबह 3 बजे से दर्शन पूजन होने लगे और यह क्रम 8 बजे तक चला 8 बजे जैसे ही सूतक लगा मंदिर कपाट बंद कर दिया गये। 6. 30 बजे ग्रहण समाप्त होने के बाद पुनः मंदिर की धुलाई हुई भगवान का श्रृंगार हुआ और आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए कपट खोल दिए गए।

## रवि किशन ने गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए बनाया गुजराती-भोजपुरी मिक्स रैप गीत

**गोरखपुर।** भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और गोरखपुर से भाजपा सांसद रवि किशन ने गुजरात विधानसभा के आगामी चुनाव के लिए एक गुजराती-भोजपुरी मिक्स रैप गीत तैयार किया है। रवि किशन के जनसम्पर्क अधिकारी पवन दुबे ने बुधवार को यहां बताया कि गुजरात मा मोदी छे बोल वाला यह रैप गीत जल्द ही जारी किया जाएगा और उम्मीद है कि यह गुजरात में रहने वाले उत्तर प्रदेश और बिहार के मूल निवासियों को पसंद आएगा। उन्होने कहा, यह गीत गुजरात में विपक्ष को एक करारा जवाब है जो यह कह रहा है कि गुजरात में आखिर है ही क्या। यह पूरा गीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईमानदारी और भाईभतीजावाद तथा भ्रष्टाचार के खिलाफ उनकी नीति पर आधारित है। दुबे ने बताया कि इस गीत में गुजरात के विकास, महात्मा गांधी और सरदार पटेल की विरासत तथा सोमनाथ और द्वारिका का जिक्र किया गया है। गौरतलब है कि इस साल के शुरू में हुए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में रवि किशन का भोजपुरी गीत यूपी में सब बा बहुत लोकप्रिय हुआ था।

## अराजक तत्वों ने अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के गंगापार स्थित करछना तहसील के चुप्पेपुर गांव में मंगलवार की रात अज्ञात लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़ दी। बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने अंबेडकर की प्रतिमा खंडित किए जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी (करछना) अजित सिंह चौहान ने बताया कि करछना तहसील के चुप्पेपुर गांव में बीती रात अज्ञात लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा खंडित कर दी। ग्रामीणों को सुबह इस घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। उन्होने बताया कि प्रतिमा खंडित करने वाले लोगों का पता लगाया जा रहा है। हालांकि गांव मे माहौल शांत है और गांव के लोग दूसरी प्रतिमा लगवा रहे है। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन डाक्टर लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा, बाबा साहब की प्रतिमा खंडित किए जाने की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और मुख्यमंत्री ने प्रशासन को ऐसी घटनाएं करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने का निर्देश दिया है।

## बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** कॉपी किताब खरीदने गई एक 13 वर्षीया किशोरी को कथित रूप से अगवा कर बिहार ले जाने और तकरीबन चार माह तक बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बुधवार को बताया कि बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी को गत 27 जुलाई 2022 को फेफना थाना क्षेत्र के रहने वाले अमित राम (19 वर्ष) ने अगवा कर लिया था। घटना के समय किशोरी छाता चट्टी पर कापी किताब खरीदने गई हुई थी। इस मामले में किशोरी के पिता की तहरीर पर अमित के विरुद्ध गत 28 जुलाई को नामजद मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि अमित किशोरी को अगवा कर बिहार के भागलपुर ले गया तथा तकरीबन चार माह तक उसके साथ बलात्कार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रविवार को किशोरी को बरामद किया गया। बाद में पुलिस ने किशोरी की मेडिकल जांच कराने के बाद बलिया की एक स्थानीय अदालत में बयान दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि बयान के आधार पर पुलिस ने मुकदमे में भारतीय दण्ड संहिता की बलात्कार के आरोप व पाक्सो एक्ट की सुसंगत धाराएं जोड़ी हैं।

## वाहन ने मारी आटो रिक्शा को टक्कर : चार श्रमिकों की मौत

**अमरोहा।** अमरोहा जिले के हसनपुरगजरौला मार्ग पर बुधवार सुबह किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से आटो रिक्शा सवार चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुण सिंह ने बताया कि आटोरिक्शा मे सवार होकर पांच लोग दिल्ली जा रहे थे। इनमे से चार सम्भल जिले के जबकि एक अन्य शाहजहांपुर का रहने वाला था। सिंह ने बताया कि रास्ते में गजरौला इलाके के पास उनके वाहन को किसी भारी गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी, इस हादसे मे आटो रिक्शा सवार चार श्रमिकों की मौत हो गई। उन्होने बताया कि मरने वालो मे अनुज, नौबत सिंह, राजबहादुर सिंह और ओमप्रकाश शामिल है। दुर्घटना में घायल देवेंद्र को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिंह ने बताया कि ए सभी दिल्ली में मजदूरी करके अपने परिवार का भरणपोषण करते थे। बुधवार को वे सभी आटो रिक्शा में सवार होकर सम्भल से दिल्ली जा रहे थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे है।

## अपहरणकर्ता गिरफ्तार, अगवा बच्चे को मुक्त कराया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के विजयनगर क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ के बाद दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन वर्षीय बच्चे को मुक्त करा लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी. ने बताया कि पिछले मंगलवार की शाम विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित बहरामपुर गांव से बच्चे को अगवा कर लिया गया था। अपहरणकर्ताओं ने उसके पिता से 20 लाख रुपए फिरौती मांगी थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने दो संदिग्ध लोगों को हिंडन नदी के किनारे पकड़ने की कोशिश की। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान उन दोनो ने पुलिस पर गोली चलाई और जवाबी कार्वाई मे एक अपहरणकर्ता गोली लगने से घायल हो गया। इसके अलावा एक हेड कांस्टेबल देव प्रताप को भी गोली लगी। दोनों को पास के ही एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुनिराज ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तो की पहचान मैनपुरी निवासी सनी और एटा निवासी रामचरण के रूप मे हुई है। उनके कब्जे से अपहृत बच्चे को मुक्त कराया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियुक्तों ने लड़के को अगवा कर एटा में छुपाया था और अगले दिन उसके पिता को फोन कर उससे फिरौती मांगी थी। दोनो के मोबाइल फोन की लोकेशन पता करके उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनो अभियुक्तो ने बताया है कि वे बच्चे के घर के पास में ही रहते है और उन्होंने उसे अगवा करने की योजना बनाई थी क्योंकि उसके पिता इलाके के संपन्न व्यक्ति है।

## ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित रखने का संकल्प

**वाराणसी।** अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने आज दो प्रमुख मापदंडों को साझा किया, जिन्होंने बाजार में इसकी स्थिति को मजबूत बनाया है और इसके ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित रखने हेतु इस बीमाकर्ता की वित्तीय क्षमता को प्रदर्शित किया है। बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तरुण चुघ ने कहा, ग्राहकों को सर्वोपरि प्राथमिकता देने की हमारी विचारधारा अब हमारा मिशन है और पिछले पांच वर्षों की अपनी परिवर्तनकारी यात्रा के क्रम में हमने हरसंभव प्रयास किया है कि हम अपने ग्राहकों से किए गए अपने वायदे पर खरा उतरें। सॉल्वेंसी अनुपात और दावा निपटारा अनुपात इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वैश्विक स्तर पर बीमाकर्ताओं द्वारा सॉल्वेंसी रेशियो उच्च बनाए रखा जाता है और यह कंपनी की वित्तीय स्थिति को उजागर करता है। बजाज आलियांज लाइफ का 581 प्रतिशत का सॉल्वेंसी रेशियो इसकी अल्पकालिक और दीर्घकालिक देनदारियों दोनों को पूरा करने की क्षमता को इंगित करता है।

## भागवतकथा में सुनाया कंस वध और रुक्मणी कृष्ण का विवाह के प्रसंग

**पुखरायां।** कानपुर देहात। वृंदावन से पधारी भागवताचार्य देवी विशाखा सखी ने कहा कि अत्याचारी का अंत अवश्य होता है। कंस ने जो अत्याचार अपने बहन वह अपने पिता के ऊपर किया उसका अंत हुआ था। भगवान श्री कृष्ण ने कारागार में जन्म लेकर गोकुल में बाल लीलाएं करते हैं। कंस ने अपने महामंत्री अक्रूर जी को गोकुल भेजा और श्रीकृष्ण एवं बलराम को मल्लयुद्ध के लिए बुलाया। मल्लयुद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने कई पहलवानों को पराजित किया। अंत में कंस ने जब भगवान श्री कृष्ण को ललकारा तो उन्होंने युद्ध करते हुए कंस का वध किया । अपने नाना व अपने माता.पिता को कारागार से आजाद करवाया। कहा कि अत्याचार का एक दिन अंत होता है। कंस अत्याचारी था जिसका अंत समय आने पर सर्वनाश के रूप में हुआ। उन्होंने आगे कथा में भगवान श्रीकृष्ण.रुकमणी के विवाह की कथा सुनाई। इस अवसर पर देवेंद्र यादवए गुड्डू यादवए अंकुर यादवए भारत सिंह यादवए उमाए बेबीए संतोष कुमार आदि ने व्यास गद्दी की आरती कर सबके सफल वह सुखी जीवन की आशीर्वाद प्राप्त किया।

## बरेली में आंबेडकर प्रतिमा बवाल का मामला

# सिरौली इंस्पेक्टर समेत छह पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

बरेली। जिले की नगर पंचायत सिरौली में आंबेडकर प्रतिमा लगाने के बाद हुए बवाल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ने थाना प्रभारी समेत छह पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया जबकि पुलिस अधीक्षक देहात और क्षेत्राधिकारी आंवला से जवाब तलब किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी अखिलेश चौरसिया ने कहा कि प्रतिमा लगाने की तैयारी महीने भर से चल रही थी। फिर भी पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यह बहुत बड़ी लापरवाही है। गौरतलब हैं कि ट्2392ीस्बा सिरौली के साहूकारा मोहल्ले में सार्वजनिक जमीन पर रविवार रात गुपचुप ढंग से आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गई थी। सोमवार को उप जिलाधिकारी आंवला और क्षेत्राधिकारी आंवला की अगुवाई में पुलिस प्रतिमा को हटवाने पहुंची तो जमकर बवाल हुआ। महिलाओं के पुलिस पर पथराव करने के बाद पुलिस को आंसू गैस गैस के गोले और लाठी चार्ज करके भीड़ को तीतर बितर करना पड़ा। तब कहीं जाकर पुलिस आंबेडकर की प्रतिमा को हटा सकी। एसएसपी चौरसिया ने बताया कि जाटव समुदाय के वोटों के लिए कुछ कथित लोगों द्वारा एक महीने से चंदा इकट्ठा कर आंबेडकर प्रतिमा लगाने की तैयारी की जा रही थी। इस पुरे मामले में बेखबर रहने पर उन्होंने थाना सिरौली के इंस्पेक्टर राजीव कुमार, हल्का इंचार्ज मोदी सिंह, सिपाही अंकित सिंह, जाने आलम, अक्षय कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। क्षेत्राधिकारी आंवला अजय गौतम और पुलिस अधीक्षक देहात राजकुमार अग्रवाल से भी जवाब तलब किया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्2392ीस्बा सिरौली में बगैर अनुमति आंबेडकर प्रतिमा लगाने पर सोमवार को हुए बवाल के बाद पुलिस ने 12 नामजद और 60 अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना सिरौली में रिपोर्ट दर्ज की है। अज्ञात आरोपियों में 40 महिलाएं और 20 पुरुष शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक (देहात) राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में मनोज, रविंद्र, विपिन, राहुल, पप्पू, महीपाल, आकाश, सूरज, अरविंद, संजीव, शीशपाल और अजय को नामजद किया है। उन्होंने बताया कि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस वीडियो देखकर अन्य आरोपियों की पहचान कर रही है। उन्होंने बताया कि तमाम आरोपी ताला लगा कर घर से फरार हो गए हैं। तनाव के कारण पुलिस और पीएसी कस्बे में गश्त कर रही है और वहां पुलिस बल तैनात है।

## अपूर्ण अभिलेख को करें पूर्ण

**कानपुर देहात।** सर्वसाधारण को मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण अधिकारी ने सूचित किया जाता है कि जनपद कानपुर देहात में जिन आवेदकों ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना 2022.2023 के तहत विभिन्न उप योजनाओं आवेदन किया है। उनके आवेदनों पत्रों की स्कूटनी की जा रही है जिसमें से कई आवेदकों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय कुछ आवश्यक अभिलेख यथाए फोटोए हस्ताक्षरए आधार कार्डए शपथ.पत्रए खतौनी ड्राईविंग लाइसेंसए जाति प्रमाण.पत्रए रजिस्टर्ड एग्रीमेंट आदि अपलोड नहीं किया गया हैए या आवेदकों द्वारा अपलोड किये गये अभिलेख अपठनीय है। ऐसे आवेदकों के आवेदन पत्र वापस किये जा रहे हैए वह तीन दिन के अन्दर अपने आई0डी0 पासवर्ड से लॉगिन कर अपूर्ण अभिलेख को पूर्ण करे अन्यथा की स्थिति में आवेदन पत्रों को चयन हेतु डी0एल0सी0 में प्रस्तावित किया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी। वेबसाइड पर अपने आवेदन की स्थिति देख कर अपूर्ण अभिलेख पूर्ण कर सकते हैं।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई के खिलाफ मुकदमा, तलाश जारी

भाषा। कानपुर

**कानपुर** जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई तथा उनके साथियों के खिलाफ एक महिला के घर में आग लगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने उनके मकान पर दबिश भी दी लेकिन वह वहां नहीं मिले और दोनों भाइयों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने बुधवार को पीटीआईभाषा को बताया कि जाजमऊ स्थित डिफेंस कॉलोनी की रहने वाली नजीर फातिमा नामक एक महिला ने पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि वह सोमवार की रात अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शिरकत करने गई थी, तभी सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी तथा उनके करीब छह साथियों ने उसके घर में आग लगा दी। उन्होंने बताया कि इस शिकायत पर सपा विधायक सोलंकी, उनके भाई रिजवान तथा अन्य साथियों के खिलाफ दंगा करने, जानबूझकर सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने, मौत का डर दिखाकर धमकाने तथा आपराधिक साजिश रचने के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया है। इस बीच, नजीर फातिमा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि उसके पास पॉश इलाके में स्थित डिफेंस कॉलोनी में 535 वर्ग गज का एक भूखण्ड है और वह वर्ष 1986 से इस कॉलोनी में रह रही है।

महिला का आरोप है कि सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई ने उसकी जमीन के 200 वर्ग गज हिस्से पर कब्जा कर लिया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) रवीन्द्र कुमार ने बताया कि पूर्व में कथित पीड़िता की शिकायत पर सपा विधायक और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं करने के आरोप में जाजमऊ के थानाध्यक्ष अभिषेक मिश्र को निलम्बित कर दिया गया है। किदवाई नगर के थानाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे को जाजमऊ थाने का भी प्रभार सौंपते हुए सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई की जल्द गिरफ्तारी करने के सख्त आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सोलंकी और उनके भाई को पकड़ने के लिए पुलिस ने उनके घरों पर दबिश भी दी थी लेकिन वे वहां नहीं मिले। उन्होंने बताया कि उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस के कई दलों को तैनात किया गया है। विधायक के लखनऊ में मौजूद होने की सूचना पर एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी की अगुवाई में एक दल राजधानी भी भेजा गया है। उधर, सपा विधायक सोलंकी ने एक वीडियो जारी किया है जिसमें वह विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से अपने खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों की समुचित जांच कर न्याय दिलाने के लिए विधायकों की एक समिति गठित करने की गुजारिश कर रहे हैं। वीडियो में विधायक ने यह भी दावा किया कि उन्होंने कानपुर के पुलिस आयुक्त बी.पी. जोगदण्ड से मुलाकात कर पूरे मामले के बारे में उन्हें बताया था और गुजारिश की थी कि कोई सख्त निर्णय लेने से पहले वह आरोपों की जांच कर लें। सोलंकी ने वीडियो में आरोप भी लगाया है कि पुलिस ने उनके घर पर छापा मारा और उनकी पत्नी तथा नाबालिग बेटी के साथ बदतमीजी भी की।

## कर्नाटक से आए हथियों का वन मंत्री ने किया स्वागत, पीलीभीत बाघ अभयारण्य को सौंपा गया

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत बाघ अभयारण्य को बुधवार को कर्नाटक से आए चार हाथियों के दल के रूप में एक बड़ी सौगात मिली। प्रदेश के वन मंत्री अरुण सक्सेना ने विधिवत पूजा-अर्चना कर हाथियों का स्वागत किया। पीलीभीत बाघ अभयारण्य के उप निदेशक नवीन खंडेलवाल ने बताया कि वह और उनकी टीम आज कर्नाटक से चार हाथियों का एक दल लेकर टाइगर रिजर्व पहुंचा। वन मंत्री अरुण सक्सेना ने पूजाअर्चना कर हाथियों का स्वागत किया और उन्हें फल खिलाए तथा बाद में उन्हें औपचारिक रूप से अभयारण्य को सौंपा गया। वन मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि इस पर्यटन सत्र की शुरुआत होने से पहले बाघ अभयारण्य मे पहुंचे ए हाथी सैलानियो के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे।

# स्वास्थ्य सामग्री खरीद टेंडर पर सवाल



### स्वास्थ्य मंत्री समेत सचिव को शिकायती पत्र भेज कर मामले की जांच की मांग

### सीएमओ ने कहा, यह ओपेन टेंडर है इसमें गड़बड़ी हो ही नहीं सकती फिर भी पड़ताल करेंगे

**बांदा।** हेल्थ एंड वेलनेस योजना के तहत अनब्रांडेड स्वास्थ्य सामग्री खरीदने के प्रयासों के आरोप लगने लगे हैं। यह आरोप लगाते हुए समाजसेवी पूर्व नगर पंचायत सदस्य रामबाबू श्रीवास ने स्वास्थ्य मंत्री समेत सचिव को शिकायती पत्र भेज कर मामले की जांच कराकर इसको लेकर जारी टेंडर को निरस्त करने की मांग की है।आरोप है जेम पोर्टल के जरिए 20 अक्टूबर को 26 सामग्रियों की खरीद के लिए टेंडर अपलोड किया गया था। पत्र में कहा गया है कि जेम पोर्टल में जो शर्ते डाली गई हैं वे संदेहास्पद हैं और ठेकेदारों के चयन में अनियमितता तय है। इस संदर्भ में मुख्यचिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया की यह कहना सत्य नहीं है की विद संख्या 15वें वित्त आयोग के स्वास्थ्य संबंधी अनुदान के अंतर्गत उपकेंद्र शरीर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में निदान संबंधी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु 26 आइटम की खरीद हेतु टेंडर अपलोड किया गया है जिसमें जेम पोर्टल के अलावा अपने चहेते सप्लायर से मिलीभगत कर मनमानी ढंग से खरीद करने हेतु विद में प्रत्येक सामान को अन ब्रांडेड डाला गया है। उन्होंने कहा कि मामले की पड़ताल की जाएगी। यह खुला टंडर है, गड़बड़ी हो ही नहीं सकती।

# जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

### मरीजों से वार्ता करते हुए इलाज और अस्पताल से आवश्यक दवाइयों के मिलने के सम्बन्ध में जानकारी हासिल की

**बांदा।** जिलाधिकारी बांदा श्रीमती दीपा रंजन ने आज प्रातः जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओ0पी0डी0ए शिशु एवं बाल रोग विभागए ई0एन0टी0ए डेंगू वार्डए इमरजेन्सी वार्ड तथा महिला वार्ड एवं सिटी स्कैन कक्ष आदि का गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय अस्पताल में इलाज हेतु आए हुए मरीजों से वार्ता करते हुए उनके चिकित्सीय इलाज किये जाने तथा अस्पताल से आवश्यक दवाइयों के मिलने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ओ0पी0डी0 में उपस्थित चिकित्सक से आने वाले प्रतिदिन मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकों के साथ फिजीशन एवं सर्जन चिकित्सकों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि मरीजों को अस्पताल से ही आवश्यक दवायें उपलब्ध करायी जायेंए किसी भी मरीज को बाहर से दवा लेने हेतु पर्ची इत्यादि न लिखी जाएए एक मरीज के द्वारा बाहर से दवा लिखे जाने की जानकारी देने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि यदि किसी चिकित्सक के द्वारा बाहर से दवा लेने हेतु लिखा जाता है तो उनके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी।जिलाधिकारी ने डेंगू वार्ड के निरीक्षण के दौरान मरीजों के तीमारदारों के अधिक मिलने पर निर्देश दिये कि एक मरीज के साथ एक ही व्यक्ति वार्ड में रहे तथा मरीजों को कहा कि डेंगू से बचाव हेतु मच्छरदानी प्रयोग आवश्यक रूप से करेंए जिससे कि मरीज एवं तीमारदारों का भी बचाव हो सके। उन्होंने सिटी सकैन कक्ष का निरीक्षण करते हुए प्रतिदिन होने वाले सिटी स्कैन की जानकारी लीए जिस पर बताया गया कि प्रतिदिन लगभग 60से70 सिटी स्कैन किये जाते हैंए उन्होंने निःशुल्क सिटी स्कैन किये जाने का बोर्ड भी लगाये जाने केलगभग 60से70 सिटी स्कैन किये जाते हैंए उन्होंने निःशुल्क सिटी स्कैन किये जाने का बोर्ड भी लगाये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में चिकित्सक उपस्थित पाये गये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सकों की उपस्थिति समय से शत.प्रतिशत सुनिश्चित करायी जाए। इसके साथ ही व्यवस्था में सुधार की बात कही। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की जिसमें मुख्य चिकित्सक अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल में एक ब्लड बैंक तथा राजकीय मेडिकल कॉलज में दो ब्लड बैंक स्थापित हैं। उन्होंने निरीक्षण में एन0आर0सी0 में भर्ती बच्चों एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत किये जा रहे इलाज के सम्बन्ध में भी जानकारी ली।

# अनुसूचित जाति के लोगों को उद्यम लगाने को पूंजी और जमीन देगी सरकार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम अजय) के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को उद्यम लगाने के लिए पूंजी के साथ ही जमीन भी उपलब्ध कराने की तैयारी कर रही है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति, वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन डाक्टर लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि पीएम अजय के तहत पात्रता के लिए अनुसूचित जातियों को आय सीमा से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पीएम अजय के तहत अनुसूचित जाति के लोग कृषि, बागवानी, पशुपालन, मछली पालन, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, हथकरघा, उद्योग और सेवा व्यापार आदि के तहत अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं। निर्मल ने बताया कि इस योजना को लागू करने के लिए हर जिले में परियोजना कार्यान्वयन इकाई बनाई जा रही है और राज्य स्तर पर संयोजक की नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसमें लाभार्थियों को व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा और लाभार्थी द्वारा तैयार उत्पादों का बाजार प्रदेश सरकार उपलब्ध कराएगी। उन्होंने बताया कि दलित बाहुल्य गांवों में इन परियोजनाओं के लिए क्लस्टर बनाए जाएंगे और जमीन की व्यवस्था सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रदेश में छह नए छात्रावासों का निर्माण कराया जाएगा और पहले से संचालित 261 छात्रावासों का मरम्मत कराया जाएगा। निर्मल ने बताया कि पीएम अजय के तहत प्रदेश के 6,171 गांवों को आदर्श गांव के रूप में चिह्नित किया गया है जहां पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, समाज सुरक्षा, ग्रामीण सड़कें एवं आवास, बिजली तथा स्वच्छ ईंधन आदि की व्यवस्था की जाएगी।

# न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर पाकिस्तान फाइनल में

भाषा। सिडनी




**अपने गेंदबाजों** के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद फॉर्म में लौटे कप्तान बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के अर्धशतकों के दम पर पाकिस्तान ने बुधवार को न्यूजीलैंड को सात विकेट से हराकर टी20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। रविवार को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान का मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। ग्रुप चरण में उम्दा प्रदर्शन करने वाली न्यूजीलैंड टीम का विश्व कप जीतने का सपना एक बार फिर टूट गया। जीत के लिए 153 रन के लक्ष्य को पाकिस्तान ने तीन विकेट खोकर पांच गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया।

ग्रुप चरण में औसत प्रदर्शन के बाद किस्मत के सहारे सेमीफाइनल तक पहुंची पाकिस्तानी टीम के तेवर आज बिल्कुल बदले हुए थे। उसके गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया और क्षेत्ररक्षण भी काफी मुस्तैद था। सोने पे सुहागा रहा कप्तान बाबर और सलामी बल्लेबाज रिजवान का फॉर्म में लौटना जिन्होंने पहले विकेट के लिए 76 गेंद में 105 रन जोड़कर पाकिस्तान को शानदार शुरूआत दिलाई।खराब फॉर्म के कारण आलोचना झेल रहे बाबर ने 42 गेंद में सात चौकों की मदद से 53 रन बनाए जबकि रिजवान ने 43 गेंद में पांच चौकों के दम पर 57 रन बनाए। मोहम्मद हारिस ने 26 गेंद में 30 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड के लचर क्षेत्ररक्षण ने पाकिस्तान की जीत की राह और आसान कर दी। कीवी खिलाड़ियों ने न सिर्फ कैच टपकाए बल्कि फील्डिंग में कई रन फालतू भी दिए।इससे पहले पाकिस्तान के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को चार विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिशेल ने 35 गेंद में नाबाद 53 और कप्तान केन विलियमसन ने 42 गेंद में 46 रन बनाकर स्कोर 150 के पार पहुंचाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का कीवी कप्तान केन विलियमसन का फैसला गलत साबित हो गया जब अफरीदी ने पहले ओवर में ही उन्हें करारा झटका दिया। फिन एलेन ने पहली गेंद पर अफरीदी को चौका जड़ा लेकिन अगली ही गेंद पर बल्लेबाज चकमा खा गया और मैदानी अंपायर ने उन्हें पगबाधा करार दिया। न्यूजीलैंड के रिव्यू लेने पर पता चला कि बल्ला गेंद पर लगा था और बल्लेबाज के पक्ष में फैसला गया। अगली ही गेंद पर हालांकि अफरीदी ने उसी अंदाज में फिन को पगबाधा आउट करके पाकिस्तान को शानदार शुरूआत दिलाई।नए बल्लेबाज डेविड कोंवे ने अगले ओवर में नसीम शाह को दो चौके लगाकर न्यूजीलैंड पर से दबाव कम करने की कोशिश की। पहले बदलाव के तौर पर आए हारिस रऊफ़ ने अपने पहले ओवर में चार रन ही दिए। न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट छठे ओवर में गिरा जब क्रीज पर जमते दिख रहे डेवोन कोंवे तेजी से रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गए। अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स को मोहम्मद नवाज ने रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। इस समय न्यूजीलैंड का स्कोर आठ ओवर में तीन विकेट पर 49 रन था। इसके बाद विलियमसन और मिशेल ने चौथे विकेट के लिए 50 गेंद में 68 रन की साझेदारी की। विलियमसन ने पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाते हुए इक्के दुक्के रन लिए और ढीली गेंदों को नसीहत दी। दोनों ने 50 रन सिर्फ 36 गेंद में जोड़े लेकिन चौके छक्के बहुत मुश्किल से लगे। कीवी पारी में कुल दो ही छक्के लगे जिनमें से एक विलियमसन और एक मिशेल ने जड़ा। पूरी पारी में सिर्फ दस चौके लग सके। विलियमसन अर्धशतक से चार रन पीछे रह गए और 17वें ओवर में अफरीदी ने उन्हें बोल्ड किया। मिशेल और जेम्स नीशाम (नाबाद 16) ने 22 गेंद में 35 रन की साझेदारी की लेकिन आखिरी ओवरों में तेजी से नहीं खेल सके। न्यूजीलैंड ने आखिरी पांच ओवर में सिर्फ 46 रन बनाए।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी :** मोहम्मद रिजवान का फिलिप्स बो बोल्ट 57, बाबर आजम का मिशेल बो बोल्ट 53, मोहम्मद हारिस का एलेन बो सेंटनेर, शान मसूद नाबाद 3, इफ्तिखार अहमद नाबाद 0, **अतिरिक्त :** 10 रन, **कुल योग :** 19 .। ओवर में तीन विकट पर 153 रन, **विकेट पतन :** ।-105, 2-132, 3-151, **गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-33-2, साउदी 3.1-0-24-0, फर्ग्युस 4-0-37-0, सेंटनेर 4-0-26-, सोढी 4-0-26-0

**न्यूजीलैंड पारी :** फिन एलेन पगबाधा बो अफरीदी 4, डेवोन कोंवे रन आउट 21, केन विलियमसन का अफरीदी 46, ग्लेन फिलिप्स का और बो नवाज 6, डेरिल मिशेल नाबाद 53, जेम्स नीशाम नाबाद 16, **अतिरिक्त :** छह रन, **कुल योग :** 20 ओवर में चार विकट पर 152 रन, **विकेट पतनः** ।-4, 2-38, 3-49, 4-117, **गेंदबाजी :** अफरीदी 4-0-24-2, शाह 4-0-30-0, रऊफ़ 4-0-32-0, वसीम 2-0-15-0, शादाब 4-0-33-0, नवाज 2-0-12-1

# नॉकआउट में हारने का कलंक तोड़ने उतरेगी टीम इंडिया

भाषा। एडीलेड




**खिताब से** दो कदम दूर भारतीय टीम बृहस्पतिवार को यहां टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से खेलेगी तो गलती की कोई गुंजाइश नहीं होगी। ग्रुप चरण में भारत ने इंग्लैंड से बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन अब वह बीती बात हो गई है। इंग्लैंड के स्टार हरफनमौला बेन स्टोक्स पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। भारतीय टीम को यह सुनिश्चित करना होगा कि जोस बटलर और स्टोक्स सेमीफाइनल मैच में फॉर्म में नहीं लौटे।

आईसीसी टूर्नामेंटों में पिछले कुछ साल का इतिहास भी भारत के पक्ष में नहीं है। भारतीय टीम 2013 के बाद से आखिरी दो चरण की बाधा पार नहीं कर सकी है। वह 2014 टी20 विश्व कप के फाइनल में और 2016 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार गई। रोहित शर्मा ने ए सारे मैच खेले हैं लेकिन वह कप्तान नहीं थे तो कप्तानी के सबसे अहम दौर पर अतीत का कोई बोझ उनके सीने पर नहीं है। अभ्यास के दौरान बाजू में चोट लगा बैठे रोहित शारीरिक पीड़ा को भुलाकर एक उम्दा पारी खेलने की फिराक में होंगे। अब तक वह पांच मैचों में 89 रन ही बना सके हैं। अपने आलोचकों को जवाब देने का उनके पास सेमीफाइनल से सुनहरा मौका नहीं हो सकता। विराट कोहली का सामना एक बार फिर चिर प्रतिद्वंद्वी आदिल रशीद से होगा जबकि सूर्यकुमार यादव की परीक्षा सैम कुरेन के कटर्स के सामने होगी। स्टोक्स ही हरफनमौला क्षमता का सामना हार्दिक पंड्या करेंगे। दुनिया की शीर्ष दो टीमों की टक्कर में दर्शकों को रोमांच की पूरी सौगात मिलेगी। दुनिया भर के क्रिकेटप्रेमी रविवार को एमसीजी पर भारत और पाकिस्तान का फाइनल देखना चाहते हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान दोनों 1987 में वनडे विश्व कप का सेमीफाइनल हार चुके हैं। भारतीय टीम ने सुपर 12 चरण में चार मैच जीते लेकिन दिनेश कार्तिक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके और ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर गफलत में रहे कि आक्रामक खेलें या रक्षात्मक। छोटी बाउंड्री और रशीद की मौजूदगी से पंत बेहतर विकल्प माने जा रहे हैं लेकिन देखना यह होगा कि राहुल द्रविड़ का कार्तिक मोह भंग होता है या नहीं। अक्षर पटेल ने 9 . 10 की औसत से तीन ही विकेट लिए हैं लेकिन भारतीय टीम प्रबंधन ने उनकी जगह युजवेंद्र चहल को नहीं उतारा है। स्पिनरों की मददगार इस पिच पर चहल काफी उपयोगी साबित हो सकते हैं। टूर्नामेंट के सबसे तेज गेंदबाज मार्क वुड अगर चोट की वजह से नहीं खेल पाते हैं तो भारत के लिए यह अच्छा होगा क्योंकि क्रिस जोर्डन या टाइमल मिल्स के पास वह रफ्तार नहीं है। स्टोक्स और कुरेन ने टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की है और वे चाहेंगे कि भारत पहले बल्लेबाजी करे। एडीलेड पर 170 का स्कोर अच्छा माना जाएगा और रोहित को कार्तिक या पंत के साथ भारत को अच्छी शुरूआत देनी होगी।

### टीमें

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान) , के एल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, आर अश्विन, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, दीपक हुड्डा, हर्षल पटेल, ऋषभ पंत, युजवेंद्र चहल।

**इंग्लैंड :** जोस बटलर (कप्तान), बेन स्टोक्स , एलेक्स हेल्स, हैरी ब्रूक, फिल साल्ट, डेविड मलान, सैम कुरेन, मार्क वुड, मोईन अली, आदिल रशीद, टाइमल मिल्स, क्रिस जोर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, क्रिस वोक्स, डेविड विली।

**मैच का समय :** दोपहर। . 30 से।

## भारत में अगले साल होगी महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत मे 2023 में महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप होगी जबकि दो साल पहले जरूरी फीस जमा नही करने की वजह से भारत से पुरूष विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी छीन ली गई थी। भारत मे कभी पुरूष विश्व चैम्पियनशिप नही हुई है लेकिन तीसरी बार महिला चैम्पियनशिप होगी। इससे पहले दिल्ली मे 2006 और 2018 मे चैम्पियनशिप हो चुकी है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के महासचिव हेमंत कलीता ने कहा , हमें महिला विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी मिली है और अब मार्च के आखिर में और अप्रैल के पहले सप्ताह मे इसका आयोजन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष उमर क्रेमलोव भारत के पहले दौरे पर है और उनकी यात्रा के दौरान ही टूर्नामेंट की तारीखे तय होंगी। टूर्नामेंट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम मे खेला जा सकता है। भारत ने 2021 में पुरूष चैम्पियनशिप की मेजबानी सर्बिया को गंवा दी थी क्योंकि मेजबानी फीस का भुगतान नही हो सका था।

## ला लिगा : बार्सीलोना ने ओसासुना को हराया

**मैड्रिड(एपी)।** रॉबर्ट लेवांडोवस्की और गेराई पीक को रेडकार्ड मिलने के बावजूद बार्सीलोना ने विश्व कप ब्रेक से पहले ओसासुना को 2-। से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग मे अपना शीर्ष स्थान कायम रखा। लेवांडोवस्की का करीब एक दशक मे यह पहला रेडकार्ड था जबकि पीक को कैरियर के आखिरी मैच मे रेडकार्ड मिला। बार्सीलोना के लिए विजई गोल राफिन्हा ने दागा। बार्सीलोना अब दूसरे स्थान पर काबिज रीयाल मैड्रिड से पांच अंक आगे है। ओसासुना के लिए छठे मिनट मे गार्शिया ने गोल दागा। पेड्री गोजालेस ने 48वे मिनटमे बराबरी का गोल किया और स्थानापन्न खिलाड़ी राफिन्हा ने 85वें मिनट में हेडर पर विजई गोल किया।

## नपोली की लगातार दसवीं जीत

**रोम(एपी)।** अपने सबसे शानदार खिलाड़ी कविचा क्वारत्स्खेलिया के बिना भी नपोली ने एम्पोली को इटालियन फुटबॉल लीग में 2 . 0 से हराकर लगातार दसवी जीत दर्ज की। नपोली के अब गत चैम्पियन एसी मिलान से आठ अंक अधिक हो गए है। मिलान को क्रेमोनेस ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका। इस जीत के साथ ही नपोली का एम्पोली के खिलाफ पिछले तीन मैचो मे हार का सिलसिला भी खत्म हो गया। उडिन्से और स्पेजिया ने भी ।-। से ड्रॉ खेला।

## नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में मुसेत्ती की शानदार शुरुआत

**मिलान।** खिताब के प्रबल दावेदार लोरेंजो मुसेत्ती ने नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स मे सेंग चुन सिन को 4 . 2, 4 . 2, 4 . 2 से हराकर शानदार शुरूआत की। 21 वर्ष और उससे कम उम्र के टेनिस खिलाड़ियों के लिए सत्र के आखिरी इस टूर्नामेंट में मुसेत्ती सर्वोच्च वरीयता वाले खिलाड़ी है। पेरिस मास्टर्स चैम्पियन होल्गर रूने ने इससे नाम वापिस ले लिया है। जिरि लेहेस्का ने फ्रांसिस्को पसारो को 4 .।, 4 . 3, 4 .। से मात दी। ब्रेंडन नकाशिमा ने मात्तेओ अर्नाल्डी को 2 . 4, 4 .3, 4 . 3, 3 . 4, 4 . 2 से हराया।

# एक नॉकआउट मैच से मेरा या किसी खिलाड़ी का आकलन नहीं हो सकता : रोहित


भाषा। एडीलेड

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा अहम मुकाबलों में अपने औसत प्रदर्शन को लेकर होने वाली आलोचना को समझते हैं लेकिन उन्हें भारी दबाव वाले मैचों में नाकामी से उनका या किसी भी खिलाड़ी का आकलन किया जाना पसंद नहीं है। रोहित पिछले कुछ समय में आईसीसी टूर्नामेंटों में नॉकआउट मैचों में अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं।

उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ टी20 विश्व कप 2014 फाइनल में सिर्फ 29 रन बनाए और आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप 2015 के सेमीफाइनल में 34 रन ही बना सके। उन्होंने 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ 43 रन बनाए और पाकिस्तान के खिलाफ 2017 चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में खाता भी नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के खिलाफ 2019 वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में वह एक रन ही बना सके। यह पूछने पर कि क्या अहम मैचों में औसत प्रदर्शन उन्हें परेशान करता है, रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप सेमीफाइनल से पहले कहा , सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि सारे खिलाड़ियों के लिए है। उन्होंने पूरे कैरियर में जो कुछ किया, उसकी समीक्षा एक नॉकआउट मैच से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा , पूरे साल आप कड़ी मेहनत करते हैं। चाहे किसी भी प्रारूप में खेल रहे हों और एक मैच से उसका आकलन नहीं हो सकता। वर्तमान में विश्वास करने वाले रोहित ने कहा कि अतीत को भुलाया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा , नॉकआउट मैच अहम है और उसमें अच्छा प्रदर्शन करने से आत्मविश्वास बढता है लेकिन अतीत को नहीं भूलना चाहिए कि खिलाड़ियों ने पहले क्या किया है। टीम के लिए इतने साल में जो कुछ किया है, उसका लब्बोलुआब एक मैच नहीं हो सकता। एडीलेड ओवल पर बाउंड्री महज 60 मीटर की है और आस्ट्रेलिया में अलग अलग मैदानों के आकार के अनुरूप खेलना बड़ी चुनौती है। रोहित ने कहा , इस टूर्नामेंट में यह चुनौती रही। पिछले साल दुबई में मैदान का आकार उतना नहीं बदला था। हमें पता था कि एक तरफ मैदान बड़ा है और उसके अलावा कोई बदलाव नहीं था। लेकिन आस्ट्रेलिया में कुछ मैदान बड़े हैं और कुछ छोटे हैं। उसके अनुरूप ढलना होता है। एक ब्रिटिश पत्रकार ने सूर्यकुमार यादव के बेखौफ खेल के बारे में पूछा तो रोहित ने मजाकिया लहजे में कहा , यह उसका स्वभाव ही है। वह बहुत ज्यादा बोझ नहीं लेता।

# इंग्लैंड के खिलाफ पंत खेलेंगे या कार्तिक, अभी तय नहीं

भाषा। एडीलेड




**ऋषभ पंत** को जिंबाब्वे के खिलाफ मौजूदा टी20 विश्व कप में अपना पहला मैच खेलने का मौका मिला लेकिन अभी यह तय नहीं है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भी विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे या दिनेश कार्तिक की टीम में वापसी होगी। एकदिवसीय विश्व कप 2019 के दौरान भारत का चौथे नंबर का बल्लेबाज तय नहीं था और मौजूदा विश्व कप में लगातार बहस जारी है कि अंतिम एकादश में कार्तिक पर पंत को तरजीह मिलनी चाहिए या नही। कार्तिक मौजूदा विश्व कप में फिनिशिर की अपनी भूमिका पर खरे नहीं उतरे हैं जबकि टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अब तक मिले सीमित मौकों में पंत भी अपनी प्रतिभा से न्याय नहीं कर पाए हैं।

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि सेमीफाइनल को ध्यान में रखते हुए पंत को जिंबाब्वे के खिलाफ मौका देना रणनीतिक कदम था लेकिन बृहस्पतिवार को कौन विकेटकीपर की भूमिका निभाएगा इस सवाल पर उन्होंने कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। रोहित ने पंत को खिलाने के कारण के संदर्भ में कहा, जिंबाब्वे के खिलाफ मैच से पहले हमें नहीं पता था कि हम किसी टीम के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेंगे। हम बाएं हाथ के बल्लेबाज को बीच के ओवरों में गेंदबाजी करने वाले न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के स्पिनरों का सामना करने की तैयारी का मौका देना चाहते थे। उन्होंने कहा, हमने सोचा कि ऋषभ ऐसा खिलाड़ी है जो हमारे लिए ऐसा कर सकता है और उसे क्रीज पर समय बिताने का मौका देने की जरूरत है। लेकिन कल क्या होगा इसके बारे में मैं आपको आज कुछ नहीं बता सकता। अक्षर पटेल के लिए मौजूदा विश्व कप काफी निराशाजनक रहा है। उन्होंने लगभग 10 रन प्रति ओवर की गति से रन दिए हैं लेकिन कप्तान ने बाएं हाथ के इस स्पिनर का समर्थन किया। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं चिंतित नहीं हूं क्योंकि उसे इस टूर्नामेंट में बामुश्किल ही गेंदबाजी करने का मौका मिला है। नीदरलैंड के खिलाफ मैच के अलावा परिस्थितियों को देखते हुए उसने किसी मैच में अपने कोटे के ओवर पूरे नहीं किए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान हर्षल पटेल की गेंद ग्रोइन के पास लगी। टीम ने हालांकि उस समय राहत की सांस ली जब वह कुछ ही मिनटों में दोबारा बल्लेबाजी के लिए उतर आए। कप्तान रोहित शर्मा को कल गेंद लगी थी लेकिन उन्होंने पुष्टि की कि वह पूरी तरह फिट हैं। उन्होंने कहा, मुझे कल गेंद लगी थी लेकिन अब ठीक लग रहा है। थोड़ा निशान पड़ गया था लेकिन अब बिलकुल ठीक है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए स्पिनर एगर और मरफी पर आस्ट्रेलिया की नजरें

**मेलबर्न (भाषा)।** आस्ट्रेलिया ने अगले साल के भारत दौरे को ध्यान में रखकर वेस्टइंडीज के खिलाफ चार दिवसीय अभ्यास मैच के लिए स्पिनर एश्टोन एगर और टॉड मरफी को प्रधानमंत्री एकादश टीम में शामिल किया है। आस्ट्रेलिया को अगले साल फरवरी मार्च में भारत दौरे पर चार टेस्ट और तीन वनडे खेलने हैं। बाएं हाथ के स्पिनर एगर ने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था। उन्होंने चार टेस्ट में नौ विकेट लिए हैं। वहीं 21 वर्ष के आफ स्पिनर मरफी ने अभी तक टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है लेकिन चार प्रथम श्रेणी मैचों में 18 विकेट चटकाए हैं। आस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा कि भारत दौरे के लिए वे अलग अलग विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा , भारत दौरे के लिए टीम में कुछ नए नाम हो सकते हैं। हालात को देखते हुए खिलाड़ियों का चयन होगा। प्रधानमंत्री एकादश मैच 23 नवंबर से शुरू होगा। आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच दो टेस्ट की श्रृंखला पर्थ में 30 नवंबर से खेली जाएगी।

# सूर्य शीर्ष पर बरकरार, अर्शदीप कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग पर



**दुबई।** शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कायम रखा है जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं पायदान पर पहुंच गए हैं। यादव ने टी20 विश्व कप में अब तक पांच मैचों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए हैं। वह कैरियर के सर्वश्रेष्ठ 869 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। भारत के पिछले ग्रुप मैच में यादव ने 25 गेंद में 61 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड के डेवोन कोंवे उनके बाद दूसरे स्थान पर हैं जबकि पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम चौथे स्थान पर हैं। भारतीय उपकप्तान के एल राहुल पांच पायदान चढकर 16वें स्थान पर हैं जबकि विराट कोहली 11वें और रोहित शर्मा 18वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में अर्शदीप चार पायदान चढकर 23वें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी उनसे एक पायदान ऊपर हैं। स्पिनर आर अश्विन पांच पायदान चढकर 13वें स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा शीर्ष पर है जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 15 विकेट लिए। हरफनमौलाओं की रैंकिंग में जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।

# गुणातिलक पर कथित यौन उत्पीड़न के दौरान लगातार महिला का गला दबाने का आरोप

**भाषा।** सिडनी

**श्रीलंका के** क्रिकेटर धनुष्का गुणातिलक ने बलात्कार के कथित प्रयास के दौरान महिला को गला दबाकर लगभग मार ही दिया था। मीडिया की खबरों में पुलिस दस्तावेजों के हवाले से ऐसा दावा किया गया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुणातिलक ने उसके साथ डेट पर जाने के दौरान दो नवंबर को सिडनी के रोज बे में उसके घर पर चार बार उसका यौन उत्पीड़न किया। गुणातिलक मौजूदा टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने वाली श्रीलंका की टीम का हिस्सा थे। सिडनी पुलिस ने बाद में 31 साल के गुणातिलक को टीम होटल से गिरफ्तार किया जबकि श्रीलंका की टीम के अन्य सदस्य टीम के सुपर 12 चरण से बाहर होने के बाद स्वदेश लौट गए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को सोमवार को जमानत नहीं मिली और उन्हें अधिकतम 14 साल जेल की सजा का सामना करना पड़ सकता है। महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि यौन उत्पीड़न के दौरान गुणातिलक ने तीन बार उनका गला दबाने का प्रयास किया। ऑस्ट्रेलिया की मीडिया ने पुलिस दस्तावेजों के हवाले से कहा, शिकायतकर्ता ने आरोपी की कलाई पकड़कर उसका हाथ हटाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी ने गले को और जोर से दबाया। शिकायतकर्ता को अपनी जान जाने का डर था और वह आरोपी की पकड़ से नहीं छूट पा रही थी। उन्होंने कहा, वह लगातार आरोपी की पकड़ से दूर होने का प्रयास कर रही थी जो स्पष्ट संकेत है कि जो हो रहा था वह उसकी मर्जी से नहीं हो रहा था। इस मामले की अगली सुनवाई 12 जनवरी को होगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गुणातिलक को खेल के सभी प्रारूपों से निलंबित कर दिया है। इस घटना से शर्मसार श्रीलंका सरकार ने एसएसली को इस मामले की तुरंत जांच कराने को कहा है। गुणातिलक नामीबिया के खिलाफ श्रीलंका के पहले दौर के मैच में खेले थे और खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए थे।

# आस्ट्रेलिया, कजाखस्तान ने बिली जीन किंग कप में जीत के साथ आगाज किया

एपी। ग्लास्गो



**आस्ट्रेलिया और** कजाखस्तान ने महिला टेनिस के सबसे बड़े टूर्नामेंट बिली जीन किंग कप के पहले दिन अपने अपने मुकाबले जीते। आस्ट्रेलिया 48 साल में पहली बार खिताब जीतने के प्रयास में है। उसने ग्रुप बी में स्लोवाकिया को 2 .। से हराया। स्टोर्म सैंडर्स और एला टोमजानोविच ने अपने अपने एकल मुकाबले जीते।

कजाखस्तान ने ग्रुप सी में इसी अंतर से ब्रिटेन को हराया। यूलिया पुतिनत्सेवा और विम्बलडन चैम्पियन एलेना राइबाकिना ने अपने अपने एकल मैच जीते। पहले फेड कप कहे जाने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया ने 1964 से 1974 के बीच सात खिताब जीते हैं। सैंडर्स ने विक्टोरिया कुजमोवा को 6 . 4, 6 . 3 से हराया जबकि एला ने अन्ना कैरोलिना एस को 6 .।, 6 . 2 से मात दी। कुजमोवा और टेरेजा मिहालिकोवा ने युगल में सैंडर्स और एलेन पेरेज को हराया। दूसरे मैच में पुतिनत्सेवा ने कैटी बूल्टेर को 4 . 6, 6 . 3, 6 . 2 से शिकस्त दी जबकि राइबाकिना ने हैरियट डार्ट को 6 .।, 6 . 4 से हराया। युगल में राइबाकिना और अन्ना डानिलिना को ओलिविया निशोल्स और एलिशिया बर्नेट ने 7 . 5, 6 . 3 से हराया। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग ले रही हैं जिन्हें तीन तीन के चार समूहों में बांटा गया है। हर मुकाबले में दो एकल और एक युगल मैच होगा। ग्रुप विजेता सेमीफाइनल खेलेंगे।

# सविता एफआईएच नेशन्स कप में भारत की अगुवाई करेगी, नवजोत की टीम में वापसी

भाषा। नई दिल्ली

**हॉकी इंडिया** ने स्पेन के वालेंसिया में 11 से 17 दिसंबर तक खेले जाने वाले महिला एफआईएच नेशन्स कप हॉकी टूर्नामेंट के लिए गोलकीपर सविता पूनिया की अगुवाई में बुधवार को 20 सदस्ईय टीम की घोषणा की। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद बाहर होने वाली मिडफील्डर नवजोत की टीम में वापसी हुई है जबकि रक्षापंक्ति की खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का टीम की उप-कप्तान होंगी। एफआईएच महिला नेशन्स कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक अहम टूर्नामेंट है क्योंकि इसके चैंपियन को एफआईएच महिला प्रो लीग 2023-2024 सत्र का टिकट मिलेगा।

टूर्नामेंट में भारतीय टीम पूल बी में चिली, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ है, जबकि पूल ए में आयरलैंड, इटली, कोरिया और स्पेन की टीमें शामिल हैं। भारत टूर्नामेंट के पहले दिन चिली के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी ब्यूटी डुंगडुंग टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने के लिए तैयार हैं, जबकि अनुभवी नवजोत कौर की टीम में वापसी हुई है। नवजोत कोरोना से संक्रमित होने के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की टीम से बाहर हो गई थी। टीम में रिजर्व गोलकीपर बिचू देवी खरीबाम भी शामिल हैं, जबकि ड्रैग-फ्लिकर गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता और इशिका चौधरी एक्का के साथ रक्षापंक्ति को मजबूत बनाएंगी। मिडफील्ड में निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू खरीबाम, मोनिका, नेहा, सोनिका, ज्योति और नवजोत कौर होंगी, जबकि अग्रिम पंक्ति की जिम्मेदारी वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, संगीता कुमारी और डुंगडुंग के पास होगी। इस साल अगस्त में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम ने 2021-22 एफआईएच प्रो लीग में पहली बार भाग लेते हुए अर्जेंटीना और नीदरलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर रही थी। भारतीय टीम की मुख्य को यानेक शॉपमैन ने हॉकी इंडिया से जारी बयान में कहा, मैं इस दल के सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। हमारे खेल का स्तर ऊंचा हो रहा है और यह समूह बहुत प्रतिस्पर्धी है। 20 खिलाड़ियों को चुनना मुश्किल था लेकिन मेरा मानना है कि इस टीम के पास खुद को साबित करने का अच्छा मौका है।

### टीम

**गोलकीपरः** सविता (कप्तान), बिचू देवी खरीबाम।

**रक्षापंक्ति :** दीप ग्रेस एक्का (उप-कप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी।

**मिडफील्डरः** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनिका, नेहा, सोनिका, ज्योति, नवजोत कौर।

**अग्रिम पंक्ति :** वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग।